www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान






आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 26 सितंबर 2025 | 11 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 269, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:12 सूर्यास्त 6:13

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.5 न्यू | 25अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 27 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,159.68 |
| निफ्टी | 24,890.85 |

सोना 1,13,349 चांदी 1,37,040

# बिजली बोर्ड में 11.84 करोड़ रुपए के घोटाले का पर्दाफाश

## विजिलेंस का एक्शन: 3 पूर्व इंजीनियरों, बद्दी की फर्म के 2 निदेशकों पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बिजली विभाग से जुड़ा एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जांच के बाद हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के तीन पूर्व इंजीनियरों और बद्दी की एक निजी फर्म के दो निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि मिलीभगत से बिजली बिल की वसूली टालकर बोर्ड को लगभग 11.84 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया। यह मामला प्रदेश के लिए न केवल वित्तीय झटका है, बल्कि संस्थागत जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

जानकारी के अनुसार, यह घोटाला तब उजागर हुआ, जब एचपीएसईबी के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने विजिलेंस को शिकायत भेजी। इस शिकायत पर दर्ज एफआईआर में तत्कालीन मुख्य अभियंता संचालन राजेश कुमार ठाकुर, अधीक्षण अभियंता संचालन अनूप धीमान और मुख्य अभियंता वाणिज्यिक वाईआर शर्मा का नाम शामिल हैं। इसके अलावा बद्दी स्थित मैसर्स गिलवर्ट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अभिनव मौदगिल और उमेश मौदगिल भी इसमें आरोपी बनाए गए हैं।




### कुछ अन्य अधिकारी भी रडार में

**विजिलेंस** अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और आगे की कार्रवाई में अन्य एचपीएसईबी कर्मचारी भी घेरे में आ सकते हैं। प्राथमिकी दर्ज करने से पहले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य स्वीकृति प्राप्त की गई थी।

### यह है पूरा मामला

**एचपीएसईबीएल** के अध्यक्ष संजय गुप्ता की एक शिकायत मार्च, 2025 में विजिलेंस मुख्यालय में प्राप्त हुई थी और जांच शुरू करने के लिए मामले को मंजूरी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव (विजिलेंस) को भेजा गया था। मंजूरी मिलने के बाद जांच शुरू हुई। शिकायत में मुख्य आरोप थे कि मैसर्स गिलवर्ट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड बरोटीवाला नामक फर्म को बिजली का पुनः कनेक्शन दिया गया, जिसे एचपीईआरसी आपूर्ति कोड, 2009 की धारा 7.2.1 का उल्लंघन करते हुए बकाया राशि का भुगतान किए बिना सीएमडी की ओर से अनुमोदित किया गया। मंजूरी की पूरी प्रक्रिया एक ही दिन में दो बार यानी 6 अक्तूबर 2012 को जल्दबाजी में की गई, मामले में एफएंडए विंग की कोई अनिवार्य मंजूरी नहीं ली गई। मैसर्स गिलवर्ट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को विशेष अनुचित लाभ दिया गया। इससे एचपीएसईबीएल को 11.84 करोड़ रुपए का नुकसान और मेसर्स गिलवर्ट इस्पात लिमिटेड को अनुचित लाभ हुआ।

# हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 21वें से पांचवें स्थान पर पहुंचा: मुख्यमंत्री

## लंदन में सीएम से मिला भारतीय ओवरसीज कांग्रेस का दल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय ओवरसीज कांग्रेस यूके के अध्यक्ष कमल धालीवाल, उपाध्यक्ष गुरमिंद्र रंधावा और उनकी टीम ने बुधवार शाम लंदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुधारात्मक प्रयासों के चलते हिमाचल प्रदेश गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 21वें स्थान से अब देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

**सीएम ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश की जनता झेल रही है और इनसे निपटने के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि सतत विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।



लंदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करते भारतीय ओवरसीज कांग्रेस यूके के अध्यक्ष कमल धालीवाल।

### आईओसी प्रतिनिधिमंडल ने की प्रदेश सरकार की सराहना

**आईओसी** यूके के अध्यक्ष कमल धालीवाल ने कहा कि हिमाचल सरकार की दूरदर्शी नीतियां और सतत विकास की सोच अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर विधायक एवं मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर, आईओसी यूके के महासचिव विक्रम दुहान, संदीप सोनी, मुहम्मद खल्लीलउल्लाह, यश सोलंकी, रुपेंद्र गिल और पम्मी चीमा भी उपस्थित रहे।

## चतुर्थ मां कूष्माण्डा



**चौथे** नवरात्र पर मां कूष्माण्डा की पूजा की जाती है। देवी कूष्माण्डा आदिशक्ति का वह स्वरूप है, जिनकी मंद मुस्कान से इस सृष्टि ने सांस लेना आरंभ किया यानी इस सृष्टि का आरंभ किया। देवी कूष्माण्डा का निवास स्थान सूर्यमंडल के बीच में माना जाता है। जो मां कूष्माण्या का ध्यान करते हुए पूजन करते हैं, उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। माता अपने भक्त की हर चाहत को पूरी करती है और भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं।

**या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै-नमस्तस्यै-नमस्तस्यै नमो नमः ॥**

# केंद्र ने हिमाचल की पंचायतों को जारी किया 68 करोड़ का अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्र सरकार ने पंचायतीराज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग की असंबद्ध अनुदान राशि की पहली किस्त राज्यों को जारी कर दी है। इसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश की सभी 12 जिला पंचायतों, 80 ब्लॉक पंचायतों और 3,576 ग्राम पंचायतों को 67.955 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह राशि ग्रामीण विकास की योजनाओं को गति देने के लिए सीधे स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराई जाएगी।



अनुदान का उपयोग स्थानीय पंचायतें वेतन और स्थापना व्यय को छोड़कर संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में शामिल 29 विषयों के तहत वास्तविक जरूरतों पर कर सकेंगी। इसके अतिरिक्त बंधे हुए अनुदानों का प्रयोग स्वच्छता, ओडीएफ स्थिति बनाए रखने, घरेलू कचरा प्रबंधन, मल-कीचड़ निस्तारण और पेयजल आपूर्ति जैसे बुनियादी सेवाओं पर किया जाएगा।

### यूपी-बिहार को भी किस्त जारी

**हिमाचल** के साथ-साथ बिहार और उत्तर प्रदेश को भी किस्त जारी की गई है। बिहार को राज्य की 38 जिला पंचायतों, 530 ब्लॉक पंचायतों और 8,046 ग्राम पंचायतों के लिए 801.009 करोड़ मिले हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की 73 जिला पंचायतों, 813 ब्लॉक पंचायतों और 57,633 ग्राम पंचायतों को 1,548.3836 करोड़ आवंटित किए गए हैं। पंचायतीराज मंत्रालय का कहना है कि राज्यों को मिलने वाला यह अनुदान दो किस्तों में जारी किया जाता है। अब पहली किस्त राज्यों को मिल चुकी है और दूसरी किस्त वित्तीय वर्ष के अंत तक दी जाएगी।

## विमल नेगी मौत मामले में 11 नवंबर तक टली सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व अतिरिक्त महाप्रबंधक देस राज की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। यह मामला मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत से जुड़ा है। कोर्ट की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक देस राज को जमानत सुरक्षा जारी रहेगी। अब यह सुनवाई 11 नवंबर को होगी। देस राज ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। मृतक विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी के आरोपों के आधार पर हिमाचल पुलिस ने इस वर्ष मार्च में देस राज और पूर्व मुख्य अभियंता हरिकेश मीणा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन पर प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। मामला वर्तमान में सीबीआई जांच के अधीन है, लेकिन पांच माह बीतने के बावजूद किसी आरोपी की सीधी हिरासत नहीं मांगी गई है, जिससे जांच की प्रगति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# गुटों में बंटी कांग्रेस को कौन करेगा इकट्ठा?

## विकास को लेकर हुई बैठक में क्यों नहीं बुलाए बूथ स्तर के कार्यकर्ता

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** क्या हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर टिकट की लड़ाई अभी से शुरू हो गई है? सवाल भले ही अटपटा हो, लेकिन चर्चा में यही है, क्योंकि बुधवार को ब्लॉक द्वारा 'विकास चर्चा' को लेकर बुलाई बैठक में कार्यकर्ता जिस तरीके से गुत्थम-गुत्था हुए, वह स्थिति मामूली नहीं आंकी जानी चाहिए।

यक्ष सवाल यही है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को बुलाने से परहेज उसके नेता आखिर क्यों कर रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर, गांव स्तर पर जहां पार्टी का सही मायने में वर्कर बैठा हुआ है, क्या उसके साथ चर्चा करने से ही कांग्रेस मजबूत नहीं होगी? उसे कमजोरी और खूबियां बताने का हक नहीं है? कांग्रेस सरकार को पौने तीन साल बीत चुके हैं और अब भी यदि संपूर्ण कांग्रेस के कुनबे को बुलाकर उसके साथ बातचीत नहीं करोगे, चुनिंदा लोगों को बुलाएंगे, तो फिर बुलाने वाले भी खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहेंगे और नेतृत्व तो शुरू से ही भुगत रहा है।

समस्या यही है कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का कुनबा ग्रुपों में बंटा हुआ है। अब सवाल यह है कि गुटों में बंटे नेताओं को इकट्ठा कौन करेगा? अपनों को मारो और बाकी समय पर देख लेंगे, यदि यही नीति अख्तियार की गई, तो फिर इस विधानसभा क्षेत्र में जो हो रहा है, उसमें सुधार की गुंजाइश नहीं है। इससे विरोधी पार्टी को अलग हालात में भी निश्चित रूप में फायदा हो रहा है। कांग्रेस के यहां के नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह जिला मुख्यालय की सीट है और यह जिला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है, इसलिए इसका भी तो अलग महत्व है।

### बैठक में जमीनी स्तर के नेताओं को भी नहीं बुलाया

**विकास** चर्चा की बैठक में जो चेहरे दिखे, वे वही थे, जो अक्सर देखे जाते हैं। कई कार्यकर्ताओं ने तो साफ-साफ कहा कि जमीनी स्तर के नेताओं को तो बुलाया ही नहीं गया था। शहर और इसके आसपास के चुनिंदा लोग ही पहुंच पाए थे। यह बात अलग है कि बैठक की स्थिति जब बिगड़ी, तो उसके बाद इसका एहसास भी शायद बैठक भीतर बैठे प्रमुख नेताओं को जरूर हुआ है। तभी तो उन्होंने बैठक में इसका जिक्र भी किया कि हमें मिलजुल कर चलना चाहिए और तभी कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों के लिए सही पायदान तैयार कर पाएगी।

## ले. कर्नल श्रीकांत पुरोहित का प्रमोशन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 2008 मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित को कर्नल के पद पर प्रमोशन मिल गया है। यह प्रमोशन उन्हें 17 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला। 31 जुलाई, 2025 को मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने कर्नल पुरोहित समेत मामले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हो गई थी तो वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

## वांगचुक के एनजीओ का लाइसेंस रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के एनजीओ की विदेशी फंडिंग का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उधर, सीबीआई ने वांगचुक की एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ विदेशी फंडिंग मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं, वांगचुक ने लेह में हिंसा भड़काने के आरोपों को खारिज किया है। वांगचुक ने कहा कि मुझे बलि का बकरा बनाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा राष्ट्रीय नहीं वैश्विक: अनुराग ठाकुर पेज 2
- हिमाचल में अब हर माह होगी परिधि और विश्राम गृहों की जांच -पेज 3
- जीएसटी में बड़े बदलाव, रोजमर्रा की चीजों पर राहत: डॉ. भारद्वाज -पेज 7
- रेप मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष ने लिया कड़ा संज्ञान -पेज 10
- सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार सृजन पर दे रही बल: शांडिल -पेज 12


# प्रदेश के 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई सिलेबस को मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए 100 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध करने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सुक्खू की घोषणा के अनुरूप यह प्रक्रिया पहले चरण में पूरी की जाएगी। चयनित स्कूलों में शिमला के 14, कांगड़ा के 19, मंडी के 10, सिरमौर के 7, सोलन के 9, ऊना के 7, बिलासपुर और चंबा के 6-6, हमीरपुर के 11, किन्नौर के 4, कुल्लू के 5 और लाहौल-स्पीति के 2 स्कूल शामिल किए गए हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, यदि सूचीबद्ध कोई विद्यालय सीबीएसई मानकों पर खरा नहीं उतरता तो उसकी जगह मानकों को पूरा करने वाले अन्य स्कूलों को चयनित किया जाएगा। खास बात यह भी है कि जहां एक ही स्थान पर लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग स्कूल संचालित हैं और सह-शिक्षा का प्रस्ताव लंबित है, वहां ऐसे स्कूलों को संयुक्त रूप से एक ही इकाई माना जाएगा।

### सरकारी स्कूलों में अटेंडेंस को लेकर सख्त आदेश

**शिमला।** प्रदेश के शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने को लेकर सख्त आदेश जारी किए हैं। अब समर स्कूलों में सभी स्टाफ की अटेंडेंस सुबह 9:30 बजे से पहले और विंटर क्लोजिंग स्कूलों में सुबह 10:30 बजे से पहले दर्ज करनी अनिवार्य होगी। यह व्यवस्था विद्यालयों में अनुशासन और सुचारु कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है।

# मिग-21 की जगह लेगा स्वदेशी तेजस

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को मिला 97 मार्क-1ए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर

**एजेंसी, हैदराबाद**

केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने वीरवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। केंद्र ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की है। एचएएल को तेजस फाइटर जेट के लिए दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की डील के तहत एचएएल को 83 मार्क-1ए का ऑर्डर दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को रिप्लेस करेगा। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)



**केंद्र सरकार ने एचएएल से साइन की है 62 हजार करोड़ रुपए की डील**

### मार्क-1ए?

**मार्क-1ए** सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। एचएएल ने तेजस के पुराने वर्जन को डेवलप किया है।

# भारत में पहली बार ट्रेन से हुआ अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है। भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। अग्नि-प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है, जो एडवांस्ड फीचर से लैस है।

**रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश**

यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग प्वाइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। रेल बेस्ड मोबाइल लॉन्चर मिसाइल को रात के अंधेरे और धुंध भरे इलाके से भी कम समय में लॉन्च कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# सभी पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद ही होगी ईवीएम के आखिरी राउंड की काउंटिंग

## चुनाव आयोग ने नियमों में किया बदलाव, बिहार चुनाव से शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलेट की गिनती में अगर देरी होती है तो ईवीएम काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलेट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी। दरअसल, काउंटिंग के दिन बैलेट की गिनती सुबह 8 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम काउंटिंग 8:30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलेट में समय लगता था। अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलेट की गिनती बाकी होने पर ईवीएम के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलेट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने वीरवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

मान लीजिए किसी बूथ पर ईवीएम मशीनों में 10 हजार वोट डाले गए हैं। इन्हें 5 राउंड में पूरा गिना जा सकता है, लेकिन बैलट वोट 1 हजार हैं और उनकी काउंटिंग में समय लग रहा है, तो ईवीएम काउंटिंग को चौथे राउंड पर रोक दिया जाएगा, जब तक कि बैलेट के वोटों की गिनती पूरी न हो जाए। वहीं, वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने अपने पोर्टल और ऐप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

### काउंटिंग प्रोसेस में आएगी पारदर्शिता

**चुनाव** आयोग ने कहा कि यह कदम काउंटिंग प्रोसेस में समानता और ज्यादा पारदर्शिता लाएगा। खासतौर से उन सेंटर्स पर जहां पोस्टल की गिनती की जाती है। इस बदलाव से यह तय होगा कि सभी वोटों की गिनती सही तरीके से और बिना किसी पक्षपात के पूरी हो सके।

**योजना** सूबे में शुरू होगी एंटी-चिट्टा वालंटियर स्कीम, एक हजार स्वयंसेवी होंगे तैनात

# हिमाचल प्रदेश में स्वयंसेवी लगाएंगे नशे पर लगाम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिट्टा व नशे की रोकथाम के लिए सरकार जल्द एंटी-चिट्टा वालंटियर योजना (एसीवीएस) आरंभ करने जा रही है। इस योजना के तहत एक हजार वालंटियर तैनात किए जाएंगे, जो पुलिस, जनता और अन्य हित धारकों के मध्य एक मजबूत सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

ये वालंटियर समाज व युवाओं को चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। संदिग्ध गतिविधियों, हॉट-स्पॉट और अपराधियों की गुप्त रूप से जानकारी पुलिस को देंगे। वालंटियर स्कूलों, कॉलेजों व समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इसके अलावा, यह रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, सोशल मीडिया और जागरूकता अभियानों में सहयोग करेंगे तथा प्रभावित व्यक्तियों को परामर्श एवं पुनर्वास केंद्रों से जोड़ेंगे। योजना के तहत पंजीकृत स्वयंसेवियों को सेवाओं के लिए मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

### पहचान को सार्वजनिक नहीं करेगी पुलिस

**स्वयंसेवियों** की सुरक्षा के दृष्टिगत इन्हें फील्ड आइडेंटिफिकेशन में शामिल नहीं किया जाएगा। यानी पुलिस इनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखेगी। संवेदनशील मामलों में इन्हें सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी। इन स्वयंसेवियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की मूल जानकारी, पुलिस प्रक्रियाएं और सामुदायिक सहभागिता के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा मंडी जिले के सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान इसकी घोषणा की थी। इसके बाद, पुलिस ने एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा है। उन्होंने बताया कि सीएम के विदेश से लौटते ही इस योजना की शुरुआत की जाएगी।

### योजना से मजबूत होगा खुफिया तंत्र

**सरकार** का दावा है कि इस नई योजना से जमीनी स्तर पर खुफिया तंत्र सुदृढ़ होगा। युवाओं और समाज में जागरूकता आएगी। प्रभावित लोगों को बेहतर पुनर्वास सेवा प्रदान करने और पुलिस-जनता के मध्य सहभागिता को मजबूत होगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त हिमाचल के ध्येय को साकार करना है।

### ठोस कदमों से नशामुक्त बनेगा हिमाचल प्रदेश

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के पदभार ग्रहण करते ही सरकार ने नशे के विरुद्ध एक निर्णायक जंग छेड़ी है। अब तक 42 करोड़ रुपए से अधिक की नशा माफिया की संपत्ति जब्त की गई है और पुलिस भर्ती में चिट्टे की जांच अनिवार्य की गई है। सीएम सुक्खू ने कहा कि यह योजना केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस और स्थायी पहल है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में मनाया स्वच्छता उत्सव

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में पोषण माह के दौरान स्वच्छता उत्सव मनाया गया। स्वच्छता उत्सव 2 अक्टूबरत चलेगा। इस अवधि के दौरान 25 सितंबर को श्रमदान के महत्व को उजागर करने के लिए एक दिन एक घंटा एक साथ नाम से अभियान चलाया गया। इसमें आंगनबाड़ी परिसर व सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की गई। पोषण माह के अंतर्गत अभिभावकों व बच्चों के साथ पोषण वाक किया गया। इसमें प्रकृति से मिलने वाले फलों, सब्जियों और औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। स्वस्थ दिनचर्या पर जिसमें स्वस्थ भोजन, समय पर सोने, समय पर जागने, मोबाइल के कम प्रयोग करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अंत में स्वच्छता उत्सव के दौरान रैली भी निकाली गई।

### शिवा स्पोर्ट्स एंड डिफेंस अकादमी की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** किक बॉक्सिंग चैंपियन व सेना से सेवानिवृत्त सुनेश ठाकुर ने सुजानपुर में शिवा स्पोर्ट्स एंड डिफेंस अकादमी की शुरुआत की। इस अकादमी में युवा वर्ग को बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, डिफेंस और फिजिकल ट्रेनिंग की विशेष कोचिंग दी जाएगी। सुनेश का यह कदम न केवल युवाओं को फिटनेस और खेलों की ओर प्रेरित करेगा, बल्कि सुजानपुर विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सुनेश की इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं को खेल व अनुशासन की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### झनिक्कर गांव में 55 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी।** ग्राम पंचायत बारी के झनिक्कर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. शिवानी चौहान स्टाफ नर्स पूजा ठाकुर, परवीन कुमारी, रजनीश चौहान ने लोगों के सभी प्रकार के टेस्ट किए एवं दवाइयों का वितरण किया। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में 33 महिलाओं व 22 पुरुषों की जांच की गई। लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### दिव्यांग युवक की मदद कर निभाया वादा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जीवन राम ने कहा कि सपने वो नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। उन्होंने कहा कि कार्य ऐसा होना चाहिए, जिससे व्यक्ति की अपनी एक पहचान बने। यह विचार उन्होंने संधोल में आयोजित एक दिव्यांग सहायता कार्यक्रम में व्यक्त किए, जहां संगठन ने एक दिव्यांग युवक हर्ष के लिए किए गए वादे को पूर्ण कर एक मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मौजूद सुजानपुर मीडिया प्रभारी अनिल धीमान और राज कुमार ठाकुर ने बताया कि उन्होंने पूर्व में डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा के साथ मिलकर हर्ष के पुनर्वास और सहायता के लिए एक मुहिम चलाई थी। उसी कड़ी में, संगठन के सदस्यों ने डॉक्टर डोगरा के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हर्ष को अपने निजी वाहन के माध्यम से संधोल पहुंचाकर उसका पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करवाया। इस कार्य को पूरा कर संगठन ने यह सिद्ध कर दिया कि वह जो वादा करता है, उसे निभाता भी है। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन केवल घोषणाएं नहीं करता, बल्कि सेवा कार्यों को धरातल पर उतारकर उन्हें साकार करता है। कार्यक्रम के अंत में जीवन राम ने कहा कि प्रकृति से बड़ा कोई काम नहीं, प्रकृति से बड़ा कोई नाम नहीं, और प्रकृति से बड़ी कोई सरकार नहीं।

### डीएवी भड़ोली में डिस्प्ले बोर्ड साज-सज्जा प्रतियोगिता

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में डिस्प्ले बोर्ड साज-सज्जा प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में यह प्रतियोगिता कक्षा एलकेजी से लेकर दसवीं कक्षा के बच्चों के लिए रखी गई। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए डिस्प्ले बोर्ड पर टाइम टेबल, स्टार ऑफ द मंथ और बर्थडे चार्ट को आधार बनाया गया। अध्यापकों ने कक्षाओं को आकर्षक व रचनात्मक तरीके से सजाया, जिससे विद्यालय का वातावरण और भी मनमोहक बन गया। परिणाम दो समूहों में घोषित किए गए। जूनियर वर्ग (एलकेजी से द्वितीय कक्षा) में नर्सरी लिली, यूकेजी लिली, एलकेजी रोज, फर्स्ट लिली, सेकेंड लिली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में छठी रेड, सातवीं रेड, आठवीं ग्रीन, नवमीं ग्रीन, दसवीं ब्लू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने विजेता कक्षाओं के अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अध्यापकों को बधाई दी।

### आज बेला, बड़ा जलाड़ी में बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजली उपमंडल नादौन के 132 केवी/33/11 केवी सब स्टेशन गगाल के अंतर्गत 11 केवी बड़ा फीडर की बिजली लाइनों की मरम्मत व उचित रखरखाव 26 सितंबर को सुबह 9 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। इसके चलते अमतर बेला, रेस्ट हाउस नादौन, जलाड़ी, टिल्लू, सूहं, जंगलू, कुठेड़ा और इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए एसडीओ अक्षय कुमार ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### श्रमदान कर चमकाया गर्ल्स स्कूल का कैंपस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के अधिकारियों ने वीरवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के परिसर में श्रमदान करते हुए सफाई व सौंदर्यीकरण अभियान चलाया। सर्कल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद की अगुवाई में चलाए गए इस अभियान के दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल और बैंक के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्कूल परिसर में झाड़ियों और घास को हटाकर सफाई की। उन्होंने बरसात में खराब हुई दीवारों को रंग-रोगन किया तथा पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर योगाभ्यास सत्र भी आयोजित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने इस अभियान के लिए पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### सड़कें गांव का दिल, बिना सड़क के गांव शून्य

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** वीरवार को विधायक कै. रणजीत सिंह ने सुजानपुर विधानसभा के गांव छतरपूर में पहुंचकर बनने जा रही सड़क का भूमिपूजन कर कार्य को शुरू करवाया। विधायक का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गांव वासियों ने भव्य स्वागत किया। विधायक को शॉल टोपी व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विधायक ने गांववासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क गांव का दिल होती है और सड़क के बिना गांव शून्य है। विधायक ने कहा कि मेरा व सरकार का सिर्फ एक मात्र उद्देश्य है कि हर गांव सड़क के साथ जुड़े और सभी सड़क की सुविधा उठा सकें। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फ्री बिजली के लिए लगाएं सोलर पैनल

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** बिजली उपमंडल गलोड़ के अधीन आने वाले सभी उपभोक्ताओं को भारत सरकार की सोलर रूफ टॉप योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के लिए सहायक अभियंता शिवम डोगरा ने अपील जारी की है। शिवम ने कहा है कि जो भी उपभोगता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं, वह ऑनलाइन pmsuryaghar.gov.in पर भी अप्लाई कर सकते हैं। इस योजना से उपभोगताओं को न केवल मुफ्त बिजली मिलेगी, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन पर बिजली बोर्ड उस बिजली की खरीद करेगा और उस उपभोगता को उसके बदले पैसे मिलेंगे। सोलर पैनल लगाने पर उपभोगता को 85800 की सब्सिडी भी दी जाएगी। शिवम डोगरा ने सभी लोगों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### पट्टा स्कूल में एनसीसी यूनिट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पट्टा में एनसीसी यूनिट का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारियों ने विद्यालय में विद्यार्थियों का नामांकन किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य तेज सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी के गठन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता तथा बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व व आत्मविश्वास का निरंतर विकास होगा। बच्चों में शारीरिक दक्षता बढ़ेगी। एनसीसी के गठन से अभिभावकों में भी उत्साह है। समस्त विद्यालय प्रबंधन ने खुशी प्रकट करते हुए एनसीसी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** खंड विकास कार्यालय सुजानपुर में समीक्षा बैठक का आयोजन खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जसवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में पंचायत सचिवों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों ने भाग लिया। खंड विकास अधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा जो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है उसके दौरान स्वच्छता संबंधी की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, सार्वजनिक स्थानों, पेयजल स्रोतों की साफ सफाई एवं प्लास्टिक कचरा संग्रहण की गतिविधियों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के आदेश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छता सफाई किए जा रहे कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के आदेश दिए।

# एनसीसी कंपनी बनी बटालियन

## कैडेट की संख्या 3520 तक हुई, 55 स्कूल और कॉलेजों के छात्रों को होगा लाभ

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर भारतीय सशस्त्र बलों की भारतीय सैन्य कैडेट कोर शाखा है।

यह स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करती है। स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र भारतीय सैन्य कैडट कोर से अपना बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। एनसीसी के आधार पर छात्र थल सेना, नौसेना और वायु सेना में शामिल होते हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को आज्ञाकारी और देशभक्त नागरिक बनाना है। यही नहीं प्रशिक्षण के दौरान छात्रों का सी कैटेगरी का प्रमाण पत्र सेना या अर्धसैनिक बलों में भर्ती होने पर 10 से 15 अंक तक बोनस में दिए जाते हैं। बता दें कि फोर एचपी कंपनी एनसीसी हमीरपुर अपग्रेड होकर बटालियन बना दी गई है। बटालियन बनने से स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए गर्व का विषय है। बटालियन बनने से और अधिक छात्रों को एनसीसी में जुड़ने का मौका मिलेगा। बटालियन में अतिरिक्त 1500 एनसीसी कैडेट अलॉट किए गए हैं। ऐसे में बटालियन में कैडेट्स की संख्या 2000 से बढ़ाकर 3520 हो गई है, जिसे फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर ने तीन हफ्ते के अंदर ही फिल्प कर लिया है। यह जानकारी फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर के नए कमाडिंग ऑफिसर जीपी सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर में 18 स्कूल और कॉलेज नए एडऑन किए गए हैं। इन स्कूल-कॉलेजों की फिजिकल एनरोलमेंट की प्रक्रिया पूरी हो गई है और ऑनलाइन एनरोलमेंट का प्रोसेस जारी है। जल्द ही कैडेट्स के खातों में पैसा आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर में चार जिलों के 55 स्कूल-कॉलेज के 3520 कैडेट्स एनसीसी में भर्ती किए गए हैं।



फोर एचपी कंपनी के अपग्रेड होने पर एनसीसी अधिकारी पुष्पगुच्छ देते हुए।

उनके अधीन हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और कांगड़ा जिला के कुछेक स्कूल कॉलेज फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर में जोड़े गए हैं। इससे पहले कंपनी में 42 स्कूल और कॉलेज शामिल थे जो बढ़कर 55 हो गए हैं। कमांडिंग ऑफिसर जीपी सिंह ने बताया कि स्कूल में आठवीं और नौवीं कक्षा के कैडेट्स छात्रों को एनसीसी में दो साल के बाद ए ग्रेड और कॉलेज में फर्स्ट व सेकेंड ईयर के कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट और थर्ड ईयर में सी सर्टिफिकेट दिया जाता है। इन सर्टिफिकेट के इंडियन आर्मी में भर्ती में अतिरिक्त नंबर दिए जाते हैं और भी कई भर्तियों में सर्टिफिकेट के ग्रेड के हिसाब से कैडेट्स को नंबर दिए जाते हैं। एनसीसी कैडेट्स को मॉकड्रिल, फायरिंग, ट्रैकिंग आदि की सुविधा कैंपों के जरिए दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आरडीसी में 19 कैडेट का चयन किया गया है। इसके के अलावा थल सेना कैंप में भी 14 कैडेट भाग ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाली परेड में हिमाचल के कैडेट भाग लेते हैं। बटालियन में एक ऑफिसर के अलावा 10 स्टाफ भी भर्ती किया गया है, ताकि स्कूल-कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण दिलाया जा सके।

## भौतिक सत्यापन के बाद मुख्यालय को भेजें श्रमिकों के क्लेम फार्म : नरदेव कंवर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भवन निर्माण व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने वीरवार को बोर्ड के मुख्यालय में विभिन्न जिलों के 12 उप- कार्यालयों में कार्यरत मोटिवेटर्स के साथ बैठक करके श्रमिकों के क्लेम के लंबित मामलों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि सभी कामगारों के क्लेम फार्मों का भौतिक सत्यापन तुरंत पूरा होना चाहिए। उन्होंने मोटिवेटर्स से कहा कि वे वर्ष 2021-22 के लंबित पड़े क्लेम फार्मों का प्राथमिकता के आधार पर भौतिक सत्यापन करके जिला श्रम अधिकारी के माध्यम से मुख्यालय को प्रेषित करें, ताकि 31 दिसंबर तक इन सभी का निपटारा किया जा सके और पात्र कामगारों को लाभान्वित किया जा सके। अध्यक्ष ने बोर्ड के मुख्यालय के अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सत्यापित क्लेम फॉर्म के मुख्यालय में पहुंचने के 15 दिन के भीतर ही लाभ जारी कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से सभी कामगारों की ई-केवाईसी का कार्य भी तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्यालय के सहायक नियंत्रक सुनील कुमार और अनुभाग अधिकारी विनय कुमार के अलावा उपकार्यालय पांवटा साहिब, नूरपुर, रोहड़ू जोन रामपुर, थुनाग, जोगिंदरनगर, सुंदरनगर, परवाणू, ठियोग, नालागढ़ जोन बद्दी, देहरा और पालमपुर के मोटिवेटर्स ने भी भाग लिया। बोर्ड के अध्यक्ष ने नवरात्र के उपलक्ष्य पर कार्यालय परिसर में कन्या पूजन भी किया तथा सभी कामगारों की सुख-समृद्धि की कामना की।

## ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा राष्ट्रीय नहीं, वैश्विक : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच द्वारा नवीन ऊर्जा समीकरण विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा राष्ट्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक है और ऊर्जा, अर्थव्यवस्था व पारिस्थितिकी के बीच तालमेल अति आवश्यक है।





अनुराग ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर भारत का रुख बहुत स्पष्ट है और हमने बार-बार विकसित और अमीर देशों से 2050 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह से कम करने का आग्रह किया है। अनुराग ने कहा मेरा मत है कि ऊर्जा तक पहुंच प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार होना चाहिए न कि कुछ लोगों के लिए एक विशेषाधिकार इस पर होना चाहिए। भारत ने हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षमता निर्माण व आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया है। आत्मनिर्भरता और लचीलापन भारत के सामने आने वाली किसी भी बाधा व कठिनाई का समाधान हैं। भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य को शक्ति प्रदान करने के लिए, हमने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। भारत 2024-25 से 2030-31 तक 1,200 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू करने वाला है, जिनका लक्ष्य 30 महत्वपूर्ण खनिजों की खोज करना है, जो आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, सौर ऊर्जा और अन्य के लिए आवश्यक हैं। अनुराग ने कहा जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन एक त्रासदी है, जिसका सामना सभी को सामूहिक रूप से करना पड़ता है, उसी प्रकार ऊर्जा सहयोग भी एक सफलता की कहानी हो सकती है, जिसे सभी साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि विचारों, विचारों और पहलों का यह मिलन, स्वच्छ, हरित और सतत ऊर्जा पर वैश्विक सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिन-प्रतिदिन नए क्षेत्र उभर रहे हैं, जो हमारी ऊर्जा मांग में अभूतपूर्व वृद्धि कर रहे हैं, अब हम एक डेटा-संचालित समाज में हैं जहां डेटा हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे जीवन के हर पहलू को शक्ति प्रदान कर रहा है, जिस डेटा से हमारी अर्थव्यवस्था को शक्ति मिलती है, उसे चलने के लिए बिजली की आवश्यकता होती है। भारत के डेटा केंद्र 2030 तक दूसरे सबसे बड़े बिजली उपभोक्ता बन जाएंगे। भारत अपने डेटा केंद्रों में बिजली की खपत के मामले में जापान और ऑस्ट्रेलिया से भी आगे निकल जाएगा। वर्तमान में, भारतीय डेटा केंद्र 13 टेरावाट-घंटे की खपत करते हैं, जो 2030 तक 57 टेरावाट-घंटे हो जाएगा। इसका अर्थ है कि हमारे डेटा केंद्र भारत के कुल बिजली उत्पादन का 2.6 प्रतिशत खपत करेंगे। भविष्य में हमारी ऊर्जा आवश्यकताएँ बहुत बढ़ जाएंगी। अनुराग ने कहा हमारा आर्थिक विकास जरूरी है, लेकिन हमें धरती व अपने पर्यावरण के बारे में भी सोचना होगा। ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच तालमेल होना चाहिए।

## आपदा पर बयानबाजी कांग्रेस नेताओं को शोभा नहीं देती : सोमी

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** भाजपा नेता सोमी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता टीआरपी बढ़ाने के लिए, जबकि भाजपा ग्राउंड जीरो पर कार्य करती है।

आपदा के समय जनता को राहत और सहयोग की आवश्यकता होती है, न की टिप्पणियों की। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर तथा बड़सर विधानसभा के आन-बान-शान विधायक हर दुख-दर्द में जनता के साथ खड़े रहते हैं। यही कारण है कि लोग उन्हें स्नेह और सम्मान से हार पहनाकर स्वागत करते हैं, भले ही वे स्वयं इसके लिए संकोच करते हों, जो कार्य सरकार और कांग्रेस नेताओं को करना चाहिए था आपदा प्रभावितों को फौरी राहत देना, उसमें वे पूरी तरह नाकाम रहे। सच तो यह है कि कांग्रेस के अनेक नेता संकट की घड़ी में जनता से दूरी बनाकर घरों में बैठे रहे। प्रदेश के राजस्व मंत्री कई दिनों बाद केवल अपनी टीआरपी के लिए आपदा-ग्रस्त सिराज विधानसभा पहुंचे, तो जनता ने उनका विरोध करते हुए काले झंडे दिखाए। प्रदेश की जनता व बड़सर की जनता सब जानती है कि किसका मान-सम्मान करना चाहिए और किसका नहीं। इसी कड़ी में विधायक बड़सर विधानसभा के हर सुख-दुख में जनता के साथ सदैव तत्पर रहते हैं।

उनका सहज और सहयोगी स्वभाव उन्हें लोगों के दिलों में विशेष स्थान दिलाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता बयानबाजी छोड़कर आपदा पीड़ितों के दर्द को साझा करने और उन्हें वास्तविक सहायता पहुंचाने के लिए सोचें। सोमी ने कहा पूर्व मत्री एवं सांसद अनुराग ठाकु की कार्यशाली को कौन नहीं जानता वह भी हमेशा जनता के बीच रहते हैं।

## सास की मौत के 1 घंटे भीतर बहू ने भी तोड़ा दम

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के जाहू गांव में सास की मौत के बाद सदमें में बहू की भी मौत हो गई। इसके बाद दोनों का एक ही चिता पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। ग्रीमीणों के अनुसार 85 वर्षीय दमोदरी की बुधवार शाम को 7 बजे मौत हो गई, जोकि कुछ दिनों से अस्वस्थ चली रही थी। सास की जैसे ही मौत हुई बहू रमेशां कुमारी पत्नी कश्मीर सिंह सास के शव से लिपटकर रोने लगी, इसी दौरान वह बेहाश हो गई, लोग व परिजनों के द्वारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि 1 घंटें के अंतराल में ही सास और बहू की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सास और बहू के बीच गहरा प्रेम था। सास की मौत का गहरा सदमा बहू रमेशां कुमारी सहन नहीं कर पाई, जिससे उसकी भी मौत हो गई और दोनों की एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई और वीरवार को श्मशानघाट पर एक ही चिता पर दोनों का संस्कार किया गया। यह घटना देखकर परिजन, रिश्तेदार और गांववासी बेहद गमगीन हो गए। रमेशां कुमारी के पति कश्मीर सिंह पहले ही बीमार चले हुए हैं पत्नी और मां की एक साथ मौत हो जाने पर उन पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। विधायक सुरेश कुमार के द्वारा रमेशां कुमारी और दमोदरी की एक साथ मौत होने पर गहरा दुख प्रकट किया।

## प्रदेश के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहे सांसद : नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

सांसद अनुराग ठाकुर तिरपाल को लेकर ओच्छी राजनीति न करें। पिछले तीन वर्षों से प्रदेश लगातार प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है, लेकिन अनुराग ठाकुर प्रदेश के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहे हैं।

सांसद अनुराग स्पष्ट करें कि तीन बार आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उन्होंने अपनी सांसद निधि से प्रदेश को क्या दिया। संयुक्त बयान में नशा निवारण समिति के संयोजक नरेश ठाकुर, कृषि उपज समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ब कांग्रेस नेता राजेश आनंद ने कहा कि अनुराग अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि उनके घर के लिए जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग धीमी गति से हो रहे कार्य के चलते अपनी दुर्दशा पर आंसु बहा रहा है। हालत इस कदर बदतर हैं कि आवाहदेवी से टौणीदेवी तक के दुकानदारों का कारोबार पिछले चार सालों से बर्बाद होकर रह गया है, लेकिन सांसद महोदय को इससे कोई सरोकार नहीं है। क्योंकि वह यहां सिर्फ घूमने फिरने आते हैं। हमीरपुर में स्थित राष्ट्रीय परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने बाला कार्यालय बंद कर दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सांसद अनुराग आपदा प्रभावित लोगों की मदद करने के बजाय सैर सपाटा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने जहां हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा दिया। वहीं, अनुराग के पिता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समय से लंबित पड़े हमीरपुर बस स्टैंड के कार्य को भी शुरू करवाया। इसका कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है। अनुराग को इन विषयों पर भी चर्चा कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार भी प्रदेश को प्राकृतिक आपदा के चलते भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन स्थानीय सांसद लोगों की मदद करने के बजाए तिरपाल पर राजनीति करने में लगे हुए हैं।





आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर वन सी में पोषण माह के तहत चलाया स्वच्छता अभियान।

## पोषण माह के तहत वन सी में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर वन सी में वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत सरकार के प्रमुख पोषण अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 16 अक्तूबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है।

इसी अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी स्टाफ के साथ स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई की। इस अभियान में वीरवार को संपूर्ण समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही और लोगों ने भी अपना सहयोग दिया। आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर वनसी, वृत्त हमीरपुर-2 के सहयोग के लिए प्रत्येक सदस्य ने अपने उतरदायित्व का निर्वहन करते हुए योगदान दिया और स्पष्ट संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जीवन शैली है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन व व्यवहार में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सलोचना देवी, सहायिका वीना देवी के अलावा सदस्य सुनीता, सीमा, अनिता, मोनू, वनीता, रीता, मनोज कुमार आदि ने भाग लिया।

## 9.44 करोड़ से बनेगी तलाशी गांव के लिए सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनेड़ के तलाशी गांव में वर्षों पुरानी सड़क की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक द्वारा प्रस्तावित इस परियोजना को नाबार्ड के तहत 9.44 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है, जिसे प्रदेश सरकार की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है। एक माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने किडनी स्टोन ऑपरेशन के बाद कुशलक्षेम पूछने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और बताया कि अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## युवा सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एक समारोह में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम युवा सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहलों को स्थानीय नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला बताया। नाचन के विधायक विनोद कुमार ने कहा कि राजनीतिक व सामाजिक नेतृत्व से युवाओं का सीधा संपर्क उन्हें आत्मविश्वास और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है, जो युवाओं को सेवा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव के भाव से जोड़ता है। कार्यक्रम में छात्रों को स्वरोजगार और तकनीकी कौशल के माध्यम से आर्थिक मजबूती में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

## हिम अकादमी स्कूल में 35 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर की एनएसएस इकाई द्वारा वीरवार को एनएसएस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाष चिकित्सा दल सहित उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल ने स्वयं रक्तदान करके किया, जिसे देख शिक्षक और छात्रों ने भी भागीदारी की। डॉ. कमलेश कुमार, ब्लड बैंक इंचार्ज के मार्गदर्शन में कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल और डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस मानवीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम अधिकारियों मंजू ठाकुर और हरीश शर्मा को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी गई।

## विकास कार्यों का झूठा श्रेय ले रहे विधायक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बमसन मंडल भाजपा अध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा कि विधायक रणजीत सिंह भाजपा द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का झूठा श्रेय ले रहे हैं। विक्रम राणा ने कहा कि रणजीत सिंह विकास कार्यों का श्रेय लेने में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर-संधोल मार्ग के लिए पैसा पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्र से स्वीकृत करवाया। सुजानपुर के विकास कार्यों के लिए पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने धन स्वीकृत करवाया, लेकिन वर्तमान विधायक इसका श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवानी से बनालग वाया लोअर ऊटपुर सड़क की डीपीआर पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने तैयार करवाई थी, लेकिन मौजूदा विधायक केवल शिलान्यास कर फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

## आपदा में कौन कितना खरा उतरा, जनता सब देख रही

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई आपदा के समय केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने निजी प्रयासों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाकर मानवीय सेवा का बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री के सलाहकार सुनील बिट्टू पर निशाना साधते हुए सवाल किया है कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से किसी भी आपदा प्रभावित क्षेत्र में कितनी मदद पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की हालत पूरे प्रदेश और देश में सबके सामने है। जनता ने कल सरेआम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आपसी हाथापाई देखी, जिसका जवाब भी सुनील बिट्टू को देना चाहिए।

## कबड्डी चैंपियनशिप में हुए रोचक मुकाबले

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन कॉलेज में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी (पुरुष) चैंपियनशिप का दूसरा दिन उत्साह और जोश से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जीपी सिंह और विशेषातिथि के रूप में एनडीआरएफ टीम इंस्पेक्टर आदेश के नेतृत्व में उपस्थित रही। दूसरे दिन कबड्डी के रोमांचक मुकाबले लगातार चलते रहे। जीसी नूरपुर और जीसी चंबा के बीच हुए मुकाबले में चंबा विजयी रहा। जीसी तिसाऔर व जीसी संजौली के बीच संजौली ने जीत हासिल की।

**नियुक्ति** मनोज के सम्मान में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित

## एनसीईओ के संचालन में मनोज का उत्कृष्ट योगदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस हमीरपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से व हमीरपुर के पांचवीं बार के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के विशेष प्रयासों से लगभग 3.5 वर्ष पहले स्थापित हुआ है और हमीरपुर में इस विशेष पहल को सुचारू संचालन में प्रारंभ से ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त किए हैं।

उपनिदेशक मनोज अवाती का विशेष योगदान रहा है और उपनिदेशक मनोज के इस कार्यकाल में इनके सक्षम नेतृत्व व प्रबंधन क्षमता के चलते इसे केंद्र से प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से हमीरपुर सहित प्रदेश व देश के विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर हमीरपुर सहित प्रदेश का नाम रोशन कर इस पहल को सार्थक सिद्ध किया है।



वर्तमान में अब हमीरपुर में सेवाएं देने के उपरांत मनोज अवाती स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय, दिल्ली में सेवाएं देंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले उपनिदेशक मनोज अवाती व परिवार के सम्मान में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल व सामाजिक संघों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए व उनके योगदान को याद किया। इसी कड़ी में सामाजिक संस्था यस, हिमाचल के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे नरेंद्र अत्री ने मनोज अवाती व परिवार का शाल टोपी व स्मृति से सम्मानित कर अभिनंदन किया व हमीरपुर में इस संस्थान के सुचारु संचालन में मनोज अवाती के योगदान को याद किया व आगामी दायित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर जूडो कोच दिव्या कुमारी, हॉकी कोच अनीता, बैडमिंटन कोच प्रेम ठाकुर, प्रदेश फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष नरेश राणा, नेहा सूद, परशुराम अवार्डी पहलवान, रेसलिंग कोच जॉन चौधरी, हॉकी कोच पिंकी चैहान, कुश्ती कोच हरप्रीत, रिंकू शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## टौणी देवी सिविल अस्पताल का सेप्टिक टैंक लीक

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान टौणी देवी।** टौणी देवी सिविल अस्पताल का सेप्टिक टैंक करीब एक सप्ताह से लीक हो रहा है और गंदगी बाजार में पहुंच रही है। टौणी देवी-टपरे रोड पर करीब बीस दुकानदार इस गंदगी से परेशान हैं। क्षेत्र में दुर्गंध फैली हुई है। स्थानीय दुकानदारों में डिंपल, अभिनंदन, कश्मीर सिंह ने कहा कि इस बारे अस्पताल प्रशासन को भी सूचित किया गया, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। टौणी देवी अस्पताल चौक पर बैठी सवारियों संगीता, रमेश, कल्याण, तरसेम, अजय आदि ने कहा कि सेप्टिक टैंक की लीकेज की दुर्गंध से बीमारियां फैलने का खतरा है। अस्पताल जैसी सार्वजनिक जगह पर ऐसी लापरवाही भारी पड़ सकती है। मरीजों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने सेप्टिक टैंक की लीकेज को तुरंत ठीक करने की मांग की है। इस बारे बीएमओ टौणी देवी डॉक्टर रमेश रत्तू ने कहा कि समस्या उनके ध्यान में है। उन्होंने कहा कि सेप्टिक टैंक की लीकेज शीघ्र ही ठीक कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस मनाया



बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू में फार्मासिस्ट दिवस पर उपस्थित शिक्षक व छात्र।

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू में 25 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया, जिसमें डी-फार्मेसी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मनोज शुक्ला ने किया और प्रवक्ता उदय चौहान ने फार्मासिस्ट दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फ्रेशर्स वेल्कम समारोह आयोजित किया, जिसमें भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। कार्यकारी प्राचार्य शशि शर्मा ने फार्मेसी क्षेत्र में महर्षि चरक, सुश्रुत, लॉर्ड धनवंतरि, पीसी राय सहित अन्य वैज्ञानिकों के योगदान को याद किया और छात्रों को प्रेरित किया, जबकि किन्नौर के प्राचार्य पंकज पथिक ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर शुभकामनाएं दीं।

### नगर परिषद रामपुर ने लगाया श्रमदान शिविर

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर द्वारा शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के तहत स्वच्छता ही सेवा-2 कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को श्रम दान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वार्डों में परिषद की टीमों द्वारा सफाई करवाई गई। इस अभियान में सहायक अभियंता, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता सहायता समूह की महिलाएं, स्कूलों के छात्र-अध्यापक एवं आम जनता सहित करीब 500 लोगों ने भाग लिया। वार्डों में विद्यालय परिसर, पार्कों एवं मैदानों की सफाई करवाने के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के छात्रों तथा कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### धूमधाम से मनाया जाएगा तलाई छिंज मेला

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** उत्तरी भारत का प्रसिद्ध छिंज मेला तलाई आगामी 28 सितंबर को अपनी शताब्दी पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेला समिति के प्रधान दिनेश जागटा ने बताया कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और बड़ी माली जीतने वाले को 1.51 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पहली बार 'शिमला केसरी अवार्ड' रखा गया है, जिसमें शिमला जिले के 21 वर्ष तक के युवा पहलवान हिस्सा लेंगे और विजेता को 25 हजार रुपए मिलेंगे। मेले को खास बनाने के लिए एक लक्की ड्रॉ भी निकाला जाएगा, जिसका प्रथम पुरस्कार एक आल्टो-के10 कार है, जबकि द्वितीय पुरस्कार में स्कूटी और तृतीय पुरस्कार में वुड कटर दिया जाएगा। इसके कूपन समिति के सदस्यों और स्टॉलों पर उपलब्ध होंगे। मेले का शुभारंभ माता काली देशू की पारंपरिक पूजा से होगा और इसमें प्रदेश के प्रसिद्ध पहलवान एवं समाजसेवी नाहर सिंह चौधरी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

### प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा निदेशक से मिला

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** स्कूल प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष अजय नेगी के नेतृत्व में वीरवार को शिक्षा निदेशक व मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश कपरेट से मिला और इंक्रिमेंट बहाली, 6वीं से 12वीं तक पढ़ाने के आदेश की समीक्षा तथा रिक्त प्रधानाचार्य पदों पर पदोन्नति सूची जारी करने जैसी मांगों पर जोर दिया। शिक्षा निदेशक ने संघ की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

### सुन्नी बांध परियोजना ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना (382 मेगावाट) के अधिकारी, कर्मचारी व प्रशिक्षुओं ने 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' की थीम पर सफाई अभियान चलाया। परियोजना परिसर और मेला मैदान सुन्नी में 57 प्रतिभागियों ने श्रमदान कर कचरा एकत्र किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

### स्टूडियो-कम-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 26 सितंबर को कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह प्रातः 11:30 बजे राज्य ग्रामीण विकास संस्थान एवं पी.आर क्रेगनेनो (मशोबरा) में स्टूडियो-कम-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन करेंगे।

### पेंशनरों का जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक वीरवार को रोटरी क्लब, माल रोड में संयोजक मदन शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अतिरिक्त महासचिव भूप राम वर्मा, प्रेस सचिव सैन राम नेगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 अक्तूबर को जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा तथा इसके लिए रूपरेखा तय की गई। समिति ने आरोप लगाया कि एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को अभी तक कम्यूटेशन, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, 13 प्रतिशत डीए और 111 माह का एरियर नहीं दिया गया है, वहीं चिकित्सा बिलों का भुगतान भी पिछले तीन वर्षों से लंबित है, जिससे पेंशनरों में सरकार के खिलाफ गहरा रोष है। समिति ने बताया कि 16 सितंबर को सरकार को एक माह का नोटिस दिया गया है और यदि इस अवधि में सभी देनदारियां नहीं चुकाई जातीं तो प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे।

### अंजलि-पारुष स्टेट प्री-आरडी कैंप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, सीमा



(रोहड़ू) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका अंजलि कायथ और स्वयंसेवक पारुष नेगी का चयन स्टेट लेवल प्री-आरडी शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर जल्द ही कोटशेरा कॉलेज, शिमला में आयोजित होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत सहित सभी प्राध्यापकों ने इस उपलब्धि पर दोनों छात्रों को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि वे राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### एचपीयू में हाजिरी पूरी करने पर ही मिलेगा परीक्षा फार्म भरने का मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक डिग्री कोर्स के करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने की नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने से पहले कॉलेज प्राचार्य की ओर से उपस्थिति और पात्रता शर्तों का अप्रूवल लेना होगा। यह व्यवस्था फिलहाल बीबीए, बीसीए, बीबीए इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट और बी वॉक कोर्स से शुरू हो रही है। इसके बाद ही विद्यार्थी पोर्टल पर फार्म भर सकेंगे और एडमिट कार्ड भी प्राचार्य की स्वीकृति से ही जनरेट होंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने बताया कि बीबीए, बीसीए, बी-वॉक और बीबीए इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट के तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर की नियमित व इवन सेमेस्टर की री-अपीयर परीक्षाएं अक्तूबर में होंगी। फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 अक्तूबर तय की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से परीक्षा रोल नंबर और परिणाम जारी करने में देरी की समस्या भी कम होगी।

# हिमाचल में अब हर माह होगी परिधि और विश्राम गृहों की जांच

## आगंतुकों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं, स्वच्छता और रख-रखाव पर रहेगी विशेष नजर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग के परिधि गृहों और विश्राम गृहों को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। अब इन परिसरों की हर महीने जांच होगी और गुणवत्तापूर्ण रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 50 बिंदुओं वाली विस्तृत चेकलिस्ट तैयार की है। इस कदम का मकसद है कि यहां आने वाले आगंतुकों को साफ-सुथरा वातावरण और सुविधाजनक अनुभव मिले।

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया बनाई गई है। निरीक्षण में फर्श, विद्युत व्यवस्था, लिफ्ट, बगीचे, पार्किंग स्थल, प्रकाश व्यवस्था और सीवरेज सिस्टम तक की जांच की जाएगी। कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता हर महीने छत, दीवार, सीलन, रिसाव और अग्निशमन यंत्रों की स्थिति की रिपोर्ट देंगे। जांच रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड होगी ताकि उच्च अधिकारी उसका विश्लेषण कर सकें।

निरीक्षण में फर्नीचर, बिस्तर, रजाई, तकिये, रसोई और शौचालय की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हर कमरे की ग्रेडिंग बेहद अच्छा से लेकर खराब तक की श्रेणी में होगी। स्टाफ का व्यवहार भी मूल्यांकन का हिस्सा रहेगा। इस समय प्रदेश के 275 विश्राम गृहों में 1335 कमरे और 21 परिधि गृहों में 222 कमरे आगंतुकों के लिए उपलब्ध हैं। ऑनलाइन बुकिंग पहले ही लागू की जा चुकी है और अब हर परिसर में दिशा सूचक पट्टिकाएं भी लगाई जाएंगी।

डॉ. जैन ने कहा कि जब ठहरने के शुल्क सभी श्रेणियों के लिए बढ़ाए गए हैं तो विभाग का दायित्व है कि आगंतुकों को भी सभी सुविधाएं सम्मानजनक रूप से मिलें। उन्होंने बताया कि स्वच्छता और रख-रखाव में सर्वोत्तम ग्रेडिंग हासिल करने वाले विश्राम गृह और परिधि गृहों को तिमाही आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा।

**प्रदेश सरकार पहली बार यह व्यवस्था कर रही लागू**

**अभिषेक** जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार पहली बार इस तरह की व्यवस्था लागू कर रही है, जिसमें हर महीने परिधि और विश्राम गृहों का निरीक्षण होगा। इसका उद्देश्य है कि सभी आगंतुकों चाहे अधिकारी हों या आम पर्यटक, उन्हें समान और बेहतर सेवाएं मिलें। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में अन्य विभागों के विश्राम गृहों में भी इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

# समग्र शिक्षा ने 1,46,332 विद्यार्थियों का किया प्रवीणता परीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

समग्र शिक्षा के नवाचारात्मक प्रयास के अंतर्गत प्रदेश के विद्यार्थी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित के क्षेत्रों में दक्षता और रचनात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित प्रवीणता परीक्षण में भाग लिया। यह पहल विद्यालयी शिक्षा को परियोजना आधारित और व्यावहारिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

वीरवार को आयोजित प्रवीणता परीक्षण में प्रदेश के 12 जिलों के 700 विद्यालयों के कुल 1,46,332 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें कांगड़ा जिले के 149 विद्यालयों से सर्वाधिक सहभागिता रही, जबकि मंडी के 109, ऊना के 71, हमीरपुर के 67, सोलन के 59, शिमला के 53, सिरमौर के 51, चंबा के 50, बिलासपुर के 47, कुल्लू के 30, लाहौल-स्पीति के 10 और किन्नौर के 4 विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों की मौलिक समझ, तार्किक क्षमता और तकनीकी रुचि को परखना था।

प्रवीणता परीक्षण में सफल पाए जाने वाले विद्यार्थियों को आगामी विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। इन शिविरों में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक परियोजना आधारित शिक्षण के माध्यम से उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों के द्वारा तैयार परियोजनाओं का मूल्यांकन जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर उन्हें प्रतियोगितात्मक मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यवहारिक रूप देने और प्रतियोगी स्तर पर ज्ञान परखने का अवसर मिलेगा।

**आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण की राह खुली**

**परीक्षण और सहभागिता पर दिया जाएगा जोर**

इस पहल की सफलता के लिए शिक्षकों को पहले ही संगणक कार्यक्रम लेखन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यान्त्रिक प्रणालियों तथा त्रि-आयामी संवर्धित वास्तविकता जैसी आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता कर सकें। विद्यालयों में परियोजना आधारित शिक्षा अपनाकर स्थानीय समस्याओं के समाधान पर काम करने को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे सीखने की प्रक्रिया व्यवहारिक और उद्देश्यपूर्ण बनेगी।

## रामपुर की ताबो पंचायत में खुला नया डाकघर



जोगिंद्र सिंह चौधरी नए शाखा डाकघर का शुभारंभ करते हुए।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रामपुर डाक मंडल द्वारा ग्राम निदांग पंचायत ताबो में वीरवार को नया शाखा डाकघर खोला गया। इसका उद्घाटन रामपुर डाक मंडल के अधीक्षक जोगिंद्र सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर रिकांगपिओ उपमंडल के डाक निरीक्षक दिनेश प्रकाश भी मौजूद रहे। नया शाखा डाकघर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्य करेगा और लगभग 400 की आबादी को डाक सेवाएं उपलब्ध कराएगा। शाखा डाकघर में कंप्यूटरीकृत सुविधाओं के साथ पंजीकृत पत्र, पार्सल, स्पीड पोस्ट, वीपी पत्र/पार्सल, ई-मनी ऑर्डर, पीएलआई/आरपीएलआई बीमा प्रीमियम संग्रह और विभिन्न बचत योजनाएं जनता को मिलेंगी।

## दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर विनय जिष्ठु की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति राकेश कैंथला ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता एक चिकित्सक है और पीड़िता उसकी रोगी थी। ऐसे में लगाए गए आरोप डॉक्टर और रोगी के बीच के विश्वासपूर्ण रिश्ते के गंभीर उल्लंघन को दर्शाते हैं, जिसे अदालत हल्के में नहीं ले सकती। शिमला के महिला थाने में 4 सितंबर 2025 को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि वह अपने बीमार पिता के इलाज के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला आ रही थी, जहां डॉक्टर से उसका संपर्क हुआ। आरोप है कि 29 अक्टूबर 2024 को ओपीडी में मुलाकात के बाद डॉक्टर ने नजदीकियां बढ़ाईं और 11 दिसंबर 2024 से 26 अगस्त 2025 तक शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने जांच में पीड़िता का मोबाइल फोन, होटल का रजिस्टर और आरोपी का आधार कार्ड बरामद किया, साथ ही पीड़िता ने उन स्थानों की पहचान की जहां दुष्कर्म होने का आरोप है।

## राजधानी शिमला में 90 हजार नकद और सोने के जेवर चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की राजधानी शिमला में एक नेपाली दंपती पर मालिक के घर से लाखों की चोरी करने का आरोप लगा है। जुंगा तहसील के नोहा गांव में यह वारदात उस वक्त हुई, जब घर का मालिक विजय कुमार अपने परिवार सहित जागरण में गया था। अगले ही दिन सुबह अलमारी का ताला टूटा मिला और नकदी व सोने के गहने गायब थे।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में विजय कुमार ने बताया कि नेपाल मूल के प्रकाश और उसकी पत्नी निर्मला पिछले 9 महीने से उनके घर में काम कर रहे थे। 23 सितंबर की रात परिवार गौड़ा में माता के जागरण में गया था। देर रात करीब एक बजे सभी घर लौटकर सो गए। अगली सुबह जब विजय ने नेपाली दंपती के कमरे की जांच की तो वह बंद मिला। बार-बार कॉल करने के बावजूद मोबाइल पर कोई जवाब नहीं आया। शक होने पर घर की तलाशी ली गई तो अलमारी टूटी हुई पाई गई।

**नेपाली दंपती पर शक**

घर की तलाशी में पता चला कि 90 हजार रुपए नकद, 17 ग्राम सोने की चेन और विजय की पत्नी का मंगलसूत्र चोरी हो चुका है। चोरी की कुल संपत्ति की कीमत लगभग 3 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और नेपाली दंपती की तलाश तेज कर दी गई है।

## सीएम सुक्खू की एमएलए पत्नी की मुश्किलें बढ़ने के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी और देहरा से कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर के चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह का आरोप है कि आचार संहिता के दौरान सरकार ने कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के जरिये 67 महिला मंडलों को बजट जारी किया और करीब 1000 महिलाओं के खातों में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की तीन माह की राशि डाली गई।

**देहरा उपचुनाव पर अदालत में जाने की तैयारी**

होशियार सिंह का कहना है कि उनके पास इसके दस्तावेजी सबूत मौजूद हैं और इस आधार पर एडवोकेट से पिटीशन तैयार करवाई जा चुकी है। उनका कहना है कि एक-दो दिन में हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी, जिसमें उपचुनाव रद्द करने के साथ-साथ आचार संहिता के दौरान पैसे बांटने में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में केंद्रीय छात्र संघ का गठन

## आंचल शर्मा अध्यक्ष व पायल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारी।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में वीरवार को केंद्रीय छात्र संघ का औपचारिक गठन हुआ। डीन छात्र कल्याण प्रो. ममता मोक्टा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों की घोषणा की।

मनोविज्ञान विभाग की छात्रा आंचल शर्मा को संघ की अध्यक्ष चुना गया है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पायल धर्माइक उपाध्यक्ष होंगी, जबकि डेटा साइंस विभाग की साक्षी शर्मा सचिव बनी हैं। संयुक्त सचिव का पद माइक्रोबायोलॉजी विभाग की तान्या त्यागी को मिला।

इस बार कुल 88 विभागीय प्रतिनिधि चुने गए हैं, जिनमें 24 छात्र और 64 छात्राएं शामिल हैं। इससे विश्वविद्यालय में महिला छात्रों की सशक्त भागीदारी भी साफ झलकती है। कुलपति प्रो. महावीर सिंह और प्रतिकुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि केंद्रीय छात्र संघ न केवल छात्र नेतृत्व को मजबूत करता है बल्कि प्रशासन और छात्रों के बीच संवाद का सेतु भी बनता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नया संघ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण में सकारात्मक योगदान देगा और छात्र समुदाय के समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## सरांह स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चौपाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरांह की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते हुए व्यापक सफाई अभियान चलाया, जिसमें स्वयंसेवकों ने अध्यापकों, महिला मंडल समूहों आदि ने सरांह, बिजट महाराज मंदिर, सराहला तथा मुख्य बाजार आदि की सफाई की और गंदगी व प्लास्टिक कचरे को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाया। विद्यालय प्राचार्य प्रताप सिंह नेगी व अन्य अतिथियों ने छात्रों को प्रेरित किया, जबकि एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी ललित कुमार हिमटा ने बताया कि शेष क्षेत्रों की सफाई देवठन एकादशी से पहले पूरी कर दी जाएगी और 27 सितंबर को स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

## युग हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ शिमला में फूटा लोगों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




शिमला में कोर्ट के फैसले के खिलाफ आक्रोश रैली निकालते लोग।

प्रदेश की राजधानी शिमला में बुधवार को लोगों ने युग हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। फैसले के अगले ही दिन शहर की सड़कों पर आक्रोश उमड़ पड़ा और लोगों ने नारेबाजी करते हुए युग के हत्यारों को फांसी देने की मांग की। लोअर बाजार से शेर-ए-पंजाब चौक तक निकली इस रैली में युग के परिजनों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान युग के माता-पिता ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर अपना गुस्सा और पीड़ा जाहिर की।

युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा कि अदालत ने सबूतों के बावजूद एक आरोपी को बरी कर दिया है। उन्होंने न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब कानून अंधा हो चुका है, इसलिए उन्होंने भी आंखों पर काली पट्टी बांधी है। गुप्ता ने साफ कहा कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे और आखिरी सांस तक न्याय के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

मंगलवार को हाईकोर्ट की डबल बेंच ने युग मर्डर केस में फैसला सुनाया। अदालत ने सबूतों के आधार पर तेजिंदर पाल सिंह को बरी कर दिया।

इसी फैसले में अदालत ने दोषी चंदर शर्मा और विक्रांत बख्शी की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। इससे परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

14 जून 2014 को शिमला में चार साल के मासूम युग का अपहरण हुआ था। 20 अगस्त 2016 को विक्रांत बख्शी गिरफ्तार हुआ, जिसके बाद भराड़ी टैंक से युग का कंकाल बरामद किया गया। दो दिन बाद तेजिंद्र पाल और चंद्र शर्मा को भी पकड़ा गया। छह सितंबर 2018 को जिला कोर्ट ने तीनों को फांसी की सजा सुनाई थी। अब हाईकोर्ट ने इस पर नया फैसला दिया है।

बुधवार को हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि वे युग को न्याय दिलाने की इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेंगे। शहर की गलियों में गूंजे नारों ने साफ कर दिया कि शिमला के लोग इस फैसले को मानने को तैयार नहीं हैं।

## सुन्नी में जिला स्तरीय दशहरा मेला 2 से

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी में 2 और 3 अक्तूबर को जिला स्तरीय दशहरा मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे।



मेले में 14 स्थानीय देवताओं के आगमन की संभावना है और श्रद्धालुओं व देवलुओं के ठहरने-खाने की विशेष व्यवस्था की गई है। दो सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय व बाहरी कलाकार मंच पर प्रस्तुति देंगे, जबकि दिन में विद्यालयों के विद्यार्थी कार्यक्रमों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे और मेले का मुख्य आकर्षण तंबोला रहेगा। मेले में व्यापारियों के लिए अस्थायी दुकानें भी सजेंगी और विभागीय स्टॉल व स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी भी रहेगी।

**शुरुआत** दुर्गम क्षेत्रों में अब हाई स्पीड इंटरनेट और मोबाइल कनेक्टिविटी पहुंचाने की कवायद तेज

# दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचेगी हाई स्पीड कनेक्टिविटी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** अब हिमाचल प्रदेश के दूरस्थ गांव और पहाड़ी क्षेत्र भी हाई स्पीड मोबाइल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे। केंद्र सरकार की 4जी संतृप्ति योजना के तहत प्रदेश के 498 स्थानों पर टावर स्थापित किए गए हैं, जबकि भारत नेट योजना के माध्यम से 3615 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने की कवायद जारी है। करीब 500 करोड़ रुपए की इस परियोजना से राज्य की डिजिटल तस्वीर बदलने जा रही है।

दूरसंचार अपर महानिदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इन योजनाओं से ग्रामीण इलाकों में ऑनलाइन शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार और व्यापार को नई दिशा मिलेगी। ई-गवर्नेंस सेवाएं भी गांव-गांव तक पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 15,538 गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाना है, जिससे हिमाचल डिजिटल रूप से और मजबूत होगा।

गुप्ता ने जानकारी दी कि आम लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए दूरसंचार विभाग वित्तीय जोखिम संकेतक श लागू कर रहा है। इसके जरिए मोबाइल नंबरों को उनके उपयोग के आधार पर जोखिम श्रेणियों में बांटा जाएगा। इससे बैंकों को संदिग्ध लेन-देन रोकने में मदद मिलेगी। विभाग ने डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म भी तैयार किया है, जिसके जरिए संदिग्ध उपभोक्ता और धोखाधड़ी में संलिप्त लोगों की जानकारी संबंधित एजेंसियों तक तुरंत पहुंचाई जाएगी।

मोबाइल टावर उत्सर्जन को लेकर फैली भ्रांतियों पर गुप्ता ने स्पष्ट किया कि भारत में ईएमएफ उत्सर्जन का मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी अधिक सख्त है। इस साल 454 टावरों की टेस्टिंग की गई और सभी सुरक्षित पाए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्कूलों और कॉलोनियों में ईएमएफ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं, ताकि लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

**युवाओं को जोड़ेगी संचार मित्र योजना**

**युवाओं** के लिए 'संचार मित्र योजना' को खास बताते हुए गुप्ता ने कहा कि यह पहल छात्रों को सरकार और नागरिकों के बीच एक सेतु के रूप में तैयार करती है। इस साल प्रदेश के सात इंजीनियरिंग कॉलेजों से 31 संचार मित्र चुने गए हैं। उनका काम लोगों को दूरसंचार सेवाओं और योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, ताकि समाज में डिजिटल भागीदारी बढ़ सके।

## हाईकोर्ट ने जीएसटी ट्रिब्यूनल मामले का किया निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मिले आश्वासन के बाद जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल में सदस्य की नियुक्ति से जुड़ी जनहित याचिका का निपटारा कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ को बताया गया कि तकनीकी सदस्य (राज्य) की नियुक्ति भारत सरकार के नियमों के तहत कैबिनेट की नियुक्ति समिति के समक्ष विचाराधीन है। साथ ही शिमला स्थित बीएसएनएल भवन को जीएसटीएटी पीठ की बैठक के लिए चिन्हित कर दिया गया है और इसके संचालन की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद जताई गई है। कोर्ट ने भरोसा जताया कि केंद्र और राज्य सरकार इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगी।

**तकनीकी सदस्य की नियुक्ति एसीसी के समक्ष विचाराधीन**

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने इस मामले में कोटगढ निवासी सौरभ चौहान के पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया था। प्रार्थी ने ईमेल के माध्यम से शिकायत की थी कि अप्रैल माह में चयन समिति ने सिफारिशें भेज दी थीं, लेकिन अभी तक नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। इसके चलते करदाताओं को जीएसटी से जुड़े विवादों के समाधान के लिए अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी रेखांकित किया कि जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल व्यवसायों, व्यक्तियों और सरकार के बीच कर संबंधी विवादों के निपटारे के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां निचली अदालतों और अधिकारियों के आदेशों के खिलाफ अपील की जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मरम्मत के लिए 27 व 28 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में (केदारा, नौरा, भोड़ा, सोरना, जैन्द, खड्डूल, होला, कलेहड़, चाह, चांदड़,) तथा 28 सितंबर रविवार को 11 केवी धीरा फीडर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतें (धीरा, कुहाना, नौरा, डई और गांव रक्कड़) में सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा । उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### पोषण माह पर लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत नगरोटा बगवां की छूघेरा पंचायत में पोषण माह के अवसर पर महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश कुमार ने महिलाओं को गर्भावस्था, स्तनपान और 6 माह से 2 वर्ष तक के बच्चों के पोषक आहार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सर्किल सुपरवाइजर अक्षु धीमान ने महिलाओं को बच्चों के पहले 1000 दिन के महत्व के बारे में भी बताया। शिविर सरकारी प्राथमिक स्कूल पातोला के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और बच्चे, पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और गांव की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

### भाजपा और कांग्रेस ने किया जनता से धोखा : प्रभात

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रभात कौंडल ने बताया कि एक पार्टी जनता से वायदा करती है कि 15 लाख रुपए आपके खाते में आ जाएंगे, दूसरी पार्टी ने वायदा किया कि हर महिला को 1500 रूपये हर महिना और बेरोजगारों को पक्की नौकरी देंगे। लेकिन दोनों पार्टियों ने कुछ नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने झूठे वायदे कर जनता से किया धोखा। अब हिमाचल की जनता समझ चुकी है और चाहती है कि हिमाचल प्रदेश के अंदर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई जाए। प्रभात कौंडल ने कहा कि प्रदेश में विकास तभी हो सकता है जब आप की सरकार बनेगी।

### करियर एवं आईटी सेक्टर पर दी जानकारी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी धर्मशाला के सहयोग से कैरियर एवं आईटी सेक्टर में कौशल और रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का आयोजन बीसीए विभाग द्वारा किया गया, जिसमें बीसीए एवं बीबीए विभाग के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर डिजाइनिंग तथा अन्य कंप्यूटर कोर्सेज के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने की। कार्यक्रम का आयोजन बीसीए विभाग द्वारा किया गया, जिसमें बीसीए एवं बीबीए विभाग के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य कंप्यूटर कोर्सेज के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

### वेदव्यास परिसर में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यवक्ता के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत प्रो. गोपालदत्त शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से की जाने वाली अनेक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से एक सामान्य स्वयं सेवी राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। उन्होंने छात्रों को सेवा कार्यों के लिए अभिप्रेरित किया। इन दिनों परिसर में नवरात्रों की छुट्टियों के कारण उक्त कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजितकीय गया।

# आरसेटी में मिस्त्रियों को प्रशिक्षण देंगे ठेकेदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- एनआरएलएम के तहत होगा आयोजन
- ठेकेदार होंगे ट्रेनर, साइट पर होगा प्रेक्टिकल

रूरल सेल्फ इम्प्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आरसेटी) धर्मशाला में अब मिस्त्रियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन (एनआरएलएम) के तहत करवाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के ठेकेदार ट्रेनर होंगे, जिनके माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मिस्त्रियों को साइट पर ले जाकर प्रेक्टिकल करवाया जाएगा।

एनआरएलएम का उद्देश्य गरीब परिवारों को स्व-रोजगार और वेतनभोगी रोजगार के माध्यम से स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद करके, गरीबों के लिए मजबूत बुनियादी संस्थाओं का निर्माण करके और वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुंच बढ़ाकर गरीबी कम करना है। वहीं आरसेटी भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एक पहल है। ये संस्थान ग्रामीण युवाओं, खासकर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें स्वरोजगार अपनाने और अपना उद्यम स्थापित करने में मदद करते हैं।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मिस्त्री हैं, जो दशकों से मिस्त्री का कार्य कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह से वर्तमान में निर्माण शैली में परिवर्तन आ रहे हैं, उनकी जानकारी उन्हें नहीं है। ऐसे में वर्तमान परिदृश्य में जिस तरह से भवनों का निर्माण हो रहा है, आरसेटी द्वारा एनआरएलएम के तहत मिस्त्रियों को मौजूदा दौर की निर्माण शैली बारे प्रशिक्षित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नवंबर माह में आरसेटी धर्मशाला में शुरू होगा, जिसमें 30 से 35 मिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

इसके लिए आरसेटी की ओर से कुछ ठेकेदारों से भी बातचीत की गई है, जोकि प्रशिक्षण कार्यक्रम के ट्रेनर होंगे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मिस्त्रियों को साइट पर ले जाकर प्रेक्टिकल भी करवाएं जाएंगे।

> एनआरएलएम के तहत मिस्त्रियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नवंबर माह में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए क्षेत्र के ठेकेदार ट्रेनर होंगे, जो कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले मिस्त्रियों को साइट पर ले जाकर प्रेक्टिकल करवाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मिस्त्रियों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देने से की जाएगी।
> -मदन लाल, निदेशक, आरसेटी धर्मशाला



# थमी बरसात, पर्यटकों के स्वागत को होटलियर्स तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- धर्मगुरु के दर्शनों को आ रहे अनुयायी व बौद्ध भिक्षु

बरसात थमने के साथ ही पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के होटलियर्स पर्यटकों के स्वागत को तैयार हैं। मैक्लोडगंज में जहां मौसम सुहावना बना हुआ है, वहीं पर्यटकों को विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं।

तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा भी इन दिनों मैक्लोडगंज में हैं, जिनके दर्शनों के लिए देश-विदेश से बौद्ध अनुयायी व बौद्ध भिक्षु यहां पहुंच रहे हैं, जिनकी वजह से पर्यटन नगरी में चहलकदमी शुरू हो गई है। गौरतलब है प्रदेश में बरसात के दौरान हुई बारिश ने हर प्रकार की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न की थी, वहीं मैक्लोडगंज और धर्मशाला में पर्यटन गतिविधियां भी इससे प्रभावित हुई।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि बारिश खत्म होने के साथ, धर्मशाला ने अपने पर्यटन बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बहाल कर दिया है। सभी होटल और दर्शनीय स्थल एक बार फिर पर्यटकों के लिए सुलभ और सुरक्षित हो गए हैं। शहर में मौसम बेहद सुहावना हो गया है, जिससे यह घूमने के लिए एक आदर्श मौसम बन गया है।

आध्यात्मिक आकर्षण को और बढ़ाते हुए, परम पावन दलाई लामा वर्तमान में धर्मशाला में प्रवास पर हैं, और दुनिया भर से अनुयायी और प्रशंसक आ रहे हैं। ऐसे में धर्मशाला एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। होटल व्यवसायी विशेष अवकाश पैकेज भी पेश कर रहे हैं।

## अदिति ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विकास खंड लंबागांव की सोल नेहड़ पंचायत के कलूही गांव की अदिति ने प्रयागराज में आयोजित नार्थ जान राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 20 में आठ सौ मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर के क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदिति ने यह 800 मीटर की दौड़ दो मिनट सौलह सैकेंड में पूरी करके हिमाचल का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



इसका चयन ओडिशा में होने वाली ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। अदिति डिग्री कॉलेज धर्मशाला की बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है।

## 1.29 ग्राम चरस सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस ने एक किलो 29 ग्राम चरस सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 33 वर्षीय सुनील कुमार निवासी गांव सुरड़ डाकघर खोखन तहसील भुंतर जिला कुल्लू, 19 वर्षीय नरेंद्र ठाकुर निवासी गांव तलाड़ी डाकघर धारा तहसील भुन्तर व 25 वर्षीय सुनील कुमार निवासी गांव सुरड़ डाकघर खोखन तहसील भुन्तर जिला कुल्लू के रूप में हुई है।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि नशे के अवैध धंधे में संलिप्त लोगों पर नकेल कसने के उद्देश्य से गश्त, नाकाबंदी की जा रही है । इसी कड़ी में बुधवार रात को जब उपरोक्त आरोपीगण कार नंबर एचपी-01के-6876 में भारी मात्रा में चरस की खेप लेकर आ रहे थे तो पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने चढ़ियार चौक नजदीक उद्यान विभाग के पास नाकाबंदी के दौरान उक्त आरोपियों को काबू किया तथा इनके कब्जे से 1 किलो 29 ग्राम चरस की भारी खेप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में लिया गया है। इस मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

# फिन्ना सिंह डैम टेंडर पर नया विवाद राष्ट्रीय गो रक्षा दल भी विरोध में

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

- राष्ट्रीय गो रक्षा दल ने दी चेतावनी, टेंडर रद्द न हुआ तो सड़कों पर उतरेगा संगठन

जिला कांगड़ा की विधानसभा नूरपुर में प्रस्तावित बहुचर्चित फिन्ना सिंह ग्रेविटी डैम निर्माण परियोजना पर विवाद बढ़ता जा रहा है।

विपक्ष के आरोपों और लगातार हमलों के बाद अब राष्ट्रीय गो रक्षा दल भी इस मामले के विरोध में उतर आया है। दल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि टेंडर प्रक्रिया को खारिज कर नए सिरे से दोहराया जाए।

राष्ट्रीय गो रक्षा दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश दत्त कालिया ने कहा कि जिस फर्म ने जल शक्ति विभाग की स्कीमें बनाई थीं और वे आज अधूरी पड़ी हैं, पाइपलाइनें सूखी हैं और कई पेयजल योजनाएं शुरू ही नहीं हो पाईं, जिसकी जांच की लगातार मांग की जा रही है ।उसी फर्म को इतने बड़े बांध निर्माण का कार्य देना उचित नहीं है।
उन्होंने चेताया कि चहेती फर्मों को लाभ पहुंचाने से इस परियोजना का हाल भी शाहनहर परियोजना जैसा हो सकता है, जहां किसानों को 15 साल बाद भी खेतों में पानी नहीं मिला। कालिया ने कहा कि 293.78 करोड़ की फिन्ना सिंह ग्रेविटी डैम निर्माण परियोजना में से 268 करोड़ केवल बांध निर्माण पर खर्च होने हैं, लेकिन चुनी गई फर्म का अनुभव बांध निर्माण में महज 8-10 करोड़ तक ही सीमित है। लेकिन विभाग द्वारा चुनी गई फर्म का अनुभव बांध निर्माण में महज 8-10 करोड़ तक सीमित है।

जबकि सीवीसी और सीपीडब्ल्यूडी गाइडलाइंस के अनुसार फर्म के पास अनुमानित लागत का 80 फीसदी का एक, या 50 फीसदी के दो, या 40 फीसदी के तीन समान कार्यों का अनुभव होना चाहिए।

कालिया ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने टेंडर प्रक्रिया नए सिरे से नहीं की और चहेती फर्म को ही ठेका दिया गया, तो राष्ट्रीय गौ रक्षा दल सड़क पर उतरेगा और धरना-प्रदर्शन करेगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में एंजल ने जीता प्रथम पुरूस्कार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सन्हूं की छात्रा एंजल ने विज्ञान केंद्र पालमपुर में 24 से 28 सितंबर, 2025 तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्कृति दिवस पर प्रथम स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक संस्कृति के महत्व को रेखांकित करना तथा उन संस्थानों के प्रयासों का उत्सव मनाना है जो विज्ञान को आम जनमानस के जीवन में प्रासंगिक बनाने हेतु कार्यरत हैं। इस अवसर पर उद्घाटन सीएसआईआर हिमालय जैव संपदा संस्थान, पालमपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. गिरीश नड्डा एवं डॉ. अमिताभ आचार्य ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. मधुमीत सिंह, पूर्व निदेशक (विस्तार शिक्षा), चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर रहे। उन्होंने हिमाचल की संपदा विषय पर एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, जैव-विविधता एवं वैज्ञानिक महत्त्व को रेखांकित किया।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में जिला कांगड़ा की विभिन्न तहसीलों से आए दस विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में घोषित परिणामों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सन्हूं की एंजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार व अन्य शिक्षक वर्ग ने इस उपलब्धि के लिए एंजल को शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य अरुण ने एंजल के माता-पिता एवं जिन शिक्षकों ने तैयारी करवाई थी उनको भी शुभकामनाएं दीं। शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया-राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बनूरी को द्वितीय स्थान मिला, वहीं विजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में कुल 90 छात्र, 18 शिक्षक और 190 आम आगंतुकों ने भाग लिया।

## आर्थिक सुधारों के लिए मोदी के प्रयास काबिलेतारिफ : मुल्खराज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रधानमंत्री द्वारा आर्थिक सुधारों के लिए किए गए प्रयास काबिलेतारिफ हैं जिसका निकट भविष्य में देश की जनता को काफी लाभ प्राप्त होंगे। उक्त शब्द भाजपा नेता व पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहे।

उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब की दरें पूर्व में क्रमशः 5,12,18 तथा 28 फीसदी थे उनको मात्र दो स्लैब 5 व 18 फीसदी में समायोजित कर दिया है, जिसका लाभ आम उपभोक्ताओं को मिलना शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भी जीएसटी की दरें कम होने से बिक्री पर प्रभाव देखने को मिलेगा तथा लाभ प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा उक्त कदम से देश की अर्थव्यवस्था निकट भविष्य में विशेष मुकाम हासिल करेगी तथा विश्व में भारत देश की अर्थव्यवस्था अन्य विकसित देशों को टक्कर देने में सक्षम होगी।

बैजनाथ के विभिन्न क्षेत्रों का वह कार्यकर्ताओं के साथ दौरा कर रहे हैं तथा व्यापारियों व उपभोक्ताओं को वह जीएसटी की कम दरों से होने वाले लाभों से वह अवगत करवा रहे हैं ।

# बीएससी के नवप्रवेशित छात्रों के लिए करवाया दीक्षारंभ कार्यक्रम

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के आधारभूत महाविद्यालय बीएससी प्रथम वर्ष (बैच 2025) के नवप्रवेशित छात्रों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ छात्र प्रेरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों और 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के अनुरूप आयोजित किया गया, जो समग्र और लचीली शिक्षा पर जोर देती है।

दीक्षारंभ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शुरू किया गया छात्र प्रेरण कार्यक्रम है जो कि नवप्रवेशित छात्रों को उच्च शिक्षा के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण में समायोजित करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम छात्रों को संस्थागत लोकाचार से परिचित कराने, उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और उनकी शैक्षणिक यात्रा शुरू करते समय उनमें उद्देश्य और अपनेपन की भावना पैदा करने पर केंद्रित है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने अपने संदेश में कहा कि दीक्षारंभ युवा छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और उद्देश्य की भावना से परिपूर्ण एक सही शुरुआत प्रदान करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस तरह की पहल, समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार नागरिकों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. आरके कपिला ने प्रेरक भाषण में छात्रों को आत्म-विकास और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया और डॉ. राजन कटोच ने छात्रों से जिज्ञासा को अपनाने और शिक्षा से परे उद्देश्य की तलाश करने का आग्रह किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजुला शर्मा ने समग्र शिक्षा के महत्व और प्रेरण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों डॉ. अभिषेक वालिया और डॉ. अभिषेक गुलेरिया के एक पूर्व छात्र सत्र ने नए बैच को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रा की अंतर्दृष्टि से प्रेरित किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया नमन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भवारना में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने उन्हें भाजपा कार्यालय में नमन किया। उसके बाद परमार ने सेवा पखवाड़ा के तहत सिविल अस्पताल भवारना में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भी शिरकत की तथा मरीजों का हाल चाल जाना व उन्हें फल आवंटित किए।

इस मौके पर विपिन परमार ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वह भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी।

वह एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। उनकी राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी गहरी रुचि थी। परमार ने कहा की संघ के माध्यम से ही उपाध्याय राजनीति में आए । परमार ने कहा कि उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए। जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो।

परमार ने इसके बाद भवारना अस्पताल में भाजयूमो द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भी शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने अस्पताल में प्रधानमंत्री मोदी के जन्म सप्ताह के उपलक्ष्य पर फल भी वितरित किए। परमार ने पत्रकारों से कहा कि भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। आज देश राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ सामरिक क्षेत्र में भी विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है।

परमार ने कहा कि भारत ने ब्रिटेन, यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह 11 साल स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्षा रागिनी रकवाल, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य तनु भारती, मंडल अध्यक्ष हंसराज चौधरी, विकास धीमान, महामंत्री अनुज माहल, मंदीप अवस्थी, भंडारी राम, राज कुमार, सोनिया बंटा, शिवकरण जसरोटिया, रीना धीमान, नीलम राणा, प्रतीक व पटियाल, अन्य कार्यकर्ता तथा अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 56 ने किया रक्तदान



रक्तदान शिविर के दौरान डॉक्टर को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

उपमंडल ज्वालामुखी के अंतर्गत खुंडियां में नजदीक सरकारी अस्पताल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत कांगड़ा ,खेल एवं युवा मंत्रालय ,भारत सरकार के सौजन्य से रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 56 यूनिट रक्तदान वीरों ने रक्त दान किया गया ।

कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों पर रविंद्र सिंह रवि ने प्रकाश डाला । इस अवसर पर टांडा अस्पताल से डॉ विकास की समस्त टीम एवं पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि युवा मंडल सुरानी अध्यक्ष संजय राणा , युवा मंडल खुंडियां अध्यक्ष अजय राणा, अजय राणा, बूथ अध्यक्ष खुंडियां कश्मीर सिंह, ललिता चौहान प्रधान डोला , सुरजीत पंचायत समिति उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा ,परवीन, अग्रवान ,विशाल अन्य पदाधिकारी एवं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चर्चा: विभिन्न कार्यों की होगी बैठक में मॉनिटरिंग

# एनएचएआई के कार्यों की बैठक जल्द

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

- एनएचएआई के आरओ भी रहेंगे शामिल

**धर्मशाला।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया (एनएचएआई) की अहम बैठक जल्द होने वाली है। इस बैठक में एनएचएआई के विभिन्न कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस बैठक में एनएचएआई के आरओ भी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

साथ ही कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद, जिला से संबंधित सभी विधायक, डीसी कांगड़ा और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

गौरतलब है कि इन दिनों पठानकोट-मंडी और शिमला-मटौर फोरलेन का कार्य चल रहा है, इन दोनों फोरलेन मार्गों का कार्य जिला कांगड़ा में भी चल रहा है। इसके अलावा एनएचएआई के अन्य प्रोजेक्टस भी हैं, जिन पर भी कार्य चल रहा है। बरसात में कई मार्गों की हालत बद्तर बनी हुई है, जो वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। ऐसे में जल्द होने वाली एनएचएआई की बैठक में जहां बरसात से खस्ताहाल हुए राष्ट्रीय उच्च मार्गों की दशा पर चर्चा होगी, साथ ही उनमें जल्द सुधार हो, इस बारे भी प्रभावी निर्णय लिया जाएगा, जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

> फोरलेन को लेकर जल्द ही बड़ी अहम बैठक होने जा रही है। जिसमें एनएचएआई के आरओ विशेष रूप से शामिल होंगे। जिसमें सभी विधायक, डीसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। यह बैठक नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया के जो कार्य चल रहे हैं विशेषकर उन्हीं की मॉनिटरिंग के लिए होगी।
> -डॉ. राजीव भारद्वाज, सांसद, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र।

### ठेकेदार बदला, बढ़ी काम की रफ्तार

**पठानकोट**-मंडी फोरलेन का कार्य नूरपुर क्षेत्र में काफी धीमा चला हुआ था। जिसके चलते पहले जिस ठेकेदार से कार्य करवाया जा रहा था, उसकी जगह दूसरे ठेकेदार को कार्य अलॉट किया गया है। नूरपुर क्षेत्र में फोरलेन का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू करवाया गया है। पहले जिस ठेकेदार को कार्य दिया गया था, उसे बदल दिया गया है। परौर तक फोरलेन को तैयार करने की जो समयावधि तय की गई है, उसी अनुरूप ही कंपनी फोरलेन कोतैयार करके देगी।

# बीएड कॉलेज धर्मशाला में नए सत्र का हुआ शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय बीएड कालेज धर्मशाला के सभागार में सत्र 2025-27 का विधिवत शुभारंभ प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं नवप्रवेशित प्रशिक्षु अध्यापकगण उपस्थित रहे।

प्राचार्या ने सभी प्रशिक्षुओं को नवीन शैक्षिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, अपितु व्यावहारिक एवं नैतिक मूल्यों का भी संचार करना है। प्रशिक्षुओं को चाहिए कि वे न केवल एक योग्य शिक्षक बनें, बल्कि समाज के उत्तरदायी, संवेदनशील व सशक्त नागरिक भी बनें, जो राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर 'प्रेरण व अभिविन्यास कार्यक्रम' में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण - प्रो. प्रीति प्रभा, डॉ. बीना चंद्रिका नायर, प्रो. युगराज सिंह, डॉ. अतुल आचार्य, डॉ. पूजा चौधरी, प्रो. मनोज कुमार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष मुनीश को प्रशिक्षु अध्यापकों को विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती बना रहा केंद्रीय विवि : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



- 5 शिक्षकों को स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में मिली मान्यता

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक महान गर्व का क्षण हासिल किया है, जिसमें इसके पांच विशिष्ट संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की दुनिया के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किए गए हैं।
यह मान्यता विश्वविद्यालय की वैश्विक अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता में बढ़ती हुई प्रासंगिकता को उजागर करती है। प्रो. सत प्रकाश बंसल ने संकाय सदस्योंप्रो. संदीप के. सूद, डॉ. मनप्रीत अरोड़ा, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. दीपक पंतऔर डॉ. नीरज गुप्ताको उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया।

उन्होंने विश्वविद्यालयको अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। गौरतलब है कि स्टैनफोर्ड-एल्सवायर सूची एक टीम द्वारा तैयार की जाती है जिसमें विशेषज्ञों का एक समूह शामिल होता है, जो कि अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर जॉन पीए आइओएनिडिस के नेतृत्व में होता है। यह रैंकिंग स्कोपस डेटा का व्यापक विश्लेषण करने के आधार पर है जो दुनिया भर के 200,000 से अधिक वैज्ञानिकों को विभिन्न विषयों में कवर करता है।

वैज्ञानिकों को मानक उद्धरण संकेतकों पर मूल्यांकित किया जाता है जिनमें एच-इंडेक्स, सह-लेखक समायोजित एचएम-इंडेक्स, पत्रों के उद्धरण एकल, पहले और अंतिम लेखक के रूप में, और समग्र स्कोर जो कैरियर के दीर्घकालिक और एकल वर्ष के शोध प्रभाव को दर्शाते हैं। वैज्ञानिक योगदानों का सबसे व्यापक और निष्पक्ष मूल्यांकन बनाती है। प्रोफेसर बंसल ने कहा कि 'यह पहचान हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालयकी मजबूत शोध संस्कृति को बढ़ावा देने और संकाय और विद्वानों को विज्ञान और समाज में सार्थक योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रमाण है।' विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता के प्रकाशनों, सहयोग और नवाचारों के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना जारी रखेगा, जो राष्ट्रीय और वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप है। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो लगातार एक मजबूत शोध पहचान बनाने का प्रयास कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 6 को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट और पासिंग रद्द

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धर्मशाला ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितम्बर, 2025 को जोरावर स्टेडियम धर्मशाला में आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट और पासिंग को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

### सबसिडी से फतेहपुर के किसान बन रहे सशक्त

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कृषि विकास और किसान सशक्तिकरण की नई पहल जारी है। उद्यान विभाग ने इस बरसात सीजन में करीब 3,500 पौधे वितरित किए, जिनमें नींबू, आम, संतरा और मौसमी शामिल हैं, जबकि सब्जियों पर लगभग 25,000 और तुलसी, अदरक, हल्दी, लैमनग्रा जैसी फसलों के लिए प्रति कनाल 1,000 सबसिडी प्रदान की गई। विभाग की मधुविकास योजना, खुम्ब विकास योजना और पोलिहाउस हिलमेंट योजनाओं के तहत करीब 150 किसानों को अलग-अलग योजनाओं में सबसिडी दी गई, ताकि उनकी खेती अधिक लाभदायक बन सके। उद्यान विभाग, फतेहपुर के उद्यान विकास अधिकारी सोमराज के अनुसार, किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, एसडीएंडी और आईओटीजेसी आधुनिक तकनीकों में मदद दी जा रही है।

### महिलाओं को पोषाहार पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बाल विकास परियोजना लंबागांव के अंतर्गत वीरवार को गंदड़ में पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत वृत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी लंबागांव रोहित थापा ने की। शिविर में वृत पर्यवेक्षक श्रेष्ठा देवी के अलावा 25 कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया। रोहित थापा ने उपस्थित प्रतिभागियों को स्वस्थ नारी, सुरक्षित परिवार, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता ही सेवा व बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की विस्तृत जानकारी दी साथ में पोषाहार पर किया जागरूक।

### महिलाओं व बच्चों को मिला पोषण संदेश

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत भलेटा में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलने वाले इस 8वें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों व किशोरियों को संतुलित आहार, मोटापे की रोकथाम तथा तेल, नमक और गुड़ के सीमित उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य कुपोषण को समाप्त कर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। उन्होंने लोगों से पौष्टिक भोजन, ताजे फल-सब्जियों के सेवन और बच्चों में जंक फूड की आदत को कम करने की अपील की। इस अवसर पर एक बूटा मां के नाम अभियान के तहत भलेटा आंगनबाड़ी केंद्र में पौधरोपण किया गया।

### पंडित दीनदयाल हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य



में जिला संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में हमने उपस्थित रहकर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल जोशी ने कहा की राष्ट्र के प्रति उनका जीवन और विचार हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान में सुलह विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विपिन सिंह परमार जी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। पूर्व विधायिका रीता धीमान, जिला अध्यक्ष राजेश काका, भाजपा नेता संजय गुलेरिया, मंडल अध्यक्ष दीपक सालरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी एआई के रचनात्मक उपयोग पर करें विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला में वीरवार को छात्र दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नए सत्र के कानून, एमसीए, एमएससी व पूर्व विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि छात्रों को देश की परंपराओं और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन साधते हुए शिक्षा अर्जित करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में डीन, योजना एवं शिक्षक विषयक प्रकोष्ठ प्रो. जेएस धीमान, डीन, सीडीसी प्रो. हरि मोहन तथा निदेशक, सीडीई प्रो. प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

### आतिथ्य क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला द्वारा स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के सहयोग से स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, धर्मशाला में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजन शर्मा, विभागाध्यक्ष, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, धर्मशाला ने अपने संबोधन में आतिथ्य क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को टिकाऊ पर्यटन के महत्व से अवगत करवाया। इंजीनियर करण गुप्ता, क्षेत्रीय अधिकारी, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इंजीनियर रजत, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी पर्यावरण संरक्षण संबंधी तकनीकी जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि सभी प्रतिभागी पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाकर ओजोन परत एवं संपूर्ण पर्यावरण की रक्षा में योगदान देंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो सके।

### खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता करवाई

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** खंड डाडासीबा में मिड-डे मील योजना के अंतर्गत खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंगल चौक में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डाडा सीबा पूनम कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें खंड के 16 कल्स्टर से कुकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पीएमश्री बाबा कशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंगल चौक द्वितीय एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बठरा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### एनसीसी में 27 छात्र-छात्राओं का चयन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में वीरवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर फाइव एचपी (वन) कोय एनसीसी धर्मशाला द्वारा छात्रों का नामांकन किया गया। यह नामांकन सेना से संबंधित एनसीसी अधिकारियों सूबेदार संतोष सिंह, सीएचएम प्रवीण कुमार व एनसीसी नायब सूबेदार बहादुर सिंह की टीम के द्वारा किया गया जो एनसीसी बटालियन धर्मशाला के अधीन संचालित है। इस नामांकन प्रक्रिया में महाविद्यालय के लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया जिसमें 15 छात्र और 12 छात्राओं का चयन किया गया।

### डाडासीबा में धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा पर्व

**कमलजीत, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा भरथरी सांस्कृतिक मंच कमेटी के प्रधान रितेश शर्मा ने जानकारी दी कि 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को डाडा सीबा पुल के समीप मैदान में दशहरा पर्व पूरे उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। प्रधान रितेश शर्मा ने कहा कि दशहरा पर्व केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। कमेटी की ओर से सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं उन्होंने क्षेत्रवासियों को हार्दिक निमंत्रण देते हुए कहा कि सभी बढ़-चढ़कर इस भव्य पर्व का आनंद लें।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर करवाया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के समापन समारोह में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने विशेष उद्बोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आज केंद्रीय प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन न केवल भारतीय चिंतन की विरासत को आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित करता है, बल्कि वर्तमान वैश्विक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों का भी उत्तर प्रस्तुत करता है। प्रो. बंसल ने कहा कि पंडित उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद एक ऐसा समग्र दृष्टिकोण है, जिसमें व्यक्ति, समाज, प्रकृति और परमात्मा के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। यह दर्शन न तो पूंजीवाद की अंधी दौड़ का समर्थन करता है और न ही साम्यवाद की व्यक्ति विरोधी नीति का। यह एक ऐसा मध्य मार्ग है, जो भारतीय परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के आधार पर मानव कल्याण की संकल्पना को प्रस्तुत करता है।

---

#### डॉ. अमरजीत बोले-प्रदेश में एक्सपेरिमेंटल कोर्स था वीवॉक, जो तेजी से उभरा

# वीवॉक कोर्स से 70 फीसदी युवाओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

वीवॉक हिमाचल प्रदेश का एक्सपेरिमेंटल कोर्स था, शुरुआत में लगा कि यह कोर्स चलेगा या नहीं, लेकिन वर्तमान में वीवॉक सबसे अच्छा कोर्स बनकर उभरा है, इसका विस्तार कैसे हो, इस पर विचार किया जा रहा है। यह बात उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत कुमार शर्मा ने वीरवार को धर्मशाला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही।

डॉ. अमरजीत धर्मशाला कालेज में आयोजित किए जा रहे टूरिज्म त्रिगर्त कार्निवल के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि अभी वीवॉक में टूरिज्म व हॉस्पीटेलिटी, रिटेल मैनेजमेंट, इसके साथ अन्य कौन से कोर्स जोड़ सकते हैं, इस पर विचार किया जा रहा है। वीवॉक के करीब 70 फीसदी बच्चों को रोजगार मिल चुका है।

**▶ कहा-वीवॉक में कैसे और कौन से कोर्स जोड़ें जाएं अभी चल रहा है विचार**

**भारत में वोकेशनल एजुकेशन विद स्किल 4 फीसदी**

**उन्होंने** कहा कि भारत में वोकेशनल एजुकेशन और इसमें स्किल भी जोड़ दिया जाए तो 4 फीसदी है, साउथ कोरिया में 95 फीसदी, अमेरिका और अन्य यूरोपियन देशों में 80 फीसदी से ज्यादा ही है। युवाओं में नशे की लत पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कालेज में एंट्री ड्रग स्क्वायड बनाया है तथा प्रिंसिपल को स्क्वायड का हैड बनाया है, जिसकी शिक्षा विभाग स्वयं मॉनिटरिंग करता है।

**टूरिज्म को एजुकेशन से जोड़ने पर बनाएं योजना**

**डॉ.** अमरजीत शर्मा ने कहा कि टूरिज्म को एजुकेशन के साथ कैसे जोड़ा जाए, इसको लेकर कॉलेज प्रिंसिपल व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को मिल बैठकर योजना बनाने को कहा है, जिससे टूरिज्म को भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में इसकी पहचान बने, यह सरकार की भी प्राथमिकता में शुमार है। उन्होंने कहा कि कालेजों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का उद्देश्य यही है कि बच्चे इनमें बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। बच्चे जानते हैं कि बीए, बीएससी करने उपरांत भी प्रतियोगी परीक्षाएं पास करनी ही होंगी, ऐसे में डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चे अपना स्टडी मैटीरियल लेकर आएं और स्टडी करें तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होगा।

---

### एचपीएसओएस परीक्षाओं के पंजीकरण का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आधिकारिक रूप से सूचित किया है कि हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल के अंतर्गत कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षा मार्च 2026 सत्र में आयोजित की जाएगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश पत्र भरने की प्रक्रिया 10 अक्तूबर 2025 से शुरू होगी।

बिना विलंब शुल्क के उम्मीदवार 10 अक्तूबर से 10 नवंबर 2025 तक सीधे नए प्रवेश के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। टीओसी के साथ नए प्रवेश या पुन: प्रवेश के लिए 11 नवंबर से 11 दिसंबर 2025 तक 1,000 विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण किया जा सकता है। अतिरिक्त विषय जोड़ने के लिए 12 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 2,000 विलंब शुल्क लागू होगा। नए प्रवेश के लिए शुल्क कक्षा 8वीं 2,400, कक्षा 10वीं 3,000 और कक्षा 12वीं 2,900 निर्धारित है। टीओसी के साथ नए प्रवेश या पुन: प्रवेश के लिए शुल्क क्रमश: 2,600, 2,900 और 2,800 है। पुन: उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए शुल्क कक्षा 8वीं 800, कक्षा 10वीं 1,000 और कक्षा 12वीं 800 है।

---

# पठानकोट में महिला के कानों से छीनी बालियां, आरोपी हुआ फरार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट की शाह कॉलोनी में पैदल जा रही महिला के कानों से सोने की बालियां छीन कर युवक मौके से फरार हो गया।

यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बताई जा रही है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे महिला का पीछा करते आ रहे युवक द्वारा मौका मिलते ही बालियां छीन ली गई और महिला को धक्का देकर मौके से फरार हो गया। घटना के चश्मदीद का कहना है कि बुजुर्ग



महिला अपने घर से पैदल थोड़ी दूर स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग सुनने के लिए जा रही थी कि रास्ते में पीछा कर रहे युवक द्वारा स्नैचिंग का शिकार हो गई।

---

## क्लस्टर सिस्टम का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चढ़ियार की बुधवार को बैठक हुई। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से यह पारित किया कि हिमाचल प्रदेश में जो एक क्लस्टर सिस्टम लागू होने जा रहा है उसे प्राथमिक शिक्षकों के हितों को अनदेखी की जा रही है जिसमें हमारे केंद्र मुख्य शिक्षक मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पदों पर पदोन्नति प्रभावित होगी और आने वाले समय में इसका कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। प्राथमिक शिक्षकों में केंद्र मुख्य शिक्षक मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पद डाइंग कैडर में चले जाएंगे।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान देशराज ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में प्राथमिक शिक्षकों के योगदान को दरकिनार करते हुए इस प्रकार के फरमान जारी किए जा रहे हैं जो कि हमारे प्राथमिक शिक्षकों के हितों में नहीं है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पहले भी अपना विरोध जताया है तथा अब आगे भी सरकार से यह निवेदन है कि इस मामले पर हस्तक्षेप करें तथा अधिकारियों पर सारी बातों को न छोड़ें।

---

# जिले में तीन से दस तक होगी धान की खरीद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में तीन अक्तूबर से लेकर दस अक्तूबर तक धान की फसल की खरीद आरंभ की जाएगी। कांगड़ा जिला की अनाज मंडियों में भंडारण की क्षमता व मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि किसानों को अनाज बेचने में किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो।

इस बाबत वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में खाद्य आपूर्ति विभाग, भारतीय खाद्य निगम तथा एपीएमसी के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सही फसल सही दाम आनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने एपीएमसी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी खरीद सीजन में एपीएमसी के अनाज मंडियों में प्लेटफार्म बढ़ाए जाएं तथा सभी मंडियों के प्रवेश द्वार के साथ साथ चारदीवारी भी लगाई जाए ताकि बेसहारा पशुओं से अनाज को कोई नुकसान नहीं हो इसके अतिरिक्त स्थायी बिजली की व्यवस्था, शौचालय सुविधा तथा सीसीटीवी लगाने और मंडियों में भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

**▶ सही फसल सही दाम पोर्टल में पंजीकरण सुनिश्चित करवाएं किसान : डीसी**

उन्होंने निर्देश दिए कि धान खरीद के पूर्व अतिरिक्त भंडार किराए पर लेना भी सुनिश्चित करें तथा धान की स्टॉक की सुरक्षा के लिए गृह रक्षक या चौकादारों की तैनाती भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा अनाज मंडियों में उपलब्ध करवाई जाए। सरकार द्वारा धान का न्यूनतम मूल्य 2389 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

डीएफएससी पुरुषोत्तम ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए धान खरीद के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा सभी आवश्यक सुविधाएं खरीद सीजन आरंभ होने से पहले पूर्ण करने का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम, एपीएमसी तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---





# बच्चों को सही खान पान और स्वच्छता पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बैजनाथ उपमंडल के बीड बिलिंग में पोषण माह के उपलक्ष्य पर खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ व चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ में किया गया।

जागरूकता शिविर की विधिवत शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य बृजमोहन ने की। जागरूकता शिविर के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अधिकारी रणजीत सिंह द्वारा पोषण माह के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का ब्योरा दिया गया व बच्चों को सही खान पान एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को मजबूत करना है।

---

## विद्यार्थियों ने किया कांगड़ा किला का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विश्व पर्यटन दिवस 2025 के उपलक्ष्य में पर्यटन सप्ताह उत्सव के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग द्वारा ऐतिहासिक कोटला किला (कांगड़ा) में एक दिवसीय विरासत संरक्षण गतिविधि आयोजित की गई।

समारोह का शुभारंभ अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार द्वारा छात्र बसों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। विरासत यात्रा के दौरान छात्रों और प्राध्यापकों ने किले परिसर में स्वच्छता, संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया और रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल के मंत्र को व्यवहार में उतारते हुए सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा दिया।

---

## जोगिंद्रनगर रेल लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने की योजना : घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा



कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सौंपी गई इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत 30,000 करोड़ है। सर्वे के मुताबिक 195 किलोमीटर लंबे इस प्रस्तावित ब्रॉड गेज ट्रैक पर 7 सुरंगें और 1,150 छोटे-बड़े पुल बनाए जाएंगे। रिपोर्ट को अब वित्तीय मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। प्रदेश व देश के लिए एक मजबूत आधारशिला साबित हो सकती है।

---

## स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन निर्माण को लेकर लोगों ने कोर्ट जाने की बनाई रणनीति

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** ग्राम पंचायत सिहुंवा के प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन निर्माण को लेकर लोगों ने कोर्ट जाने की रणनीति बनाई है। इस बारे पूर्व उपप्रधान यशपाल सिंह बिंदु राणा ने स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग को वकील के माध्यम से सेक्शन 80 सीपीसी के अंतर्गत लिगल नोटिस भिजवाया है। बिंदु राणा का कहना है कि जब से सिहवा का प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र फोरलेन की जद में आ गया है तब से स्वास्थ्य विभाग इसको यहीं पर विभाग की बाकी बची जमीन पर बनाने के लिए आनाकानी कर रहा है। पूर्व सैनिक दूलो राम राणा ने स्वस्थ्य विभाग के लिए यह 7 कनाल जगह दान की थी।

उन्होंने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी ने लिगल नोटिस का जवाब दे दिया है जिसमें लिखा गया है कि 20 फरवरी 2025 उन्होंने राजस्व विभाग शाहपुर को लिखित रूप में इस स्वस्थ विभाग की जगह की निशानदेही को कहा है जो आज तक नहीं हुई। खंड चिकित्सा अधिकारी ने पुन: 28 जुलाई को तहसीलदार शाहपुर को लिखित रूप से इस जगह को निशानदेही करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अगर निशानदेही नहीं हुई और पीएचसी का कार्य जल्द आरंभ नहीं हुआ तो विभाग को कोर्ट से सम्मन भेजा जाएगा। वहीं दूसरी ओर पंचायत भवन के पास खाली पड़ी सरकारी भूमि है जहां कभी पहले प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र का कच्चा भवन हुआ करता था।

इस जगह पर अच्छे पंचायत भवन का निर्माण हो सकता है। उपायुक्त कांगड़ा और खंड विकास अधिकारी रैत को भी लिगल नोटिस भिजवा दिया है। पंचायत और प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र घटनाक्रम में कई वर्षों से केंद्र बिन्दु है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में लाल सिंह राणा, शंकर लाल, मदन लाल सिंह शर्मा, रोहित राणा, परस राम, कमल आदि कई मौजूद थे।

---

## सितंबर की तपिश से बेहाल लोग

**कमलजीत, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सितंबर माह के आखिर में भी पड़ रही उमसभरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। जिस समय तक हल्की ठंडक दस्तक दे देती थी, उस समय इस बार पारा लगातार 30 से 35 डिग्री तक पहुंच रहा है। अचानक बढ़े तापमान ने लोगों को हैरान कर दिया है।

पिछले पांच दिन से सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप निकलते ही पारा चढ़ने लगता है और दोपहर तक हालात असहनीय हो जाते हैं। उमस के चलते दिन का चैन और रात की नींद दोनों छिन गए हैं। लोग अब भी पंखे, एसी और कूलर का सहारा लेने को मजबूर हैं।

ठंडा पानी, शीतल पेय और जूस की खपत बढ़ गई है। गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिख रहा है। पक्षी तालाबों व नालों का रुख कर रहे हैं, जबकि खेतों की सब्जियों और बेलों पर मुरझाने के लक्षण नजर आने लगे हैं। दोपहर के समय सड़कें और बाजार लगभग वीरान नजर आती हैं।

---



# वैज्ञानिकों ने छात्रों को बताई औषधीय पौधों की महत्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी धर्मशाला स्थित बगली के छात्रों ने सीएसआरआई-हिमालयन जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान पालमपुर में एक दिवसीय भ्रमण के दौरान पौधों का रोपण व औषधीय निर्माण में उपयोगी जानकारी प्राप्त की गई।

सर्वोदय संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक औषधीय निर्माण में मात्र 114 पौधे ही उपयोग किए जाते हैं। यह पौधे भारत के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा हिमाचल प्रदेश में बहुतायत में उपलब्ध हैं।

**▶ इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक छात्रों ने किया आईएचबीटी पालमपुर का दौरा**

जिनके बारे में वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे पालमपुर स्थित शोध संस्थान में हर प्रकार की वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। छात्रों को बोटेनिकल गार्डन और दवा निर्माण में उपयोग होने वाले औषधीय पौधों से संबंधित जानकारी भी दी जाती है। डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान छात्रों को पालमपुर स्थित विज्ञान केंद्र में भी अध्ययन करने का मौका मिला जहां उन्होंने बहुउद्देशीय जानकारियां प्राप्त कीं।

---

**सौगात**

### एक हेक्टेयर भूमि मिली, ढलियारा में होगा निर्माण

# देहरा में पुलिस लाइन के निर्माण का रास्ता साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस जिला देहरा की अपनी पुलिस लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पुलिस विभाग को ढलियारा में लाइन के निर्माण कार्य के लिए एक हेक्टेयर भूमि प्रदेश सरकार से मिल गई है।

उपायुक्त कांगड़ा ने 25 सितंबर 2025 को पुलिस विभाग के नाम एक हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित करने का पत्र जारी कर दिया। देहरा से कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर सरकार से पुलिस लाइन के लिए भूमि प्राप्त करने को काफी समय से प्रयासरत थीं।

उनकी मेहनत रंग लाई और देहरा में पुलिस लाइन का सपना साकार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वीकृति मिलने पर यह भूमि प्रदान की गई है। प्रदेश सरकार की ओर से पुलिस विभाग को आठ कनाल भूमि इससे पहले एसपी, एएसपी और अन्य अधिकारियों के आवास के लिए आवंटित की जा चुकी है। पुलिस लाइन के अलावा खेल मैदान और

**▶ देहरा में पुलिस लाइन का सपना जल्द होगा साकार**

**▶ पुलिस विभाग को भूमि प्रदान करने का पत्र जारी**

### पुलिस लाइन, खेल मैदान, प्रशासनिक भवन और अफसरों के लिए आवास बेहद जरूरी : कमलेश

**विधायक** कमलेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस लाइन के लिए भूमि उपलब्ध करवाने पर वह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार का धन्यवाद करती हैं। देहरा के पुलिस जिला बनने के बाद अपनी पुलिस लाइन, खेल मैदान, प्रशासनिक भवन और अफसरों के लिए आवास भी बेहद जरूरी हैं। उन्होंने देहरा के प्रशासनिक अधिकारियों के जरिए लगभग तीन हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा था। उसमें से एक हेक्टेयर भूमि पुलिस लाइन बनाने के लिए आज 25 सितंबर को पुलिस विभाग के नाम किये जाने के आदेश उपायुक्त कांगड़ा ने जारी कर दिए हैं। शेष भूमि भी जल्दी मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी ताकि समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा करवाया जा सके।

प्रशासनिक भी ढलियारा में ही बनने हैं। पुलिस विभाग ने उनके भी भूमि उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनके लिए भी मांग अनुरूप भूमि आने वाले दिनों में पुलिस विभाग के नाम हस्तांतरित हो जाएगी।

---

# इशांत भारद्वाज को मिला मोस्ट फेमस यंग फोक सिंगर का अवॉर्ड



**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित हिम सीने एंड अचीवर्स अवॉर्ड-2025 में हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक इशांत भारद्वाज को मोस्ट फेमस यंग फोक सिंगर-2025 का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। उनके गाने इन दिनों हिमाचल प्रदेश में ट्रेंडिंग में चल रहे हैं। इस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उनके माध्यम से हिमाचली लोक गायक इशांत भारद्वाज को यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने इशांत भारद्वाज की लोक गायन क्षेत्र में किए जा रहे बेहतरीन कार्य और और संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाने की खूब सराहना की। साथ उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि शादी समारोह से लेकर हर कार्यक्रम में उनके गानों पर धूम मची रहती है। इसी के साथ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू और चंडीगढ़ में उनकी काफी फैन फ्लाइंग है। इशांत भारद्वाज मूलतः जिला कांगड़ा की तहसील शाहपुर के रहने वाले हैं।

गानों के माध्यम हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इनके अधिकतर गानों में लोक संस्कृति की झलक और खुशबू होती है। यूट्यूब पर उनके चार दर्जन के करीब गाने रिलीज हो चुके हैं, जिनमें निक्की जिनी गोजरी सबसे चर्चित है। कोरोना काल में रिलीज हुआ भारद्वाज का ये गाना इनका फेम गाना माना जाता है। इनके लाखों फॉलोअर्स हैं।

---

## डॉ. बीआर अंबेडकर मिशन समिति का चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश डॉ. बीआर अंबेडकर मिशन अनुसूचित जाति कल्याण समिति ने आज नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया। उपमंडल देहरा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक दलीप सिंह ने की, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व चीफ इंजीनियर ई.एमआर दड़ाच को तीन वर्षों के लिए प्रदेशाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों से आए सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नई टीम में गुरदास राम को मुख्य सलाहकार, प्रो. अमर को सलाहकार, शंकर सान्याल को वरिष्ठ महासचिव, भागी राम कृतनोरिया को महासचिव, पूर्ण चन्द को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तिलोक संधू को उपाध्यक्ष और नरेश को कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का संदेश शिक्षित बनो, संघर्ष करो आज भी समाज सुधार की सबसे बड़ी प्रेरणा है। समिति का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवीं में सीर उत्सव 2 और 3 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में तय हुआ कि इस वर्ष सीर उत्सव का आयोजन 2 और 3 अक्तूबर को दो दिन तक किया जाएगा, जबकि पहले यह केवल एक दिन ही मनाया जाता था। उत्सव की शुरुआत 2 अक्तूबर की सुबह 6:30 बजे सीर खड्ड पुल से मैराथन दौड़ के साथ होगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे, उसी दिन कबड्डी, हैंडबाल, बास्केटबाल और बैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें आठ क्लस्टरों की टीमें हिस्सा लेंगी। विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

एसडीएम गौरव चौधरी ने कहा कि यह उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा और उन्होंने जनता से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि यह आयोजन भव्य रूप से क्रियान्वित किया जा सके। आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए विभिन्न खेलों की देखरेख के लिए समितियों का गठन भी किया गया है, ताकि इस आयोजन को सुचारु रूप से चलाकर भव्य बना जा सके।

### आदर्श ब्वॉय स्कूल घुमारवीं फुटबाल में विजेता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिले में आयोजित जिला स्तरीय ब्वॉयज फुटबाल प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री आदर्श ब्वॉय स्कूल, घुमारवीं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए सभी का दिल जीत लिया। फाइनल मुकाबले में घुमारवीं ब्वॉय स्कूल ने बिलासपुर ब्वॉय स्कूल को 4-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और स्टेडियम में रोमांचक माहौल बना रहा। इस जीत के साथ ही स्कूल के आठ खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो आने वाले समय में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य और खेल अध्यापकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत, कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य स्तर पर भी ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# शिक्षा के क्षेत्र में चमका बिलासपुर

## बोर्ड से नीट तक छात्रों ने दिखाया कमाल, मेरिट सूची में लड़कियों का रहा दबदबा

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश का बिलासपुर जिला इस साल शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का नया अध्याय लिख रहा है। बोर्ड परीक्षाओं से लेकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं तक यहां के छात्रों ने अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में जिले की छात्रा रिधिमा शर्मा ने 99.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। पूरे प्रदेश में इस साल 79.8 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। खास बात यह रही कि मेरिट सूची में लड़कियों का दबदबा रहा, जिसने साबित किया कि बेटियां शिक्षा में लगातार नए आयाम गढ़ रही हैं।

इसी तरह 12वीं कक्षा के नतीजों में भी लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रदेश स्तर पर पास प्रतिशत 83.16 रहा और मेरिट में अधिकांश स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। बिलासपुर के कई विद्यालयों के परिणाम उल्लेखनीय रहे, जिससे जिले की शैक्षणिक साख और मजबूत हुई।



रिद्धिमा व आरव जिन्होंने परीक्षा में मेरिट में आकर बिलासपुर जिले का नाम रोशन किया है।

**शिक्षा में लगातार नए आयाम गढ़ रहीं जिले की बेटियां**

प्रतियोगी परीक्षाओं की बात करें तो बिलासपुर के आरव ठाकुर ने इस साल की नीट यू जी 2025 परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश टॉप किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं, एम्स बिलासपुर के एमबीबीएस प्रवेश में भी जिले के कई विद्यार्थियों ने स्थान बनाया, जहां इस वर्ष कटऑफ 2183 रैंक तक पहुंची।

**तकनीकी शिक्षा में भी बढ़े कदम** : तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी जिले ने कदम आगे बढ़ाए हैं। हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे छात्रों को उन्नत संसाधन उपलब्ध होंगे, साथ ही, आईटीआई स्तर पर डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट टैबलेट वितरण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के छात्रों को बराबर अवसर दिए हैं।

जिला प्रशासन का कहना है कि आने वाले वर्षों में बिलासपुर को शिक्षा का मॉडल जिला बनाने की दिशा में काम हो रहा है। इसके तहत नए उत्कृष्टता केंद्र, छात्रवृत्ति योजनाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बिलासपुर अब सिर्फ हिमाचल का एक जिला नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और मेधा का पर्याय बनता जा रहा है।

### देशभर में शिक्षा में प्रथम जिला बनाने के हो रहे प्रयास

शिक्षा के क्षेत्र में बिलासपुर ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, विषय विशेषज्ञ अध्यापकों की तैनाती और डिजिटल शिक्षा तक समान पहुंच अब भी अहम मुद्दे बने हुए हैं। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए प्रशासन ने विशेष योजना बनाई है। हर स्कूल को स्मार्ट क्लासरूम से जोड़ने, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति बढ़ाने और कोचिंग सुविधाओं को पंचायत स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, साथ ही, शिक्षक प्रशिक्षण और तकनीकी संसाधनों के आधुनिकीकरण पर ज़ोर दिया जा रहा है ताकि बिलासपुर न सिर्फ प्रदेश में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी शिक्षा का नंबर वन जिला बन सके।

# धौलरा मंदिर में शारदोत्सव की तीसरी संध्या भक्ति रस में डूबी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा उत्सव की तीसरी संध्या पर मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप चंद्रघंटा की विधिवत पूजा की गई। शिमला से आए पुजारी सुधांशु शेखर भट्टाचार्य के सानिध्य में पूजा के दौरान मां को शुद्ध जल और पंचामृत से स्नान कराकर पुष्प और मिठाई का भोग लगाया गया। भक्तजनों ने 'ऊं देवी चंद्रघंटायै नम:' मंत्र का जाप कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। चंद्रघंटा स्वरूप में माता के मस्तक में घंटे का आकार का अर्धचंद्र होता है। उनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है और गले में सफेद फूलों की माला है।

देवी के दस हाथों में खड्ग, बाण और अन्य अस्त्र हैं, और उनका वाहन सिंह है। यह स्वरूप साधक में आत्मबल और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला माना जाता है। दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डा. मल्लिका नड्डा ने बताया कि मां चंद्रघंटा की पूजा से नकारात्मक शक्तियों का नाश, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता मिलती है।

तीसरी संध्या में समिति की सदस्याओं अभिलाषा शर्मा और शिवा ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मोहित सांख्यान, राम पाल, जस्सी, अश्विनी शर्मा, प्रमोद बिट्टू, राजेंद्र, पार्षदा संतोष जोशी, अशोक सोहड़, निरूपमा सोहड़, देशराज शर्मा, आशीष शर्मा, अभिलाषा शर्मा, अनीता शर्मा, ललिता प्रभाकर, अभिषेक मिश्रा, निक्की, सुनीता शर्मा, हरेंद्र गौतम, अमरनाथ शर्मा, विशाल शर्मा सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



धौलरा मंदिर में भजन प्रस्तुत करती हुईं दुर्गा पूजा समिति की सदस्य।

# नौणी में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाया मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सदर ब्लॉक मारकंड के दिशा-निर्देशों के तहत ग्राम पंचायत नौणी में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत एक दिन का मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बाबा ने किया। इस शिविर में ग्राम पंचायत नौणी और रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में एम्स बिलासपुर और स्वास्थ्य विभाग खंड मारकंडकी संयुक्त टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। इसमें दंत रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग, मेडिसिन, स्त्री रोग, ईएनटी तथा कम्युनिटी मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। कैंप में रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन और जनरल चेकअप निशुल्क किए गए। इसके साथ ही रोगियों को जरूरी दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं।

टीवी-100 डेस अभियान के अंतर्गत हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा 82 एक्स-रे किए गए। कुल 98 ग्रामीणों ने इस हेल्थ कैंप में जांच करवाई, इनमें से 98 लोगों का जनरल चेकअप हुआ, 38 ने आंखों की जांच, 8 ने स्त्री रोग, 8 ने चर्म रोग, 6 ने दंत जांच और 20 लोगों ने ईएनटी जांच करवाई।

यह कैंप ग्रामीणों के लिए न केवल स्वास्थ्य जांच का माध्यम बना, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता का भी व्यापक संदेश मिला। एम्स और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रशंसनीय कदम रही।

# बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को मिलेगा सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित दो अलग-अलग बैठकों में जिले के सफाई कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाने और अल्पसंख्यक समुदायों के विकास कार्यक्रमों को गति देने के निर्देश दिए गए।

**सफाई कर्मियों के लिए सुरक्षा और कल्याण** : उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं से जोड़ा जाए।

यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया कि उन्हें सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे मास्क और पीपीई किट उपलब्ध करवाई जाएं तथा उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की जाए। बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा भी शुरू की जाएगी।



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त राहुल कुमार, साथ हैं अन्य गणमान्य।

**सफाई कर्मियों और अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए प्रशासन की अनोखी पहल**

**अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विकास योजनाएं** : प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत हुई बैठक में अल्पसंख्यक समुदायों को शिक्षा, रोजगार और आजीविका से जोड़ने वाली योजनाओं पर चर्चा हुई।

बताया गया कि जिले में बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति से लाभान्वित हो रही हैं। इसके अलावा, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री शहरी आजीविका योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों लाभार्थियों को शामिल किया गया है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने दोनों ही मामलों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचाई जाए ताकि कोई पात्र लाभार्थी वंचित न रहे और सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके।

# सीआईएसएफ के मेधावी वाड्र्स को 1.26 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अपने कर्मियों के बच्चों के शैक्षणिक व समग्र विकास के लिए डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में बड़ा सुधार करते हुए शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी वाड्र्स को इसका लाभ देने का निर्णय लिया है।

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में नए मानदंडों के तहत 567 छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जिनमें कक्षा 12वीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले सभी विद्यार्थी शामिल हैं।

पूर्व में केवल 150 वाड्र्स को छात्रवृत्ति दी जाती थी, परंतु अब यह सीमा हटा दी गई है। खेल उपलब्धियों को भी पहली बार इस योजना में शामिल किया गया है। इस वर्ष 5 मेधावी खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी गई।

**शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों पर मिलेगा स्कॉलरशिप का लाभ**

**पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से पारदर्शिता और सुलभता हुई सुनिश्चित**

साथ ही कर्तव्य पर बलिदान देने वाले कर्मियों के 8 वाड्र्स को भी विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। योजना के तहत 80-90% अंक लाने वालों को 20,000 तथा 90% से अधिक अंक लाने वालों को 25,000 रुपए दिए गए।

कुल 1.26 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई। पूरी प्रक्रिया डिजिटल कर दी गई है, जिससे पारदर्शिता और सुलभता सुनिश्चित हुई है। यह सुधार सीआईएसएफ के 'सर्वोपरि कल्याण' दृष्टिकोण का प्रतीक है।

# बरठीं विद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला बरठीं में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय शिविर शुरू हो गया है। शिविर के उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओपी कपिल ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने तथा अनुशासन में रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिविर का वास्तविक लाभ तभी है, जब इसके उद्देश्यों को दैनिक जीवन में अपनाया जाए। एनएसएस प्रभारियों सुनील कुमार एवं सपना ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह भर के शिविर में लगभग 60 स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे और विशेषज्ञों से ज्ञान अर्जित करेंगे। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने परिसर की सफाई कर इसकी शुरुआत की।

# पं. दीनदयाल के लिए जनसेवा का माध्यम थी राजनीति : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को कोठीपुरा स्थित अंबेडकर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद हमीरपुर सुरेश चंदेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

सुरेश चंदेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय 'सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प' में विश्वास रखने वाले मेधावी विचारक और उत्कृष्ट मानवतावादी थे। समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उन्होंने अंत्योदय का नारा बुलंद किया। उनका मानना था कि राष्ट्रवाद और अंत्योदय की अवधारणा से ही भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम थी। उनका यह भी मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की नींव होनी चाहिए।



वरिष्ठ फोटो ब्रेस्ट कार्यकर्ता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**अंबेडकर भवन कोठीपुरा में कार्यक्रम का किया आयोजन**

भारतीय जनसंघ से निकलकर बनी भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसमें पंडित दीनदयाल का अहम योगदान रहा है। सुरेश चंदेल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने उनके पदचिन्हों पर चलकर गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कारगर प्रयास किए।

वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पंडित दीनदयाल के विचारों से प्रेरित होकर 'वोकल फॉर लोकल' पर बल दे रहे हैं और भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है।

# बिजली बिल जमा न करवाने पर 29 के बाद बंद हो जाएगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर,**

सहायक अभियंता ई. सन्नी जगोता विद्युत उपमंडल नं.-1 बिलासपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों जबली, कोठीपुरा, नौणी, छडोल, घागस, बैरी, बरमाना व पंजगाई में जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, वह 29 सितंबर तक जमा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं से 12 लाख 20 हजार 867 रुपए, व्यावसायिक से 8 लाख 88 हजार 283 रुपए, कृषि से 70 हजार 834 रुपए, सरकारी एवं अर्ध-सरकारी उपभोक्ताओं से 3 लाख 38 हजार 539 रुपए, अस्थायी से 38 हजार 900 रुपए, जल शक्ति विभाग से 90 लाख 12 हजार 411 रुपए तथा लघु उद्योग से 55 हजार 697 रुपए की बकाया राशि लंबे समय से प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लंबित बिल जमा करवाने के लिए उपभोक्ताओं से बार-बार अपील की गई है तथा नोटिस भी भेजे गए हैं परंतु संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा अभी तक बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई है।

**कार्रवाई होने पर उपभोक्ता स्वयं होंगे जिम्मेदार**

उन्होंने सूचित किया है कि अगर लंबित बिजली बिल 29 सितम्बरतक जमा नहीं करवाए गए तो उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बिना किसी अन्य नोटिस के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे तथा कनेक्शन पुन: जोड़ने के लिए 250 से 500 रुपए अतिरिक्त वसूले जाएंगे, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# पं. दीनदयाल की जयंती पर आपदा प्रभावितों को बांटी सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को भाजपा के बिलासपुर कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही देश और समाज के लिए उनकी सेवाओं को याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सेवा पखवाड़े के तहत आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री भी भेंट की गई। इस अवसर पर हंसराज ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भी पंडित दीन दयाल के विचार पूरी तरह से झलकते हैं। उन्होंने भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन में 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष बल दिया जा रहा है। देश के स्टार्ट-अप पूरे मजबूत भारत की आधारशिला रख रहे हैं। पंडित दीनदयाल के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार सदियों तक पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का काम करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला भाजपा महासचिव प्यारेलाल चौधरी, कार्यालय सचिव देवेश चंदेल व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदलाल चौधरी समेत कई पदाधिकारी व कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटते मुख्य अतिथि।

**पंडित दीनदयाल की जयंती के उपलक्ष्य में बिलासपुर भाजपा ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

**ये वरिष्ठ कार्यकर्ता हुए सम्मानित** : भाजपा के जिन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उनमें लश्करी राम शर्मा, कृष्ण सिंह ठाकुर, अमरनाथ भारद्वाज, चुनीलाल, लखनपाल, कांशी राम, प्रेमलाल ठाकुर, संतराम वैद, दुर्गा राम लंबरदार, जीतराम, स्वर्ण सिंह, कमल देव, चरनजी लाल, सरवन सिंह, दौलत राम ठाकुर, शेर सिंह, रोशन लाल, सरवन दास, रतनलाल, जोध सिंह, जगतराम ठाकुर, संतराम, संतराम करोट शामिल रहे।

# सुलभ शौचालय में गंदगी फैलने से दुकानदार परेशान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर की गांधी मार्केट और गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स के पास स्थित सुलभ शौचालय में पिछले 15-20 दिनों से सफाई नहीं होने के कारण भयानक गंदगी फैल गई है।

यह शौचालय तीन साल पहले नगर परिषद द्वारा निर्माण करवाया गया था और नियमित रखरखाव के चलते सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। पूर्व महामंत्री, व्यापार मंडल, सुरेंद्र गुप्ता ने उप-मंडलाधिकारी सदर, बिलासपुर को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शौचालय की सफाई न होने के कारण न केवल अंदर की स्थिति खराब हो गई है, बल्कि आसपास की दुकानों और सड़क पर भी बदबू और गंदगी फैल गई है, जिससे दुकानदार और आम लोग काफी परेशान हैं।

सुरेंद्र गुप्ता ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द शौचालय की सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि यह जनसमस्या समाप्त हो और आम जनता को सुविधाजनक और साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

### बरमाणा में सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा पंचायत में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बरमाणा द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से एक वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक प्रबंधक नीलेश नेगी एवं सहायक प्रबंधक अजय कुमार ने ग्रामीणों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बैंक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को बताया कि ये योजनाएं विशेष रूप से ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में सहायक हैं। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर फ्रॉड, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी कॉल आदि से बचने के उपाय बताए और सुरक्षित बैंकिंग के लिए सावधानी बरतने की अपील की। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**मंचन** राम को मिला 14 वर्ष का वनवास; लक्ष्मण व सीता ने भी साथ जाने का लिया निर्णय

# अभिषेक टेस्सू की अदाकारी ने दर्शकों की आंखें की नम

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** पुराना बस अड्डा घुमारवीं के प्रांगण में चल रही रामलीला की तीसरी संध्या में कैकेयी ने महाराजा दशरथ से अपने लंबित दो वचनों की पूर्ति का आग्रह करते हुए जब राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजपाठ मांगा तो पंडाल में बैठे दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इस दृश्य को निभा रहे संस्था के वरिष्ठ कलाकार महंत राम शर्मा की अदाकारी ने दृश्य को जीवंत बना दिया।

वहीं, मंथरा की भूमिका में अंकू और जगरनाथ राणा ने कैकेयी के अभिनय में जान फूंकी। इस संध्या में नगर परिषद घुमारवीं के उपाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समिति की ओर से उनका शॉल, टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में नप उपाध्यक्ष श्याम लाल ने सभी से भगवान राम द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस संध्या में जब राम को वनवास की सूचना मिलती है तो वे इसे पिता की आज्ञा समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। इस दौरान जब महारानी कौशल्या इस निर्णय का विरोध करती है तो भगवान राम उन्हें भी रघुकुल की मर्यादा की सौगंध देकर शांत करते हैं तथा वन की ओर जाने का निर्णय लेते हैं।



पुराने बस स्टैंड घुमारवीं के प्रांगण में चल रही रामलीला की तीसरी संध्या में मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य।

अपने भाई को अकेला वन में जाने पर विचलित लक्ष्मण भी निर्णय लेते हैं कि वे भी अपने भाई के साथ ही रहेंगे, जबकि सीता भी प्रभु राम के साथ वनों को जाने के लिए हठ करती है। भगवान राम उन्हें समझाते हैं कि वनवास केवल उन्हें मिला है, ऐसे में तुम क्यों संकट और विपत्तियों के भागी बन रहे हो। इस दृश्य में राम बने अभिषेक टेस्सू की आभा देखते ही बन रही थी, जबकि लक्ष्मण की भूमिका में भुवनेश गौतम सीता बने विशाल शर्मा ने अपने किरदार को शिद्दत से निभाया।

आदर्श रामलीला नाटक समिति के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि इस संध्या में भगवान राम की लीला को देखने के लिए भारी संख्या में रामभक्त पंडाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि भुवनेश गौतम ने पहली बार लक्ष्मण और सुनील उप्पल ने कौशल्या की भूमिका अदा कर लोगों को हैरान किया।

इस संध्या में सुमित्रा राहुल राणा, सुमंत मंत्री शशि शर्मा, बांदी केतन, विशिष्ठ नीरज शर्मा बने थे, जबकि मंच के पीछे मधुर एवं कर्णप्रिय संगीत में रमेश कुमार ने हारमोनियम पर, रोशन शर्मा व कोरस देने में आशीष कुमार, प्रधान संजय कुमार मुख्य रूप से गीतों में सहयोग किया।

# बैंकों को ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने के लिए करने होंगे गंभीर प्रयास : ओमकांत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर ने सभी बैंकों से जिला में ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर की तुलना में बिलासपुर में यह अनुपात कम है, जिसे सुधारने के लिए बैंक मिलकर काम करें। ओमकांत ठाकुर ने बैंक अधिकारियों से कहा कि किसानों, मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं।

उन्होंने बैंक से उम्मीद जताई कि वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अधिक से अधिक ऋण वितरित करें और आर्थिक विकास में योगदान दें। बैठक में जिले में लागू गरीबी उन्मूलन योजनाओं और वार्षिक ऋण योजना 2025-26 की पहली तिमाही की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि अप्रैल-जून 2025 में 442.70 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 600.49 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया, यानी 135.64 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया। इसमें प्राथमिक क्षेत्र में 100.90 प्रतिशत और गैर-प्राथमिक क्षेत्र में 442.70 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा हुआ। कृषि क्षेत्र में 162.53 करोड़, सूक्ष्म और लघु उद्योग में 226.21 करोड़ और अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में 23.18 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया। इस दौरान 7,099 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। जिले का कुल बैंकिंग व्यवसाय 12,479.21 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

बैठक में ऋण-जमा अनुपात, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर आरबीआई, नाबार्ड और विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक डीएस ठाकुर ने सड़क का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने नडल क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों को मार्ग की स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नडल को जोड़ने वाली मुख्य सड़क थल के समीप क्षतिग्रस्त हो गई है। वर्तमान में प्रशासन ने इसे केवल जीप और छोटे वाहनों के लिए ही खोल पाया है, जबकि भारी वाहन मार्ग पर अब भी अवरुद्ध हैं। विधायक ठाकुर ने कहा कि सड़क की मरम्मत और बहाली के लिए प्रशासन तेजी से कार्य कर रहा है, ताकि आम जनता और आवश्यक सेवाओं की आवाजाही में कोई परेशानी न हो। उन्होंने स्थानीय लोगों से धैर्य रखने की अपील की और कहा कि जल्द ही यह मार्ग पूरी तरह से सुचारू रूप से खुल जाएगा।

### लेच पंचायत में लगाया जन सुरक्षा शिविर

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की धरवाला शाखा ने ग्राम पंचायत लेच में जन सुरक्षा शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार, बैंक कर्मचारी योग राज और पंचायत सचिव कुलदीप कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना, हिम पैसा ऐप, मोबाइल बैंकिंग और कैशलैस लेनदेन के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और महिलाओं को सशक्त बनाने वाली ऋण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### मांधा स्कूल में मनाया एनएसएस का 56वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का 56वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और हिंदी प्रवक्ता सुभाष शर्मा ने की। उन्होंने एनएसएस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित है और युवाओं को समाज सेवा के लिए जागरूक करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और समाज सेवा एक-दूसरे के पूरक हैं तथा एनएसएस युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध की भावना विकसित करता है। उन्होंने सभी छात्रों से समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### छतराड़ी में बैंक ने लगाया डिजिटल साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** छतराड़ी, 25 सितंबर। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा छतराड़ी द्वारा नाबार्ड के एफआईएफ प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायत छतराड़ी के गांव दुंदेही में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यकारी सहायक सतीश कुमार, कनिष्ठ लिपिक सुयश शर्मा और अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बचत एवं चालू खाता, एसएमआरवाई योजना और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल लेन-देन अपनाने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं के लिए चलाई जा रही विशेष योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाने का संकल्प लिया।

### डीसी ने दिए एफसीए अनुमति प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के तहत वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) की अनुमति मामलों की प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय और सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि एफसीए मामलों की प्रगति पर निरंतर नजर रखी जाए और राज्य स्तर पर लंबित मामलों को साथ संपर्क बनाए रखा जाए। उन्होंने उच्च शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा विभागों को शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण के लिए वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत अनुमति प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में चंबा वन वृत्त के लगभग 133 एफसीए मामलों तथा पर्यावरण से जुड़ी परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपदा से निपटने को केंद्र दे 10 हजार करोड़ : राव



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश को आपदा ने काफी गहरे जख्म दिए हैं, जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड़ की सहायता राशि दी है। इसको लेकर पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने बताया कि हम नरेंद्र मोदी की इस सहायता का स्वागत करते हैं, लेकिन पर प्रदेश को 10 हजार करोड़ की राशि और दी जाए। उन्होंने संगठन को लेकर भी कहा कि संगठन का विस्तार जल्द होना चाहिए, ताकि पंचायत व नगर निकायों के चुनावों में संगठन को मजबूती मिले। उन्होंने बताया कि संगठन में उन्हीं लोगों को शामिल किया जाए, जो उचित काम कर सके। रंगीला राम राव ने सरकाघाट में हुई डॉक्टरों की नियुक्तियों को लेकर भी कहा कि कुछ छुटभैया नेता इसका लाभ ले रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार की नीति से यह डॉक्टरों की नियुक्तियां हुई है।

### पधर स्कूल में स्वच्छता अभियान का आयोजन

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों से प्लास्टिक, खाली बोतलें तथा पॉलीथिन इकट्ठा कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षकगण तथा अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत छात्रों द्वारा इकट्ठा किए गए प्लास्टिक कचरे को डलाह पंचायत में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट यूनिट में भेजा गया ताकि उसका सही तरीके से निपटान किया जा सके।

### समलोट वार्ड में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड बस स्टैंड शाखा की ओर से नगर परिषद के समलोट वार्ड में गुरुवार को बैंकिंग प्रणाली पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक अधिकारियों रमेश जम्वाल और अंकुश ठाकुर ने उपस्थित लोगों को बैंकिंग प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों को चेताया कि किसी भी परिस्थिति में अपने एटीएम का गुप्त कोड और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। बैंक अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की बैंकिंग समस्याओं का निपटारा किया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालकों के लिए केसीसी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# अधूरी सड़क से मकानों को खतरा

## ग्रामीणों ने प्रशासन से की जांच और कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**



डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से बात करते ग्रामीण।

चंबा के अंदुवास क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। ग्रामीण मदन पाल, डीसी राम, ओपी राम और हेम राज ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण अधूरी और लापरवाह तरीके से किया गया है, जिससे उनके मकानों और आंगन में दरारें पड़ गई हैं और रास्ता भी असुरक्षित हो गया है।

प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023-24 में चकोली, भडेला और अन्दुवास तक सड़क का निर्माण हुआ, लेकिन उनके घरों के नीचे की खुदाई बिना सुरक्षा उपायों के की गई, जिससे उनके मकानों की नींव कमजोर हो गई। भारी बारिश से सड़क किनारे खाई बन चुकी है और भू-स्खलन का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने एचपीपीडब्ल्यूडी विभाग सलूणी मंडल के चक्कर तीन बार काटे लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन मिले।

हाल ही में उन्होंने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से मिलकर मामले की गंभीरता से जांच की मांग की। उनका कहना है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान होता है, तो इसके लिए विभागीय अधिकारी और ठेकेदार जिम्मेदार होंगे। साथ ही उन्होंने 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों ने सड़क के सामने मजबूत कंक्रीट डंगा बनाने की मांग करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

### राकेश विज बने राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के हिमाचल संयोजक

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच ने हिमाचल प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के लिए एक अहम कदम उठाते हुए चंबा जिला अध्यक्ष राकेश विज को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति हिमाचल प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राना की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राणीत की स्वीकृति से की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि राकेश विज ने अपने कार्यकाल में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के साथ-साथ समाजहित में कई सराहनीय कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों में नई ऊर्जा और दिशा देखने को मिली है। नई जिम्मेदारी मिलने पर राकेश विज ने कहा कि यह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं धर्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में सक्रिय रूप से कार्य करूंगा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगा।



# चंबा और सलूणी में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी किल्लत

**अनंत ज्ञान, सलूणी/चंबा**

नागरिकों ने मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) चंबा में डॉ. विपिन ठाकुर से मिलकर अस्पताल सलूणी में स्वास्थ्य सेवाओं की लंबित समस्याओं को उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से रात्रि सेवा उपलब्ध नहीं थी और अस्पताल में 4 बजे के बाद ताला लग जाता था। अब नया डॉक्टर ज्वाइन कर चुका है, इसलिए नागरिकों ने मांग की कि रात्रि सेवाएं तुरंत बहाल की जाए, ताकि मरीजों को 60 किलोमीटर दूर चंबा तक न जाना पड़े।

साथ ही नागरिकों ने बताया कि लगभग पांच वर्षों से लोक निर्माण विभाग को 10 करोड़ रुपए का बजट अस्पताल का नया भवन बनाने के लिए दिया गया है, लेकिन अभी तक केवल एक डंगा ही तैयार हो पाया है। उन्होंने विभाग से तत्काल भवन निर्माण कार्य पूरा करने या धन वापस कर किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने का निर्देश देने की भी मांग की। सलूणी की 10 पंचायतों सलूणी, दीघाई, बयाना समेत अन्य के 100 से अधिक जनप्रतिनिधि इस मौके पर मौजूद थे। उनका कहना है कि वर्तमान में अस्पताल में मरीजों को सिर्फ आधारभूत सुविधाएं ही मिल पाती हैं, जबकि एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जैसी जरूरी सेवाओं के लिए भी चंबा जाना पड़ता है।

पंचायत समिति सदस्य दिनेश राणा ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर रात्रि सेवा बहाल नहीं की गई और भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो वे स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी।

### चरस तस्कर को सुनाई 10 साल कैद व जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 25 सितंबर को चंबा की विशेष न्यायाधीश-2 रामनिक शर्मा की अदालत ने संजीव कुमार, पुत्र टेक चंद, ग्राम छटोआ, थाना लेसुई, तहसील चुराह, जिला चंबा को एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 20 के तहत दोषी ठहराया। आरोपी को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है और एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में उसे एक वर्ष और कठोर कारावास भुगतना होगा।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 3 दिसंबर 2020 को लगभग 12.50 बजे कोटी चौक, थाना सदर चंबा, जिला चंबा में आरोपी संजीव कुमार को 1 किलो 114 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया। यह चरस आरोपी के हल्के गुलाबी रंग के कैरी बैग से बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच की और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया। प्रोसीक्यूशन की ओर से आठ गवाहों को अदालत में पेश किया गया और सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। हिमाचल प्रदेश राज्य की ओर से अभियोजन पक्ष का संचालन जिला चंबा के लोक अभियोजक अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

### चंबा-खज्जियार मार्ग बहाल, बस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चंबा-खज्जियार मार्ग आखिरकार कई दिनों की कठिनाइयों के बाद भारी वाहनों (एचएमवी) के लिए खोल दिया गया है। हाल ही में आई आपदा और लगातार भूस्खलन के चलते यह मार्ग बंद था, जिसके कारण स्थानीय निवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार से खज्जियार तक नियमित बस सेवा भी बहाल कर दी गई है। इससे न केवल आम जनता को राहत मिली है, बल्कि पर्यटन उद्योग को भी एक नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। विश्व प्रसिद्ध 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर खज्जियार हर साल हजारों सैलानियों को आकर्षित करता है और मार्ग बहाली को इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की सक्रियता और अभियंता भास्कर सहगल के प्रयासों से यह कार्य समय रहते पूरा हो सका। स्थानीय जनता ने उनके योगदान की सराहना की है। इसी के साथ सदर विधायक नीरज नैय्यर का भी आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने इस मार्ग को प्राथमिकता देते हुए विभाग के साथ निरंतर तालमेल बनाए रखा और कार्यों की निगरानी की। इस बहाली से जहां आम लोगों के दैनिक जीवन में सुगमता आई है, वहीं कारोबारियों और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों में भी नए उत्साह का संचार हुआ है।

# जसौरगढ़ जीरो प्वाइंट पर सरिया से भरा ट्रक पलटा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जसौरगढ़ जीरो प्वाइंट पर पलटा सरिए से भरा ट्रक।

चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर जसौरगढ़ जीरो प्वाइंट के समीप देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। सरिए से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को हल्की चोटें आई हैं। ट्रक के पलटने से सड़क पर सरिए बिखर गए, जिसके चलते रातभर से वाहनों की आवाजाही ठप पड़ी रही। सुबह तक दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और यात्री घंटों फंसे रहे। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सड़क से सरिए हटाने का कार्य शुरू किया। हालांकि, भारी मात्रा में सरिए बिखरे होने के कारण मार्ग बहाल करने में काफी समय लग रहा है। प्रशासन ने बताया कि सड़क को खोलने में अभी कुछ और घंटे लग सकते हैं। फिलहाल पिछले 10 घंटे से चम्बा-तीसा मार्ग पूरी तरह बंद है और प्रशासन लगातार राहत एवं बहाली कार्य में जुटा हुआ है। सड़क बहाल होते ही वाहनों की आवाजाही सुचारु कर दी जाएगी। यह दुर्घटना न केवल यातायात बाधित करने वाली रही बल्कि लोगों की दिनचर्या को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर गई है।

### सलूणी कॉलेज में जांचा छात्राओं का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डॉ. सुनील कक्कड़ खण्ड चिकित्सा अधिकारी किहार की अध्यक्षता में राजकीय स्नातक महाविद्यालय सलूणी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत कॉलेज की छात्राओं के खून की जांच की गई जिसमें 65 छात्राओं की रक्त जांच में एनीमिया के लिए की गई, जिसमें माइल्ड एनीमिया 26 छात्राओं में पाया गया और 13 छात्राओं में माध्यम एनीमिया पाया गया गंभीर एनीमिया कोई भी केस नहीं पाया गया बच्चों संबोधित करते हुए डॉ. सुनील बीएमओ किहार और श्री होशियार सिंह स्वास्थ्य शिक्षक ने उपस्थित छात्रों को मासिक धर्म स्वच्छता, गैर संचारी रोग की रोकथाम और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अपने आस पड़ोस की सफाई के बारे में जानकारी दी वायु और जल प्रदूषण के नियंत्रण के लिए भी उपस्थित छात्रों को जागरूक किया डॉ.सुनील ने बताया कि माता भलेई के मंदिर में भी नवरात्रों के दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है और साथ में लोगों को गैर संचारी रोगों और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# राजीव गांधी कॉलेज में करियर काउंसिलिंग पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में करियर काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सैल के तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला निम्बस अकादमी चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या निशा वैद्य ने किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए उज्ज्वल भविष्य निर्माण का आह्वान किया। निम्बस अकादमी चंडीगढ़ के डायरेक्टर राजीव कुमार ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी प्रदान की और उन्हें सफलता के लिए रणनीति बताई। करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के डिप्टी हेड नवीन निश्चल सूद ने बताया कि विगत चार वर्षों से सैल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु गतिविधियों का आयोजन करता आ रहा है। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सैल की कार्यकारिणी के सदस्य प्रो. श्रवण कुमार, प्रो. विशाल कुमार, प्रो. मोहिनी देवी, प्रो. पूनम कुमारी और प्रो. संतोष कुमार भी उपस्थित रहे। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### साई मार्केट जोगिंद्रनगर में हुआ मां दुर्गा उत्सव एवं विसर्जन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** साई मार्केट जोगिंद्रनगर में चल रही मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम की तीसरी संध्या की शुरुआत महामाई की आरती से की गई। बीरवार को पंडाल में पंडित सतीश शर्मा द्वारा महामाई की कथा सुनाई गई। तीसरी संध्या में लोक गायक संजीव सुकोश और अनिल सुकोश ने महामाई का गुणगान किया। संजीव और अनिल सुकोश ने संयुक्त रूप से मां भगवती का गुणगान किया। तीसरी संध्या में कूपन के माध्यम से लक्की ड्रा भी निकाले गए। तीसरी संध्या में यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता धीरज सूद मुख्यातिथि रहे, वहीं लोक गायक राकेश रावत ने मां दुर्गा का गुणगान किया।

### अर्जुन और रेशब का राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विजय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के दो खिलाड़ी अर्जुन व रेशब अंडर 14 राष्ट्रीय बास्केटबाल की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। पाठशाला की प्रधानाचार्य जय श्रीकपूर ने बताया कि राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिता जिसमें मंडी जिला स्टेट चैंपियन रहा है में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इन बालकों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया। प्रधानाचार्य ने इन दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए यह उम्मीद जताई कि राज्य की तरह राष्ट्रीय स्तर पर भी इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा।

# हेड कांस्टेबल प्रिंस जम्वाल एनएसजी कमांडो टीम में चयनित



थर्ड आईआरबीएन पंडोह के हेड कांस्टेबल प्रिंस जम्वाल को सम्मानित करते हुए।

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** थर्ड आईआरबीएन पंडोह के हेड कांस्टेबल प्रिंस जम्वाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी और बटालियन की साख बनाई है। अपने क्षेत्र कोटली का नाम रोशन करते हुए अपनी एक नई पहचान बनाई है, जो मंडी के लिए गौरव की बात है।

प्रिंस हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो टीम में शामिल किए गए हैं। अब प्रिंस जम्वाल अगले 5 वर्षों तक एनएसजी में सेवाएं देंगे।

बता दें कि एनएसजी में जाने के लिए उन्होंने तीन महीने की कठोर ट्रेनिंग प्रक्रिया को पूरा करते हुए अपने प्रतिभा का लोहा जमाया है। अपने जज्बे, अनुशासन और कड़ी मेहनत से ओवर आल बेस्ट कमांडो का खिताब भी हासिल किया। प्रिंस जम्वाल वर्ष 2013 से थर्ड आईआरबीएन पंडोह में कार्यरत हैं।

# जोनल अस्पताल में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोनल अस्पताल मंडी में बीरवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिपाली शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने फार्मेसी अधिकारियों की स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान पर प्रकाश डाला तथा सभी चीफ फार्मेसी ऑफिसर और फार्मेसी ऑफिसर को शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु फार्मासिस्टों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर, एमओएच डॉ. अरिंदम रॉय, डॉ. अरविंद बहल, चीफ फार्मेसी ऑफिसर विनय चंदेल, हंस राज, टेक चंद, कमला सहित सभी फार्मेसी अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुरु इंटरनेशनल लॉ मॉन्टेसरी स्कूल में मनाया गरबा-डे

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** गुरु इंटरनेशनल लॉ मॉन्टेसरी स्कूल में गरबा-डे का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। नवरात्रि पर्व की पावन बेला पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे वस्त्रों में सजधज कर जब बच्चे गरबा की ताल पर थिरके तो पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो उठा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्यौहारों के प्रति रुचि पैदा करना तथा उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाना था। इस दौरान अध्यापकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भारतीय विरासत से जुड़े आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में प्रवासी की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन में के अंतर्गत एक प्रवासी व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान सुरिंद्र मंडल पुत्र भरत मंडल, निवासी मोहतारी (नेपाल) के नाम से हुई है जो अस्थायी तौर पर नादौन की रतन गली, पतन बाजार में किराये के मकान में रहता था। वह अपने किराए के मकान में संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टांकरी में मिला त्रिलोकीनाथ देवालय का अभिलेख

**अनंत ज्ञान, मंडी**

#### शारदा लिपि से है संबंध
#### संस्कृत में लिखे हैं जीवनोपयोगी श्लोक

टांकरी लिपि के शोधकर्ता पारुल आरोड़ा ने दावा किया है कि त्रिलोकीनाथ मंदिर में लगे शिलालेख को पढ़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि मांडव्य नगरी मंडी स्थित प्राचीन त्रिलोकीनाथ देवालय में टांकरी लिपि में अंकित एक दुर्लभ शिलालेख मिला है, जो संस्कृत भाषा में है। यह शिलालेख भगवान शिव को समर्पित है और इसमें 16 पंक्तियों में जीवनोपयोगी श्लोक उत्कीर्ण हैं। उनके अनुसार यह लेख कलियुगाब्द 4622 या 4722 का है। शिलालेख की लिपि टांकरी है, जिसका आधार शारदा लिपि है। कई अक्षर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे इसका संरक्षण आवश्यक हो गया है। अनुवाद कार्य में एआई की सहायता ली गई है। यह शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ बन सकता है।

**जानकारी** सांसद ने जीएसटी सुधारों को लेकर वीरवार को की प्रेस वार्ता

# जीएसटी में बड़े बदलाव, रोजमर्रा की चीजों पर राहत: डॉ. राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, चंबा**




सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज पत्रकार वार्ता करते हुए।

चंबा-कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने गुरुवार को सर्किट हाउस, चंबा में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी सुधारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व एससी/एसटी कॉर्पोरेशन अध्यक्ष जय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

डॉ. भारद्वाज ने कहा कि जीएसटी को अब दो स्लिप्स में सरलीकृत कर दिया गया है, जिससे आम जनता को सीधे और बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लग्जरी वस्तुओं पर टैक्स बढ़ाकर और रोजमर्रा की जरूरतों पर राहत देकर मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत दी गई है, जो उनके बजट पर सीधा सकारात्मक असर डालेगी। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम की गई हैं। वहीं, कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड, सिगरेट, शराब और तंबाकू पर टैक्स दर बढ़ाई गई है, ताकि युवाओं को नशे से बचाया जा सके।

साथ ही हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर टैक्स समाप्त किया गया है और सभी कैंसर दवाइयां अब टैक्स फ्री हैं। किसानों और मजदूरों के लिए ट्रैक्टर, कटाई की मशीन, टैक्सी और ऑटो रिक्शा पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू की गई है। छोटे वाहन और छोटी कारों पर भी टैक्स दर कम की गई है, जबकि लग्जरी गाड़ियां अब महंगी होंगी, जिससे साधारण परिवारों के लिए राहत सुनिश्चित होगी।

किसानों और मजदूरों के लिए ट्रैक्टर, कटाई की मशीन, टैक्सी और ऑटो रिक्शा पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू की गई है। छोटे वाहन, दोपहिया वाहन और छोटी कारों पर भी जीएसटी दर कम की गई है, जबकि लग्जरी गाड़ियों पर दर बढ़ाई गई है, जो आम लोगों की पहुंच से बाहर हैं। साथ ही हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर टैक्स समाप्त किया गया है और सभी कैंसर दवाइयां अब टैक्स फ्री हैं। डॉ. भारद्वाज ने जोर देकर कहा कि यह सुधार आर्थिक मजबूती, पारदर्शिता और आम जनता के लिए सीधी राहत सुनिश्चित करेगा।

Fixed for: 28.10.2025
**In the Court of Senior Civil Judge, Court No. 1 Sundernagar, District Mandi HP**
Succession Act 1/2025
Reg. No. 2/2025
In the matter of:
**Sunil Kumar S/o Late Raj Mal R/o V.P.O. Sudhan, Sub-Tehsil Dehar, Tehsil Sundernagar, District Mandi, H.P.**
Vs
**General Public and Ors**
**Application u/s 372 of Indian Succession Act for grant of succession certificate**
**Notice to:-**
**Defendant No. 1: General Public**
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the Court that above named **Defendant No. 1** cannot be served in the ordinary way. Hence this proclamation is hereby issued against him to appear in this court on or before **28.10.2025** at 10.00 AM., to defend the case personally or through an authorized agent or pleader, **failing which ex-parte proceeding will be taken against her/him.**
Given under my hand and seal of the Court this 15th day of September, 2025.
**Senior Civil Judge
Court No.-1 Sunder Nagar,
Distt. Mandi (H.P.)**

**इंसान** को मुश्किलों की जरूरत पड़ती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए ये मुश्किलें बहुत जरूरी हैं। - **एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

# चिट्टे के खिलाफ जंग

हिमाचल में नशा ऐसा नासूर बन चुका है, जिसने समाज को खोखला करना शुरू कर दिया है। कभी इस प्रदेश में शराब और भांग ही नशे का प्रमुख साधन हुआ करते थे। गांवों में भांग की खेती सामान्य मानी जाती थी और स्थानीय स्तर पर इसका सेवन भी होता था। शराब की खपत भी पहले इतनी व्यापक नहीं थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। शराब तो अब हर ढाबे, छोटी दुकानों और यहां तक कि कई अवैध अड्डों पर खुलेआम बेची जा रही है। अधिकृत ठेकों के सामानांतर अघोषित अवैध ठेके पनप चुके हैं, जहां सुबह से ही पैग का कारोबार शुरू हो जाता है और जैसे-जैसे दिन ढलता है, यह कारोबार और तेज हो जाता है। शराब अब केवल शौक नहीं रही, बल्कि कई लोगों के लिए लत और जीवनशैली बन चुकी है। भांग का चलन हालांकि पिछले एक दशक में कम हुआ है। इसका कारण यह है कि स्थानीय डिमांड तेजी से गिरी है और इसकी खेप अब अधिकतर विदेशों में सप्लाई की जाने लगी है, लेकिन नशे की दुनिया ने इस खाली जगह को भरने में देर नहीं की।

भांग की जगह अब चिट्टे ने ले ली है। चिट्टे की पकड़ में आने वाली मात्रा ग्रामों में होती है, क्योंकि यह नशा सोने से भी महंगा माना जाता है। एक ग्राम चिट्टे की कीमत चार से पांच हजार रुपए तक पहुंच जाती है। ऐसे में यह नशा न केवल खतरनाक, बल्कि महंगा भी है। इसकी कीमत ही इसके फैलाव को और खतरनाक बनाती है, क्योंकि इस धंधे में शामिल लोग जल्दी अमीर बनने के लालच में फंस जाते हैं। कई प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी इसकी दलदल में शामिल हो चुके हैं। वे सोचते हैं कि कुछ समय के लिए इस धंधे से लाखों-करोड़ों कमा लेंगे और बाद में इस काली कमाई को सफेद करने के लिए किसी अच्छे व्यापार में निवेश करेंगे, लेकिन सच यह है कि जब कोई इस धंधे में उतरता है, तो उसके लिए इससे बाहर निकल पाना मुश्किल हो जाता है। पैसा उसकी आंखों पर ऐसा पर्दा डाल देता है कि उसे अपनी बदनामी या परिवार के बिखरने की भी परवाह नहीं रहती।

यह स्थिति अब इतनी भयावह हो चुकी है कि हिमाचल की नौजवान पीढ़ी चिट्टे के नशे में फंसती जा रही है। जो युवक एक बार इसके चंगुल में आ जाता, वह बाहर निकल ही नहीं पाता। यह नशा शरीर और दिमाग पर इतना गहरा असर डालता है कि इंसान पूरी तरह से इसका गुलाम हो जाता है। अब तो प्रदेश में चिट्टे की ओवरडोज से मौत के मामले भी बढ़ने लगे हैं। इससे ज्यादा दुखद यह है कि अब केवल लड़के ही नहीं, बल्कि लड़कियां भी इस नशे की गिरफ्त में आने लगी हैं। इससे घर-परिवार टूट रहे हैं, माता-पिता अपने बच्चों को खो रहे हैं और समाज का ताना-बाना बुरी तरह से बिखर रहा है। ऐसे हालात में यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि आखिर इस चिट्टा तस्करी पर लगाम कैसे लगाई जाए? जब सिस्टम के भीतर ही छेद हैं, जब जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही इसमें शामिल पाए जाते हैं, तब यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि किसे पकड़ा जाए और किसे छोड़ा जाए? यही कारण है कि नशे के खिलाफ अब केवल पुलिस कार्रवाई काफी नहीं है। इसके लिए समाज की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। इसी कड़ी में हिमाचल पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। प्रदेश में एंटी-चिट्टा वॉलंटियर स्कीम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में एक हजार स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। पुलिस विभाग ने इस प्रस्ताव को सरकार को भेजा है और उम्मीद है कि सुक्खू सरकार भी इसे मंजूरी दे देगी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी जीती जा सकती है, जब पुलिस, जनता और अन्य हितधारकों के बीच मजबूत साझेदारी बने। ये वॉलंटियर समाज में जाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। वे स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। वे रैलियां, नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया अभियानों के जरिए इस खतरे के प्रति लोगों को सचेत करेंगे। इसके अलावा वे संदिग्ध गतिविधियों, हॉटस्पॉट और अपराधियों की गुप्त जानकारी पुलिस तक पहुंचाएंगे। जो लोग नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उन्हें पुनर्वास केंद्रों और परामर्श सेवाओं से जोड़ा जाएगा। इस तरह यह योजना केवल अपराध पर नकेल कसने का प्रयास नहीं होगी, बल्कि यह समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का भी साधन बनेगी। फिर भी यह मानना होगा कि योजना बनाना एक बात है और उसे जमीन पर उतारना दूसरी।

वॉलंटियर स्कीम कितनी सफल होगी, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि इसे किस गंभीरता से लागू किया जाता है। अगर यह केवल कागजों में सीमित रह गई, तो नशे के खिलाफ लड़ाई को कोई खास फायदा नहीं मिलेगा, लेकिन अगर इसे ईमानदारी और पारदर्शिता से लागू किया गया, तो यह नशे के खिलाफ एक बड़ा हथियार साबित हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे को केवल अपराध की नजर से न देखा जाए, बल्कि इसे एक सामाजिक समस्या समझा जाए। यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था की नहीं है, बल्कि यह हमारे परिवारों, युवाओं और आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ी है। चिट्टे ने कितने ही घर बर्बाद कर दिए हैं। माता-पिता अपने बच्चों की लाशें उठाने को मजबूर हैं और कई परिवार आर्थिक व मानसिक रूप से टूट चुके हैं। अगर समाज जागरूक हो, परिवार सजग रहें और पुलिस-प्रशासन ईमानदारी से काम करें, तभी यह लड़ाई जीती जा सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के 13वें प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह
जन्म :26 सितंबर, 1932
मृत्यु :26 दिसंबर 2024

**मनमोहन** सिंह भारत के 13वें प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने वाले पहले सिख हैं। मनमोहन सिंह की अपने कुशल और ईमानदार छवि के कारण सभी राजनीतिक दलों में अच्छी साख है। जब कांग्रेस और उसके सहयोगियों को 2004 के चुनाव के बाद बहुमत मिला तो मनमोहन सिंह को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की इच्छा से प्रधानमंत्री चुना गया था। भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्म पाकिस्तान में गाह नामक गांव में हुआ था। गाह अब पाकिस्तान के पंजाब सूबे में स्थित है। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। मनमोहन सिंह एक कुशल राजनेता के साथ-साथ एक अच्छे विद्वान, अर्थशास्त्री और विचारक भी हैं। मनमोहन सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है। मनमोहन सिंह की तीन बेटियां हैं। मनमोहन सिंह में चतुर एवं बुद्धिमानी के गुण हैं। मनमोहन सिंह 72 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनाए गए। इन्होंने स्वप्न में भी यह कल्पना नहीं की थी कि वे इस देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं। ■



कविता

## मेरा प्यार शालीमार

डॉ. कौशल्या मनोज

*तेरी हर बात मुझे है याद अभी, दिल दिल्लगी बरसात सभी।*
*वो तेरी हँसी, तेरा मुस्काना, हर रोज गली तेरी आ जाना।*
*यूं जब न देखूं, इक नजर तुझे, फिर नींद थी आती कहां मुझे।*
*पता नहीं तुझमें क्या देख लिया, बस मैं न पाया अपना जिया।*
*हर रोज मिलन की आस लिए, तेरी गली भटकता पास प्रिय।*
*वो आधी जागी सी रातें थी, दिल सकूं दिलाता जान प्रिय।*
*बहकी बहकी तेरी बातें वो, भीगी जुल्फ बरसातें वो।*
*वो मौन अधर वो झुके नयन, मेरे साथ थिरकती शामें वो।*
*कोरे कागज पर कुछ लिखना, बिन लिखे ही सबकुछ पढ़ लेना।*
*तू ही तू है मेरे जीवन में, आ लौट चलें दिल के वन में।*
*काश समझती तू मुझको, मेरा दिल जो उसकी परिभाषा।*
*जो धड़क-धड़क ले नाम तेरा, आज भी उसकी है आशा।*
*आ लग जा गले ओ जानेमन, फैला बाहें, कर आलिंगन।*
*मेरा बीत रहा प्यासा सावन, तुझे ढूंढ रहा मेरा तन मन।*
*मुझे याद सभी हैं बात तेरी, कैसे दिन बीते बरसात भरी।*
*वो तेरी हँसी, तेरा मुस्काना, हर रोज गली तेरी आ जाना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# दवाइयों के सैंपल फेल होना मतलब जीवन से खिलवाड़





लकेश चंदेल
बिलासपुर, (हिप्र)

हाल ही में विभिन्न समाचार पत्रों में यह पढ़ने को मिला है कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ की जांच में हिमाचल प्रदेश के 41 दवा उद्योगों में निर्मित 60 तरह की दवाएं गुणवत्ता के पैमानों पर फेल हो गई हैं। इस खबर ने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में, बल्कि पूरे देश में चिंता और आक्रोश की लहर पैदा कर दी है।

सबसे गंभीर बात यह है कि इन दवाओं में वे जीवन रक्षक दवाइयां भी शामिल हैं, जो सामान्य बुखार से लेकर हृदय रोग, मधुमेह, अनिद्रा, हाई ब्लड प्रेशर, संक्रमण, गैस्ट्रिक रोग और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं तक के इलाज में उपयोग की जाती हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि ये दवाइयां बाजार में बिकने के लिए पहुंच चुकी थीं। यानी लाखों लोग इन घटिया और अविश्वसनीय दवाओं का सेवन कर चुके होंगे। यह न केवल एक उद्योगिक विफलता है, बल्कि एक नैतिक और मानवीय अपराध भी है।

आज के युग में, जहां चिकित्सा क्षेत्र तकनीकी रूप से अत्यंत उन्नत हो चुका है, वहीं हिमाचल में दवाइयों की गुणवत्ता जांच प्रणाली बार-बार फेल होना अत्यंत दुखद है। पहले मिलावट की खबरें दूध, दही, घी या मसालों तक सीमित थीं। अब जब यही मिलावट संजीवनी मानी जाने वाली दवाइयों तक पहुंच चुकी है, तो यह न केवल नैतिक पतन है, बल्कि मानवता पर सीधा आघात है।

एक आम नागरिक दिन-रात मेहनत करता है, अपने परिवार के लिए कमाता है। सुख-सुविधाओं को त्यागकर वह स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है, मेडिकल बीमा करवाता है, ताकि संकट के समय उचित इलाज मिल सके, लेकिन जब वही व्यक्ति किसी बीमारी से जूझते हुए दवा की एक गोली पर उम्मीद लगाए बैठा हो और वह गोली ही नकली या घटिया हो, तो उसके भरोसे का क्या?

आखिर इस घोर लापरवाही और धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या सरकार? क्या स्वास्थ्य विभाग? या वे लालची दवा निर्माता, जिनके लिए मुनाफा इंसान की जान से बड़ा हो गया है? यह सवाल भी उठता है कि अगर दवा सैंपल गुणवत्ता जांच में फेल हो चुका है, तो उसे बाजार में भेजने की अनुमति क्यों दी गई? ऐसी लापरवाही के लिए सिर्फ कंपनी ही नहीं, बल्कि संबंधित निरीक्षण अधिकारी, लैब और वितरण एजेंसियां भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। जांच एजेंसियों को केवल रिपोर्ट दर्ज करके काम नहीं चलाना चाहिए, बल्कि दोषियों के विरुद्ध तुरंत प्रभाव से सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

इन कंपनियों के उत्पादन लाइसेंस रद्द किए जाने चाहिए और उन्हें ब्लैकलिस्ट में डाला जाना चाहिए, ताकि भविष्य में वे फिर से लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ न कर सकें। यदि यह व्यवस्था अब भी ढीली रही, तो देश में आम आदमी का स्वास्थ्य व्यवस्था पर से विश्वास उठ जाएगा। दवाएं केवल एक उत्पाद नहीं होतीं, बल्कि ये जीवन देने वाली वह शक्ति होती हैं, जिन पर लोग अंधविश्वास की हद तक भरोसा करते हैं। एक नवजात शिशु से लेकर वृद्ध तक, हर व्यक्ति किसी न किसी समय दवाइयों पर निर्भर होता है। जब ऐसी दवाएं ही संदेह के घेरे में आ जाएं, तो समाज में भय और अविश्वास का माहौल बनना स्वाभाविक है।

आज का युग तकनीक और विज्ञान का युग है। चिकित्सा विज्ञान ने असंभव को संभव कर दिखाया है। कैंसर, हृदय रोग, मानसिक विकार, सबका इलाज खोजा जा चुका है, लेकिन अगर दवा की गुणवत्ता में ही गड़बड़ी हो, तो ये सारी उपलब्धियां व्यर्थ हो जाती हैं। इसलिए यह अनिवार्य है कि गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को पारदर्शी, डिजिटल और तत्काल कार्रवाई योग्य बनाया जाए। हमें यह भी समझना होगा कि स्वास्थ्य एक मौलिक अधिकार है और इसे सुरक्षित रखना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। डॉक्टर, फार्मासिस्ट, दवा निर्माता, विक्रेता और स्वयं उपभोक्ता-सभी को सजग रहना होगा।

सरकार को चाहिए कि वह गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करे। हर बैच की दवाइयों की सैंपलिंग प्रक्रिया अनिवार्य करे, कानूनों को और सख्त बनाए और जनता के लिए एक शिकायत प्रणाली तैयार करे । इसके अलावा जहां लोग घटिया दवाओं की रिपोर्ट कर सकें। जनता को भी जागरूक रहना चाहिए। हमेशा विश्वसनीय दुकानों से ही दवाइयां खरीदनी चाहिए। पैकेजिंग, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट की हमेशा जांच करनी चाहिए। किसी भी संदेह की स्थिति में डॉक्टर या फार्मासिस्ट से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

दूसरी ओर, यह भी समय की मांग है कि सरकार फार्मा सेक्टर में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) को अनिवार्य करे। मुनाफे के साथ-साथ कंपनियों को जनहित में निवेश भी करना होगा- जैसे मुफ्त जांच शिविर, जागरूकता अभियान और सस्ती दवाइयों की आपूर्ति। भारत जैसे देश में, जहां गरीब और मध्यम वर्ग की एक बड़ी आबादी दवाओं पर निर्भर है, वहां इस तरह की घटनाएं केवल नैतिक विफलता नहीं, बल्कि आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आती हैं।

बहरहाल, यह कहना उचित होगा कि दवाई केवल व्यापार नहीं, सेवा है। यह इंसान की जान से जुड़ी हुई चीज है। इसमें जरा सी लापरवाही भी अनगिनत परिवारों को तबाह कर सकती है। अतः इस क्षेत्र में कार्य करने वालों को केवल व्यावसायिक नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाना होगा। स्वास्थ्य विभाग, केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इस दिशा में बिना देरी किए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और आम नागरिक का स्वास्थ्य व जीवन सुरक्षित रह सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# आपदाओं की मार और संतुलित विकास की पुकार



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर



हिमाचल प्रदेश में लगातार तीन वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में हुई भयावह वृद्धि ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जलवायु परिवर्तन, अनियोजित विकास और पर्यावरणीय असंतुलन ने देवभूमि की सुंदरता पर संकट खड़ा कर दिया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए हिमाचल सरकार से जवाब मांगा है कि आखिर इस तबाही का जिम्मेदार कौन है। प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में 481 लोगों की मौत, 41 लापता, हजारों करोड़ की संपत्ति, खेत-खलिहान, पेड़-पौधे और पशुधन का नुकसान दर्ज किया गया है। सरकारें अगर समय रहते पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता देतीं तो शायद आज सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है, लेकिन जब धर्म व्यवसाय बन जाए, तो देवता भी नाराज हो जाते हैं। यह प्रदेश, जिसका गठन 25 जनवरी 1971 को हुआ और जिसे विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, आज प्रकृति के प्रकोप से कराह रहा है। आधुनिक विकास की होड़ में सड़क चौड़ीकरण, बहुमंजिला इमारतों और अवैध खनन ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है।

भू-स्खलन, बादल फटना, बिजली और जल आपूर्ति का बाधित होना अब आम घटनाएं बन गई हैं। जिला मंडी, सराज, कुल्लू, चंबा जैसे क्षेत्र बार-बार आपदा का शिकार बन रहे हैं।

आज हालात इतने बदतर हैं कि सरकार को बार-बार केंद्र से आपदा पीड़ित राज्य घोषित करने की मांग उठानी पड़ रही है। केंद्र सरकार ने करोड़ों की राहत राशि जारी की है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि हर साल की बरसात हिमाचल के लिए अभिशाप बनती जा रही है। आपदा के दृश्य सोशल मीडिया में वायरल होने से प्रदेश की पर्यटन छवि को भी नुकसान पहुंचा है। सबसे चिंता की बात यह है कि हम बार-बार आपदा की जड़ को पहचानने से बच रहे हैं। भू-विशेषज्ञों का मानना है कि विकास योजनाओं में पर्यावरणीय मूल्यांकन की अनदेखी, वनों की अंधाधुंध कटाई, और जलवायु परिवर्तन इसकी मुख्य वजह हैं।

जंगलों में घटते पेड़ों और बढ़ती खरपतवार ने पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। प्रदेश सरकारें वन महोत्सव और पौधरोपण पर लाखों खर्च कर रही हैं, लेकिन यदि पेड़ केवल सेल्फी लेने तक सीमित रहें और उनका रखरखाव न हो तो यह केवल दिखावा बनकर रह जाता है। असली जरूरत है वास्तविक संरक्षण की—पेड़ों के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध, अवैध खनन पर कठोर कार्रवाई और सतत विकास की नीति अपनाने की।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि हिमाचल में फोरलेन निर्माण, बेतरतीब शहरीकरण और अत्यधिक निर्माण प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारण बन चुके हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो देवभूमि की पहचान और अस्तित्व दोनों ही खतरे में पड़ सकते हैं। आज आवश्यकता है कि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय की चेतावनी को गंभीरता से ले और विकास के नाम पर हो रहे विनाश को रोके। अगर अब भी नहीं चेते तो निकट भविष्य में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केरल जैसे राज्यों में आपदाएं आम बात बन जाएंगी और तब सिर्फ राहत राशि नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भ्रष्टाचार** समाज की एक गंभीर समस्या है, जो देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है। जब कोई व्यक्ति अपने पद या अधिकार का दुरुपयोग निजी लाभ के लिए करता है, तो वह भ्रष्टाचार कहलाता है। यह प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, न्याय प्रणाली आदि सभी क्षेत्रों में फैला हुआ है। इससे ईमानदार लोगों का मनोबल टूटता है और समाज में असमानता बढ़ती है। भ्रष्टाचार के कारण योग्य लोगों को अवसर नहीं मिल पाते और अयोग्य लोग आगे बढ़ जाते हैं। इसे समाप्त करने के लिए कड़े कानून, पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा और नागरिकों की जागरूकता आवश्यक है। हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। जब तक समाज में नैतिकता और जवाबदेही नहीं बढ़ेगी, तब तक भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना संभव नहीं होगा। **-भरत सिंह, हरिपुर**

# पुरातन समय में 'संदूक' धरोहर ही नहीं, स्त्री की पहचान भी थी



बिषना गाजटा
शिमला, (हिप्र)



मनुष्य जीवन जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे उसका बहुत कुछ अतीत में दफन हो जाता है। जीवन में आगे बढ़ते-बढ़ते बहुत सारी बातें बहुत सारी यादें और तमाम किस्से कहानियां पीछे छूट जाते हैं। आगे बढ़ने के बाद व्यक्ति कभी अतीत में नहीं जा सकता। पीछे छूटे कुछ रास्ते, कुछ जज्बात, कुछ खट्टे मीठे अनुभव, कुछ यादें, कुछ अनमोल वस्तुएं, वो सब हमेशा के लिए अतीत के सीने में दफन हो जाते हैं।

छूटा हुआ कुछ भी जीवन में आगे नहीं मिल सकता। ये विधि का विधान है। बावजूद इसके, औरतें अपने जीवन का हर अनुभव, हर खट्टी-मीठी याद और वस्तुएं सहेजने का हुनर रखती है। सदियों से औरत अपनी कुछ छोटी-छोटी वस्तुएं, गहने-लते जिनमें जज्बात भरे होते थे, उन्हें बड़ी कुशलता से सहज कर रखती आई है। उस जमाने में आज की तरह सुविधाएं तो नहीं होती थी, फिर भी वस्तुओं को सहेजने के लिए उसने 'संदूक' का इस्तेमाल किया। संदूक या तो लकड़ी का बना होता था या फिर लोहा या किसी अन्य धातु का, किसी जमाने में संदूक औरत के जीवन का एक अहम हिस्सा हुआ करता था। उसके लिए संदूक सिर्फ लकड़ी या किसी धातु का बक्सा नहीं, बल्कि जज्बातों और भावनाओं से भरा एक 'नायाब उपहार' था।

लड़की को शादी के समय मायके की तरफ से भेंट स्वरूप एक संदूक अवश्य मिलता था। जिसे वो मरते दम तक अपने से अलग नहीं होने देती थी। हालांकि आज के दौर में संदूक का कोई खास महत्व नहीं रहा, लेकिन पहले के जमाने में औरत के जीवन की यह एक धरोहर मानी जाती थी, जिसे वो बहुत संभाल कर रखती थी, क्योंकि तब के जमाने में औरतें अपने मन की 'परतें' आसानी से किसी के सामने खोलती नहीं थी। मन के ढेरों कहें-अनकहे जज्बात पोटलियों में बांधकर संदूक में रखती थी। छोटी-छोटी खुशियां और विशाल गम सरलता से समट लेतीं थी। हजारों बार स्वयं को अनदेखा महसूस करती थी, अपमानित होती थी, फिर भी गिला-शिकवा नहीं करती थी। खुद को खुद से तसल्ली देती और मन बहलाने के लिए अपने लकड़ी या धातु के बक्से यानी संदूक में छोटी बड़ी यादें, कुछ बातें, कुछ जज्बात और कुछ वस्तुएं सहेजती रहती। जिन्हें यदा-कदा, कभी अत्यंत भावुकता में खोलकर देख भी लेती थी और मन ही मन तसल्ली से भर उठती थी।

मानों उसने इन वस्तुओं को एकत्रित करके अपने संपूर्ण जीवन को समेट लिया हो। उन वस्तुओं का उपयोग करके वो उतना खुश नहीं होती थी, जितना खुश उनको संजोकर होती थी। उसकी दिली ख्वाहिश होती थी कि मरने के बाद जब उसका संदूक खुलेगा, तमाम नाते-रिश्तेदारों और घर-परिवार के सामने, तब उसकी खूब बड़ाई होगी, सब वाहवाही करेंगे और कहेंगे कि कितना कुछ सहेज कर रखा है, कितनी कुशल थी, कितनी समझदार थी। जो बड़ाई, जो सहानुभूति उसे जीते जी कभी नहीं मिल सकी, उसी बड़ाई की मंशा हेतु चीजों को और पैसों को संजोकर रखती थी, ताकि मरने के बाद उसकी काबिलियत और कार्य कुशलता को सराहना मिलें।

जीते-जी औरत जिस सराहना के लिए तरसती रही, उसी सराहना की मरने के बाद इच्छा रखती है। सचमुच कितनी भोली और कितनी नादान है। वक्त बदला, जमाना बदला और अब औरत भी बदल गई। अब औरतें बेबाक और मुखर होने लगी है, अपने हक के लिए अपने अधिकारों के लिए बोलने लगी है, अपने गम और खुशी का इजहार बेझिझक होकर करती है। आज सहेजने के लिए उसके पास कुछ नहीं है।

हां कभी कभार अपने मन के अनकहे भाव, जिन्हें वो दुनिया के सामने रख नहीं सकती, उन भाव को अपनी डायरी में लिख लेती है। इसके अलावा उसके पास अपनी नई पीढ़ी को देने के लिए कोई दूसरी विरासत नहीं है और आज के दौर में सब लोग हैं भी इतने व्यस्त, कोई किसी की यादों की विरासत को टटोलना नहीं चाहता। जो कहीं न कहीं सही भी है, क्योंकि यदि किसी ने अपना जीवन सही ढंग से नहीं जिया तो वो उसकी अपनी गलती है। दूसरे उसकी गलती का बोझ अपने सिर पर क्यों ढोते फिरे। अपनी कहानी में हमें स्वयं को केंद्र में रखना चाहिए न की किसी और को। अपना समय और अपनी ऊर्जा स्वयं की बेहतरी में लगानी चाहिए न कि किसी और की, क्योंकि ये दुनिया हमारे लिए है हम दुनिया के लिए नहीं है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की पहाड़ियां: विकास और संवेदनशीलता का संतुलन



शौर्य शर्मा
बी.टेक (आईटी), एमबीए प्रथम वर्ष छात्र, जीआईएम गोवा



हिमाचल प्रदेश अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता और शांत जीवनशैली के लिए जाना जाता है। बर्फ से ढकी चोटियां, हरियाली से भरी घाटियां और स्वच्छ नदियां न केवल यहां की पहचान हैं, बल्कि यह प्रदेश पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं, परंतु हाल के वर्षों में बाढ़, भूस्खलन और अचानक आने वाली आपदाओं ने यह दिखा दिया है कि यह क्षेत्र कितना संवेदनशील है? इन आपदाओं का मुख्य कारण है अनियंत्रित शहरीकरण और अव्यवस्थित निर्माण कार्य।

पहाड़ी ढलानों पर बिना योजना के भवन, होटल और सड़कें बनने से प्राकृतिक जलधारा बाधित होती है। इससे बारिश का पानी सही रास्ते से बह नहीं पाता और अचानक बाढ़ या भूस्खलन जैसी घटनाएं बढ़ जाती हैं। जलवायु परिवर्तन ने भी खतरे को और गंभीर बना दिया है।

अनियमित वर्षा, ग्लेशियर पिघलने की गति और तापमान में बदलाव ने पारंपरिक पर्यावरणीय संतुलन को तोड़ दिया है। तो समाधान क्या है? पहाड़ों में निर्माण कार्य केवल वैज्ञानिक अध्ययन और पर्यावरणीय मंजूरी के बाद ही होना चाहिए यानी जो भी विकास हो वह सस्टेनेबल हो। पुराने समय के मकान और गांव जल निकासी और ढलान की दिशा को ध्यान में रखकर बनाए जाते थे। उस परंपरागत ज्ञान और अनुभव का उपयोग आज की योजना में भी शामिल किया जाना चाहिए। हरित आवरण को बचाने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए। पेड़ों की कटाई रोककर और बड़े पैमाने पर पौधरोपण करके भूस्खलन की घटनाएं कम की जा सकती हैं। समुदाय की भागीदारी भी अच्छा फैक्टर है। आपदा प्रबंधन केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि स्थानीय समाज की सक्रिय भागीदारी से ही कारगर हो सकता है। एक-दूसरी की सहायता करनी चाहिए।

हिमाचल की पहाड़ियां हमें यह संदेश देती हैं कि विकास जरूरी है, परंतु विकास का रास्ता प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही सुरक्षित और स्थायी हो सकता है। बाढ़ की रोकथाम बाढ़ की रोकथाम के लिए नीतियों से अधिक जरूरी है व्यवहारिक बदलाव करना। भारत हर साल बाढ़ की मार झेलता है और पहाड़ी राज्यों जैसे हिमाचल में इसका असर और भी गहरा होता है। बाढ़ केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं आती, बल्कि हमारी नीतियों और व्यवहारिक भूलों से भी बढ़ती है। सबसे पहला कदम है नदी तटों का संरक्षण। नदियों के किनारे अतिक्रमण और अवैज्ञानिक निर्माण से नदी की धारा संकरी हो जाती है। बरसात में जब जलस्तर बढ़ता है, तो पानी को फैलने की जगह नहीं मिलती और बाढ़ आती है।

यदि हम नदी तटों को खुला छोड़ें और 'फ्लड प्लेन जोनिंग' लागू करें, तो बाढ़ के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दूसरा कदम है वनीकरण और ढलानों का संरक्षण करना। पहाड़ियों से मिट्टी बहने से नदियों में गाद भर जाती है और जलधाराएं उथली हो जाती हैं। इससे पानी का बहाव रुक जाता है और अचानक बाढ़ आती है। बड़े पैमाने पर पौधरोपण और ढलानों पर घास लगाकर मिट्टी को बांधा जा सकता है। तीसरा कदम है पूर्व चेतावनी प्रणाली का होना। मोबाइल और इंटरनेट के दौर में समय रहते चेतावनी लोगों तक पहुंचना मुश्किल नहीं है। यदि समुदाय को 24-48 घंटे पहले ही सूचित कर दिया जाए, तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है। सबसे अहम बात है जन-जागरूकता। लोग यदि अपने स्तर पर प्लास्टिक कचरा नदियों में फेंकना बंद करें, जल निकासी के रास्ते न रोकें और स्थानीय निकाय नियमों का पालन करें, तो बाढ़ का प्रभाव आधा हो सकता है। हिमाचल की नदियां हमें जीवन देती हैं, लेकिन यदि हमने सावधानी नहीं बरती तो यही नदियां विनाश का कारण बन जाएंगी। आज जरूरत है कि सरकार, समाज और व्यक्ति-सब मिलकर जिम्मेदारी निभाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### देवर ने भाभी पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** धनोटू थाना में देवर ने भाभी पर मारपीट करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में नूर अहमद पुत्र रुकमदीन निवासी गांव डुगराई ने कहा है कि वह अपने घर के आसपास सफाई कर रहा था। इसी दौरान उसकी भाभी वहां आई और बिना वजह गाली-गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

### मारपीट को लेकर सास-बहू ने कराई क्रॉस एफआईआर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू में सास-बहू ने मारपीट को लेकर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में पुनीता देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव तरोट ने कहा कि वह बुधवार दोपहर बाद अपने पति के साथ खेत में काम कर रही थी। इस दौरान इसकी छोटी पुत्रवधु लता देवी वहां आई और बिना वजह झगड़ा करने लगी और उसका रास्ता रोक मारपीट की, जबकि लता देवी पत्नी अजय कुमार ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि वह बुधवार को खेत में काम कर रही थी इस दौरान उसकी सास व जेठ वहां आए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### रिहायशी मकान से 12 बोतल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत डैहर पुलिस चौकी के दल ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर एक रिहायशी मकान में छापामारी कर वहां से 12 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार डैहर पुलिस चौकी का दल ढहल गांव में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी कर बंसत सिंह के रिहायशी मकान में छापा मार कर वहां से 12 बतोल देसी शराब बरामद की। डी.एस.पी. भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### जलवायु परिवर्तन पर दो दिवसीय सम्मेलन 26 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर जिला मंडी में प्रस्तावित दो दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, जो प्राकृतिक आपदा के कारण स्थगित हो गया था, अब 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय 'जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक जल संकट : खतरे, चुनौतियां और सतत समाधान' है। इसमें देश-विदेश से प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद, पर्यावरणविद, शोधार्थी तथा नीति-निर्माता भाग लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और जल संकट से उत्पन्न खतरों व चुनौतियों पर गहन विमर्श करना तथा उनके व्यावहारिक और सतत समाधान तलाशना है। सम्मेलन के मुख्यातिथि चंद्रशेखर विधायक धर्मपुर होंगे तथा मुख्य वक्ता प्रो. कृष्ण मोहन, भूगोल विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। समापन समारोह की मुख्यातिथि डॉ. वीना राठौर, सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नाहन, हिमाचल प्रदेश होंगी। इसके अतिरिक्त, चार आमंत्रित वक्ता भी सम्मेलन में अपने विचार ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम द्वारा प्रस्तुत करेंगे।

### 33 केवी लाइन क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के बिजली मंडल, सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली 33 केवी जाहू-सरकाघाट मुख्य बिजली लाइन का एक भाग भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे सरकाघाट उपमंडल सहित आसपास के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता आरके गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक बिजली लाइनों के माध्यम से आपूर्ति को आंशिक रूप से बहाल कर दिया है। हालांकि, जब तक क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक बिजली आपूर्ति अनियमित रह सकती है।

### अनुशासन व शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद ने की। मुख्य मंच पर ओएसए अध्यक्ष भुवनेश्वर, महासचिव चंद्रशेखर तथा सदस्य सुरेश कुमार उपस्थित रहे। पूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ममता परमार ने किया।

### कल स्वास्थ्य जांच शिविर होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाने के अवसर पर धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफपीओ अपने स्थापना दिवस पर टिहरा में 27 सितंबर को खंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित कर रही है। इस अवसर पर सम्मेलन स्थल रेस्ट हाउस बांदल-टिहरा में स्वास्थ्य और सरकारी संस्था द्वारा पीएसबी और ग्रामीण बैंक के सहयोग से स्वास्थ्य जांच कैंप भी आयोजित किया जा रहा है। ये जानकारी एफपीओ अध्यक्ष सत्पाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम शिमला के क्षेत्रीय निदेशक भूपेंद्रा मंडावी मुख्यातिथि तथा कर्नल बलवंत बराड़ी कर्नल विधि चंद, डॉ. अश्वनी राठौर, डॉ. विनेश शर्मा, जोगिंद्र वालिया, सहकारिता विभाग के जिला ऑडिटर, केवीके के पंकज सूद, सीबीबीओ के हर्षवकुमार सिंह तथा डॉक्टर हरदयाल सिंह गुलेरिया विशेषातिथि के रूप में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमकोफेड के पूर्व सचिव बृजलाल शर्मा करेंगे।

### डीएसपी ने बीवॉक के छात्रों का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विश्व पर्यटन दिवस के चौथे दिन डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बीवॉक (बैचलर ऑफ वोकेशनल) के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को पर्यटन क्षेत्र में उभरते अवसरों व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीएसपी संजीव गौतम ने कहा कि पर्यटन न केवल आर्थिक विकास का इंजन है, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रोजगार सृजन का भी एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे वे अपने कौशल का उपयोग करके पर्यटन उद्योग में योगदान कर सकते हैं। व्याख्यान के दौरान, उन्होंने एआई की क्षमताओं पर भी प्रकाश डाला, यह समझाते हुए कि कैसे यह तकनीक पर्यटन को अधिक कुशल और व्यक्तिगत बना सकती है।

### चोलथरा में मोटापा विषय पर जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के अंतर्गत चोलथरा में मोटापा विषय पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन सर्कल चोलथरा की पर्यवेक्षिका शीला देवी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल प्रधान सुमन राठौर ने की। इस अवसर पर उपप्रधान कुलवीर बन्याल, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कुल 44 प्रतिभागियों ने शिविर में भाग लिया।

### 29 से 16 अक्तूबर तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले में अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। मंडी जिले में यह अभियान 29 सितंबर से 16 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इसमें सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साथ संबद्ध फोक मीडिया ग्रुप अनुसूचित जाति बाहुल्य जनसंख्या वाले गांव में जाकर इन वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे।

### हिंदी भाषा के महत्व पर त्रैमासिक कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, मंडी द्वारा त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयी कार्यों में हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय मंडी अमित कुमार ने की। उन्होंने हिंदी के विकास व कार्यालयों में इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए। सहायक निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, शिमला दिवान चंद ठाकुर ने कार्यालयी कार्यों में हिंदी भाषा के सहज, प्रभावी व व्यापक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मशरूम उत्पादन को जनांदोलन बनाने की कवायद

## केरल के कृषि मंत्री पी. प्रसाद व राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान निदेशालय के डायरेक्टर से चमन ने की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

केरल सरकार के कृषि मंत्री पी. प्रसाद अपनी टीम के साथ एक्सपोजर विजिट के तहत राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान निदेशालय चंबाघाट सोलन पहुंचे। यहां उन्होंने मशरूम की विभिन्न किस्मों की खेती, उत्पादन तकनीक व इससे जुड़ी नवीनतम शोध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।


केरल सरकार के मंत्री पी. प्रसाद व राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान निदेशालय चंबाघाट सोलन के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा व चमन राही।

इस अवसर पर निदेशालय के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा, जो हिमाचल प्रदेश से पहले ऐसे अधिकारी हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित संस्थान का नेतृत्व करने का अवसर मिला है, उन्होंने केरल से आए प्रतिनिधिमंडल को मशरूम की उन्नत तकनीकों, बाजार संभावनाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। डॉ. शर्मा का संबंध मंडी जिले के बलद्वाड़ा क्षेत्र से है और उनके मार्गदर्शन में निदेशालय ने राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने भी सहभागिता की। उन्होंने परिषद की ओर से कृषि मंत्री पी. प्रसाद एवं डॉ. वीपी शर्मा को सम्मानित किया।

चमन राही ने निदेशक डॉ. शर्मा से मुलाकात कर सेंट्रल जोन मंडी में मशरूम अनुसंधान और उत्पादन कार्यालय खोलने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन को यदि जन आंदोलन का रूप दिया जाए, तो इससे प्रदेश में युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और हिमाचल में आर्थिक गतिविधियां व फंड फ्लो भी सशक्त होंगे। इस दौरे के माध्यम से केरल व हिमाचल के बीच कृषि अनुसंधान, विशेष रूप से मशरूम उत्पादन में सहयोग को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

चमन राही ने कहा कि श्वेत बटन, दूधिया खुंभ, शिटाके, रिशी खुंभ, आरिकुलेरिया, शीतकालीन खुंभ, ढींगरी व पैरा जैसी खुंभ वैरायटियों की जानकारी देने के लिए विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों व दलित बस्तियों में शिविर लगाएं जाएंगे, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके। चमन राही ने कहा कि हिमाचल व मंडी सांसद संसद में सेंट्रल जोन मंडी के लिए मशरूम उत्पादन के लिए बात रख विशेष पैकेज लाए।

यह कम समय में उत्पादित होने वाली फसल है। इससे मंडी में आई आपदा में युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर साजी जोन मिशन डायरेक्टर, डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव सीनियर साइंटिस्ट, डॉ. सतीश कुमार सांइटिस्ट व सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी उमेश ठाकुर व कर्ण ठाकुर आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# सुंदरनगर पुलिस ने पुंघ में नाके के दौरान 390 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने पुंघ में नाके के दौरान एक कार से 390 ग्राम चरस बरामद की। कार्रवाई एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में की गई। इसमें मुख्य आरक्षी हंसराज, आरक्षी कुलदीप और सतीश कुमार शामिल थे। मंडी की तरफ से आ रही कार नंबर एचपी40ए2870 को रोका गया, तो उसमें दो युवक सवार थे, जब पुलिस ने गाड़ी के कागजात मांगे, तो दोनों टालमटोल करने लगे। शक के आधार पर जब गाड़ी की तलाशी ली तो ड्राइवर सीट के पीछे से 390 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशाल पुत्र कृष्ण सिंह निवासी गांव व डाकघर मलान तहसील सदर जिला कांगड़ा उम्र 29 वर्ष और पुष्पेंद्र पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गांव व डाकघर धोन कोठी तहसील सदर जिला बिलासपुर उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पंजाब निवासियों से 283 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना धनोटू की पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए 283 ग्राम चरस बरामद की है। इस संबंध में थाना धनोटू में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राज कुमार पुत्र रूप लाल निवासी गांव खलीलपाटी डाकघर शेरपुर तहसील धूरी जिला संगरूर पंजाब उम्र 46 वर्ष व हरप्रीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी संशी बस्ती डाकघर व तहसील बरनाला जिला बरनाला पंजाब उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लक्ष्मण, परशुराम के संवादों ने रामलीला मंचन में भरा उत्साह

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** महादेव मुख्य बाजार में चल रही रामलीला के तीसरे दिन बुधवार शाम को सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया। यह दृश्य दर्शकों के लिए अत्यंत मनोहारी, भावनात्मक और शिक्षाप्रद रहा, जिसमें हर उम्र के महिला-पुरुषों ने भाग लिया और रामायण के जीवंत चित्रण का भरपूर आनंद उठाया।


महादेव मुख्य बाजार में चल रही रामलीला में मंचन करते हुए कलाकार।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक संगीतमय धुनों और लोकप्रिय गीतों से हुई, जिन्होंने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मंच पर राजा जनक का दरबार बड़े ही राजसी अंदाज में सजाया गया, जहां देश-विदेश से आए राजकुमारों का स्वागत दरबारी पारंपरिक रीति से कर रहे थे। रामलीला में उस समय विशेष आकर्षण देखने को मिला जब एक सुंदर, सजीला राजकुमार (भगवान राम) सफेद घोड़े पर सवार होकर मंच की ओर बढ़ा। यह दृश्य दर्शकों के लिए किसी राजसी चलचित्र से कम नहीं था। दरबार में शिव धनुष को उठाने के प्रयास में एक-एक कर राजकुमार आते हैं, पर सभी असफल रहते हैं। दर्शकों को हंसाने के लिए दरबारियों द्वारा जोर लगाके... जैसे संवादों के माध्यम से हास्य का पुट भी जोड़ा गया। अंततः भगवान राम धनुष उठाते हैं और उसे तोड़ते हुए सीता के स्वयंवर के विजेता बनते हैं। इसके बाद राजा जनक अपनी तीन अन्य पुत्रियों का विवाह भी राम के भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न से करवाते हैं, जिससे दरबार और नगर में खुशी की लहर दौड़ जाती है। हालांकि, यह आनंद उस समय तनाव में बदल जाता है जब भगवान परशुराम क्रोध में दरबार में प्रवेश करते हैं और शिव धनुष तोड़ने वाले को दंड देने की बात करते हैं। इस पर लक्ष्मण उनसे तीखे संवाद करते हैं और भाई राम का पक्ष लेते हैं। स्थिति तनावपूर्ण हो जाती है, लेकिन अंत में भगवान राम और महर्षि विश्वामित्र स्थिति को शांत करते हैं और यात्रा के अगले चरण की ओर बढ़ने का निर्णय लेते हैं। इस भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें मर्यादा, धर्म और भाईचारे का संदेश भी दिया। आयोजकों ने बताया कि रामलीला का मंचन आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें कई अन्य प्रमुख प्रसंग मंचित किए जाएंगे।

# पंडोह-चंडेह सड़क मार्ग डेढ़ माह बाद बहाल, मिली राहत

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



**पंडोह।** मौसम खुलने के साथ ही गांव को मुख्यधारा से जोड़ने वाले लिंक सड़क मार्ग भी धीरे-धीरे खुलने लगे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की जान में भी नई जान आने लगी है। इसका ज्वलंत उदाहरण पडोह चंडेह सड़क मार्ग है, जो वीरवार को डेढ़ माह के बाद वाहनों की आवाजाही के लिए सुचारु हो गया है। इसके लिए स्थानीय लोगों भूप सिंह, राम लाल, फते राम, कनैया लाल और प्रेम सिंह ने लोक निर्माण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के अथक प्रयासों के कारण ही यह सड़क मार्ग बहाल हो सका है, जबकि दरंग विधानसभा क्षेत्र की बदार घाटी को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग पंडोह शिवा पर भी निजी बस चलने लगी है, मगर यह बस सुबह-शाम धामू तक ही जा रही है। धामू के पास भारी लैंडस्लाइड स्लाइड के कारण सड़क मार्ग बंद है, जहां एक बड़े डंगे का कार्य चल रहा है, जो बहुत धीमी गति से हो रहा है, मगर धामू तक बस के जाने से हटौण, मासड, नागधार के लोगों को बस सुविधा का लाभ मिलने लगा है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने बताया कि धामू के आगे सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिसे सुचारु करने में अभी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि शिवा के लिए मंडी घ्राण शिवा सड़क मार्ग सुचारु है।

### जयराम करेंगे भाजपा जिला कार्यालय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी मंडी जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने कहा कि आगामी 26 सितंबर मंडी पोस्ट ऑफिस के साथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडी जिला कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेंगे। उनके साथ विशेष रूप से भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विधायक गण, मेयर, डिप्टी मेयर, सभी पार्षद, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा पूर्व व वर्तमान सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा का यह जिला कार्यालय कार्यकर्ताओं और जनता के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेगा और पार्टी के कार्यों को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से आह्वान किया कि समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

### ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में बताईं बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक भांबला शाखा की ओर से एकदिवसीय जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंक की लाभकारी योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें योजनाओं से जोड़ना था। इस शिविर में लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। बैंक शाखा के वित्तीय प्रबंधन वरुण देव शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को सशक्त महिला ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल 4 नए बचत खाते खोले, जबकि बीमा योजनाओं के अंतर्गत 12 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं 9 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रपोज़ल स्वीकृत किए गए।

# महेश शर्मा की पांच साल की जंग, युवाओं के लिए बनी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सुंदरनगर पंचायत समिति के सदस्य महेश शर्मा पिछले पांच वर्षों से नशे के खिलाफ एक सशक्त और अडिग लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने अपनी युवा टीम के साथ मिलकर न केवल पुलिस प्रशासन का सहयोग किया, बल्कि समाज में नशा मुक्ति की एक नई चेतना भी जागृत की है। उनके इस योगदान के लिए उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

महेश शर्मा का मानना है कि यह लड़ाई केवल चिट्टे जैसे नशे के पदार्थों के खिलाफ नहीं है, बल्कि उस गहराई से जमी हुई सामाजिक बुराई के खिलाफ है, जो हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। उन्होंने कहा, नशा न केवल शरीर और मन को बर्बाद करता है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, जीवन की दिशा और समाज में उनके योगदान को भी समाप्त कर देता है। उन्होंने समाज को स्पष्ट चेतावनी दी कि नशा तस्करों को छिपाना या उनका समर्थन करना सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है, जो पूरे समुदाय को खोखला कर सकती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि अगर हम अगली पीढ़ी को बचाना चाहते हैं, तो हमें पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। महेश शर्मा ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को खेल, कला और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ें और उनकी संगति पर नज़र रखें।

स्थानीय जनता मानती है कि महेश शर्मा अब सिर्फ एक पंचायत समिति सदस्य नहीं, बल्कि नशा मुक्ति आंदोलन के एक प्रेरणास्रोत योद्धा बन चुके हैं, जिनके प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

### मणिपुर में तोड़े 500 से अधिक चर्च: सन्नी ईपन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश के सह संयोजक सन्नी ईपन ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि मणिपुर में 500 से अधिक गिरजाघर जला दिए गए हैं, सैकड़ों ईसाइयों को यातनाएं दी गईं। उत्तर भारत में 500 से अधिक ईसाइयों को जेल में डाला गया है और वह अपने घरों में प्रार्थनाएं नहीं कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में दो नन लोगों को बिना कारण बिना किसी सबूत के जेल में डाला गया। बाद में छत्तीसगढ़ में आदिवासियों और सांसदों ने विरोध-प्रदर्शन किया। तत्पश्चात एक सप्ताह बाद उन्हें जेल से छोड़ा गया। सन्नी ईपन ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी एक समुदाय का नहीं होता, वह सभी समुदायों और पूरे देश का प्रधानमंत्री होता है, अन्याय पर उनका मौन रहना धर्म विरुद्ध है। सभी धर्म समुदाय सदियों से एकसाथ मिलकर रहते आ रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों ने नफरत के ऐसे बीज बोए कि देश का माहौल रक्त रंजित कर दिया। देश की जनता उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगी। मणिपुर में अनेक धार्मिक स्थल तोड़ दिए गए। पिछले एक वर्ष से मणिपुर नफरत की आग में धधक रहा है और प्रधानमंत्री मौन बैठे हैं।



# मंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि मंडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडी शहर के भीमकाली मंदिर में वीरवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंडी शहर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई व नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। शर्मा ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

निहाल चंद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वीरेंद्र भट्ट, पाल वर्मा भाजपा महामंत्री मांचली ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, प्रताप, पंकज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


मंडी शहर के भीमकाली मंदिर में साफ-सफाई करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

**कार्यक्रम** मानव व धरती के लिए आयुर्वेद' थीम पर आधारित रहा आयुर्वेद दिवस समारोह

# अभिलाषी विवि में आयुर्वेद दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने और जन-जन तक इसकी महत्वत्ता पहुंचाने के उद्देश्य से अभिलाषी विश्वविद्यालय में आयुर्वेद दिवस पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अभिलाषी आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो शारीरिक, मानसिक व आत्मिक स्वास्थ्य का समग्र समाधान प्रस्तुत करती है। साथ ही उन्होंने आयुर्वेद दिवस के 23 सितंबर को मनाने के विषय पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ स्वास्थ्य विज्ञान विभाग के डीन डॉ. डीके मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष की थीम मानव व धरती के लिए आयुर्वेद थी, जिसके माध्यम से लोगों को प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने और रसायन रहित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।



अभिलाषी में आयुर्वेद दिवस पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने आयोजकों की सराहना की व अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार व रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डायरेक्टर आइक्यूएसी, डॉ. पीसी शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. दिव्य दीपक, आयुर्वेद दिवस के नोडल आफिसर डॉ. संदीप ने बधाई दी।

# हिंदी भाषा के महत्व व संभावनाओं पर साहित्यकार मुरारी ने किया पत्रवाचन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से आपदा के कारण स्थगित हिंदी पखवाड़े का आयोजन संस्कृति सदन कांगणीधार मोतीपुर में किया गया। इसमें हिंदी भाषा के महत्व पर परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत किया जाना था, लेकिन भारी आपदा के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार उपन्यासकार डॉ. गंगाराम राजी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि साहित्यकार संपादक डॉ. पीसी कौंडल ने दोनों सत्रों की अध्यक्षता की। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व एवं संभावनाओं पर साहित्यकार मुरारी शर्मा ने पत्रवाचन किया। इसके अलावा सुरेंद्र शर्मा, सीता राम वर्मा, भीम सिंह, सविता, कृष्णा ठाकुर, उत्तम शर्मा, जगदीश कपूर, निर्मला चंदेल, सरिता शर्मा हांडा, विनोद गुलेरिया, डॉ. मनोहर अनमोल, कुलदीप गुलेरिया ने गीत, अजय कुमार, लतेश, हरिप्रिया शर्मा और रूपेश्वरी शर्मा ने अपनी प्रभावशाली रचनाएं पढ़ी। इसके अलावा कृष्ण चंद्र महादेविया, उमेश शर्मा, भारत शर्मा, जितेंद्र, वेद कुमार, डॉ. राकेश शर्मा और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पीसी कौंडल ने अपनी कविता का पाठ करने के अलावा पढ़ी गई रचनाओं पर भी अपनी बात रखी।

भाषा विभाग द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार।

### नशे के खिलाफ युद्ध में ब्रह्माकुमारी संस्था बनी प्रशासन की सहभागी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नशा निवारण अभियान के अंतर्गत जिला मंडी में अध्यापकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस मुहिम में ब्रह्माकुमारी संस्था जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण सहभागी बनी है। एक नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में जिले के 25 शिक्षा खंडों के राजकीय वरिष्ठ, उच्च और माध्यमिक स्कूलों के एक-एक अध्यापक को नशे के दुष्प्रभावों, रोकथाम और उपचार संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जिला ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से 11 कार्यशालाएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी अपूर्व देवगन ने सद्भावना भवन, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भ्यूली में दीप प्रज्वलित कर किया। राजयोगिनी शीला दीदी ने कहा कि नशे की समस्या अत्यंत गंभीर है और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिपाली शर्मा ने कहा कि अध्यापक समाज के स्तंभ हैं और बच्चों की व्यक्तित्व निर्माण में उनकी भूमिका निर्णायक होती है।

# सड़क पर भरा कीचड़, दोपहिया वाहन चालक हर रोज हो रहे घायल

## बरसात के बाद छमाह गांव की सड़क की हालत नारकीय, ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही( ऊना )**

उपमंडल अंब की स्तोथर पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव छमाह के लोग इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। भैरा से स्तोथर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर दलदल और कीचड़ के कारण ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी बरसात के चलते सड़क किनारे बनी नालियां कीचड़ से भर चुकी हैं।

पानी बीच सड़क पर इकट्ठा हो गया है, जिससे जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क के दोनों तरफ ग्रामीणों के घर होने के कारण लोगों को अपने घरों से निकलते ही कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इससे न सिर्फ पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। हर रोज कोई न कोई दोपहिया वाहन चालक कीचड़ में फिसलकर गिर रहा है, जिससे कई घायल भी हुए हैं और उनके कपड़े कीचड़ से सने हुए रहते हैं। सड़क के बीचों-बीच पानी जमा होकर तालाब का रूप धारण कर चुका है।



कीचड़ में से निकलता बाइक सवार, ग्रामीणों ने उठाई सड़क सुधार की मांग, प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप।

**प्रधान बोले - जल्द होगा समाधान, जेसीबी भी पहुंचने में असमर्थ**

ग्रामीण परमला देवी, राज कुमार, रणजीत सिंह, रजनी शर्मा का आरोप है कि बरसात से बनी यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक किसी भी विभाग ने इसकी सुध नहीं ली। इस संबंध में स्तोथर पंचायत के प्रधान मोहिंदर सिंह ने बताया कि हालात को देखते हुए सड़क की मरम्मत के लिए जेसीबी मशीन भेजी गई थी, लेकिन भारी दलदल के कारण जेसीबी वहां तक नहीं पहुंच सकी।

उन्होंने कहा कि अब मौसम साफ है और एक-दो दिन ग्रामीणों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## एडीजे कोर्ट खोलने के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** अंब में एडीजे कोर्ट खोलने के लिए बार एसोसिएशन अंब के प्रधान प्रिंस सूद एडवोकेट, रवि पराशर एडवोकेट, रमेश तक्खी एडवोकेट, राजकुमारी शर्मा एडवोकेट, कमल ठाकुर, भानु जसवाल, संजीव कलोता, वीनस जसवाल, अनुज धीमान, अभिषेक परमार आदि अधिवक्ताओं ने विधायक राकेश कालिया का उनके भंजाल निवास स्थान जाकर आभार व्यक्त किया। प्रधान प्रिंस सूद ने बताया कैबिनेट में विधायक के प्रयासों से यह कार्य हुआ है, जिससे अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है।

## 2 तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 2 अक्तूबर तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

# भूतपूर्व बीएसएफ अधिकारी जनकराज का पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



भूतपूर्व बीएसएफ अधिकारी जनकराज को श्रद्धांजलि देते क्षेत्र के गणमान्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल अंब की स्तोथर पंचायत के निवासी जनक राज शर्मा, सहा समादेष्टा (पीपीएमएमएस), का वीरवार सुबह लगभग 2:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अधिकारी का अंतिम संस्कार 25 सितंबर को पूर्ण सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया।

अंतिम यात्रा में सी सु बल बीएसएफ खड़का (होशियारपुर) से पहुंचे अभिषेक उप समादेष्टा (डिप्टी कमांडेंट) तथा निरीक्षक अमूल्य कुमार राय गार्ड के साथ मौजूद रहे और उन्होंने स्व. जनक राज शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर को-ऑर्डिनेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन ऊना, हिमाचल प्रदेश के लगभग 20 सदस्य भी अध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा (समादेष्टा) के नेतृत्व में पहुंचे और दिवंगत आत्मा को नमन किया।

स्व. जनक राज शर्मा को एक मेहनती, ईमानदार और बहादुर अधिकारी के रूप में याद किया जा रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में उग्रवादियों के विरुद्ध कई सफल अभियान चलाए थे। अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि देने के लिए सहायक कमांडेंट सरवन सिंह, निरीक्षक मनोहर लाल, निरीक्षक मति धर शर्मा, निरीक्षक प्रेम सागर (कांगड़ा रैहन से) भी पहुंचे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, प्रधान, उपप्रधान और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और अपने प्रिय अधिकारी को अश्रुपूर्ण विदाई दी।

ग्रामीणों और सहकर्मियों ने कहा कि स्व. जनक राज शर्मा का जाना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे इलाके और बल के लिए अपूरणीय क्षति है।

## प्रिंस कोहाली ने जीता लखदाता पीर दंगल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के निकटवर्ती गांव सलोह में लखदाता पीर की समर्पित विशाल दंगल सुप्रसिद्ध पहलवान प्रिंस कोहाली के नाम छूटा। दंगल के समापन अवसर पर एसडीएम विशाल शर्मा, डीएसपी हरोली मोहन रावत, बीडीओ मुकेश ठाकुर, एसएचओ सुनील संख्यान ने शिरकत की। इस मौके पर दंगल कमेटी के प्रतिनिधियों में प्रधान अनीता जसवाल, प्रधान चालूवाल सोना देवी, बीडीसी मेंबर राजेश पुरी, उपप्रधान काला, अनिल जसवाल, सभी पंचायत सदस्यों समेत संजय ठाकुर, मुकेश पोला, रजनीश शर्मा, मंजीत जसवाल, परमजीत, राजन जसवाल आदि उपस्थित रहे। दंगल में देश-विदेश के नामी पहलवानों ने अपने जोहर दिखाए।

बुधवार देर सायं फाइनल मुकाबला प्रिंस व अमन के बीच हुआ, जिसमें प्रिंस पहलवान ने अमन की पीठ लगा दी। दंगल कमेटी की ओर से माली विजेता को 75 हजार रुपए नकद व गुरज इनाम स्वरूप भेंट किया, जबकि उपविजेता को 56 हजार रुपए नकद व चांदी का कंगन पहनाया गया।

# रेप मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष ने लिया कड़ा संज्ञान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में एक युवा HAS अधिकारी द्वारा लड़की से रेप मामले में महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। महिला आयोग की चेयरमैन विद्या देवी ने बताया कि उन्होंने स्कऊना को फोन कर इस मामले में निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं। विद्या नेगी ने बताया कि एसपी ने उन्हें कानून के तहत कार्रवाई का भरोसा दिया है। दोषी को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। वहीं, रेप का मामला दर्ज होने के बाद युवा अधिकारी अंडरग्राउंड हो गया है।

**युवती ने मंगलवार को कराई एफआईआर :** बता दें कि बीते मंगलवार को एक युवती ने एसडीएम ऊना पर रेप करने के आरोप लगाए। पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि एसडीएम से उसकी सोशल मीडिया पर बातचीत हुई थी। अधिकारी ने उसे कई बार अपने ऑफिस बुलाया। डेढ़ महीने पहले जब वह ऑफिस पहुंची, तो एसडीएम उसे अपने पर्सनल कक्ष में ले गया। वहां उसने युवती के कंधों पर हाथ रखा और बाजू से पकड़ लिया।

**चेयरमैन बोलीं- SP को जांच के निर्देश दिए; युवा HAS अधिकारी अंडरग्राउंड**

**युवती बोली- एसडीएम ने रखा शादी का प्रस्ताव :** युवती के अनुसार, एसडीएम ने शादी का प्रस्ताव रखा। विरोध करने पर उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके 10 दिन बाद एसडीएम ने ऊना विश्राम गृह में किसी और के नाम से कमरा बुक करवाया। रात 10 बजे वहां आकर फिर से जबरन संबंध बनाए।

**वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया :** पीड़िता के अनुसार, जब उसने शिकायत करने की बात कही, तो एसडीएम ने ऑफिस में बनाई वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उसने बात करना कम कर दिया। युवती जब उसके घर गई, तो उसे धक्के मारकर बाहर निकाल दिया गया।

## सीएम का लॉर्ड्स में संबोधन हर्ष का विषय : राजन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में दिए गए संबोधन को हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल राज्य का नाम रोशन किया, बल्कि वैश्विक मंच पर हिमाचल की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

राजन शर्मा ने बताया कि सुखविंद्र सिंह हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संबोधन करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जो कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे भारत के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और प्रदेश की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगी।

# 'कुटलैहड़ आपदा : कारण और निवारण' पर दिखाई लेखनी की ताकत

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के शुभ अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में एक सार्थक व प्रेरणादायक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था 'कुटलैहड़ आपदा : कारण और निवारण'। विषय की गंभीरता और सामाजिक प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के 26 उत्साही स्वयंसेवियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी लेखनी के माध्यम से सामाजिक सजगता का परिचय दिया।



रायपुर मैदान स्कूल में एक सार्थक व प्रेरणादायक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में निशा कुमारी (प्लस टू) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने अभूतपूर्व विचारों से सबका मन मोह लिया। कार्तिक बंगा (प्लस टू) ने द्वितीय स्थान और कामिनी परमार ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी ने विजेता स्वयंसेवियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी में पवन कुमार ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए समाज में बढ़ रही विभिन्न प्रकार की आपदाओं व समस्याओं के बारे में जानकारी दी तथा उनसे सजगता और सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि वे किताबों से क्या सीखें जो जिंदगी के पन्ने ही नहीं पढ़ते। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शोभा रानी ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, महत्व और इसके सामाजिक सरोकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना न केवल एक कार्यक्रम है, बल्कि यह एक जीवनशैली है जो युवाओं को सेवा, त्याग, समर्पण और नेतृत्व की भावना से ओतप्रोत करती है।

शारीरिक शिक्षक विजय कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अत्यंत प्रभावशाली और संवेदनशील शब्दों में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल शरीर को नहीं, सपनों को भी मार देता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका उप प्रधानाचार्य सारिका नंदा एवं विकास बंगा ने कुशलता से निभाई, जिनकी निष्पक्षता व सूझबूझ ने प्रतिभागियों को उचित मार्गदर्शन दिया।

विद्यालय के सभी शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मदनलाल, सुरिंदर शर्मा, ओम प्रकाश, प्रमोद शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, दीक्षित पटियाल, संजय कंवर, संजीव कुमार, मोतीलाल, नरेश कुमार, सोमनाथ, निर्मला देवी, सुमना, अनीता व सोनिया का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता को गौरवपूर्ण बनाया।

शोभा रानी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए ये न केवल एक प्रतिस्पर्धा थी, बल्कि सामाजिक चेतना, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# श्रीराम नाटक क्लब हटली की झांकी ने बिखेरा भक्ति रंग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली द्वारा आयोजित शुद्ध रामायण मंचन में भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। परंपरागत झांकी यात्रा के तीसरे दिन झांकी पड़ियालां पहुंची, जहां बल्दीना देवी के घर भगवान श्रीराम जी का भव्य स्वागत किया गया। पूरे गांव का वातावरण जयकारों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ झांकी का स्वागत कर अपनी आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया कीर्तन दरबार भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना।



रामायण मंचन में भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को रहा मिल।

पंजाब के प्रख्यात फनकार छम्मी, विवेकशील शर्मा और विपिन साजन ने अपनी मधुर वाणी और भक्ति भरे भजनों से पंडाल में ऐसा भक्तिमय माहौल बना दिया कि हर कोई झूम उठा। उधर दूसरे नवरात्र में ताड़का वध का ऐतिहासिक दृश्य प्रस्तुत किया गया। ताड़का वध के दौरान पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी और दर्शकों ने कलाकारों का भरपूर उत्साहवर्धन किया।

राम नाटक क्लब हटली पिछले 67 वर्षों से शुद्ध रामायण मंचन की परंपरा को जीवित रखे हुए है। हर वर्ष नवरात्रों के दौरान आयोजित होने वाला यह धार्मिक आयोजन न केवल स्थानीय जनता बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का केंद्र बन चुका है। इस बार भी मंचन देखने और झांकी के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। भक्ति, संस्कृति और परंपरा से ओतप्रोत इस आयोजन ने श्रद्धालुओं के मन में गहरी छाप छोड़ी है।

श्रीराम जी की भूमिका में अवनीश सोनी, लक्ष्मण की भूमिका में दिनेश खत्री, विश्वामित्र की भूमिका में पूर्ण सिंह राणा, सीता की भूमिका में तरुण कौशल, ओम प्रकाश सोनी, सुरेंद्र राणा, समर धीमान, प्रधान मदन सोनी,राहुल शर्मा, राज कुमार धीमान आदि ने अपने अभिनय से पंडाल को भाव-विभोर किया।

# भुट्टो ने बंगाणा में दुकानदारों को गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने वीरवार को बंगाणा बाजार का दौरा कर स्थानीय दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में GST दरों में की गई कटौती को ऐतिहासिक और व्यापारी हितैषी फैसला बताया। भुट्टो ने कहा कि यह कदम मध्यम वर्ग और छोटे दुकानदारों के लिए राहत लेकर आया है।

रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं पर टैक्स कम होने से उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिलेगी और व्यापार में नई ऊर्जा आएगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से व्यापार जगत इस फैसले की प्रतीक्षा कर रहा था, जिसे मोदी सरकार ने जनहित में पूरा किया है। पूर्व विधायक ने दुकानदारों से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार का अब तक का कार्यकाल जनकल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे गरीबों, महिलाओं और किसानों को वास्तविक लाभ मिला है। आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है और इसका श्रेय मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। उन्होंने दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार हमेशा छोटे व्यापारियों के साथ खड़ी है, जबकि विपक्ष सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करता है।

**बोले - GST में कटौती ऐतिहासिक फैसला, आपको मिलेगा सीधा लाभ**

इस मौके पर दुकानदारों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। भुट्टो ने कहा कि जीएसटी में राहत से बाजारों में रौनक लौटेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# चिंतपूर्णी में एक अक्तूबर तक चलेगा मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी में चल रहे शारदीय नवरात्र के दौरान विश्व मानव रूहानी केंद्र नवां नगर बद्दी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए एक फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया है। यह कैंप 25 सितंबर से लेकर 1 अक्तूबर तक चलेगा और इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

**कैंप की विशेषताएं :** इस फ्री मेडिकल कैंप में लगभग 15 लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें डॉ. सचिन भारद्वाज पपरोला भी शामिल हैं। कैंप के को-ऑर्डिनेटर गुरदयाल सिंह राणा ने बताया कि माता चिंतपूर्णी जी के दरबार में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह उनका पहला कैंप है। इससे पहले उनकी संस्था हिमाचल के अनेक शक्तिपीठों में कैंप लगा चुकी है, जिनमें माता नयना देवी जी, ज्वाला जी और बृजेश्वरी देवी आदि शामिल हैं।



चिंतपूर्णी में शारदीय नवरात्र के तहत किया जा रहा मेडिकल कैंप का आयोजन।

**शारदीय नवरात्र मेले में चिंतपूर्णी में विश्व मानव रूहानी केंद्र की पहल**

**स्वास्थ्य सेवाएं :** इस कैंप में हर प्रकार की दवाइयां मरीजों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। अब तक लगभग 1000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने इस कैंप में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई है।

गुरदयाल सिंह राणा ने बताया कि उनकी संस्था ने आपदा के दौरान पंजाब में कैंप लगाए और पीड़ित परिवारों की मदद की। इसके अलावा, उनकी संस्था ने प्रयागराज के महाकुंभ में 47 दिन तक निस्वार्थ भाव से फ्री कैंप और सैनिटाइजिंग का कार्य किया।

**सेवा में योगदान :** इस फ्री कैंप सेवा में सुरेंद्र कुमार, आशा देवी, लेखराज, महक, दिलबाग, सुनीता देवी, विपुल शर्मा, रोहित, दिनेश कुमार आदि ने अपना योगदान दिया है। विश्व मानव रूहानी केंद्र के संचालक संत बलजीत सिंह की प्रेरणा से यह कैंप आयोजित किया गया है।

# चिंतपूर्णी में नवरात्र पर उमड़ रही भक्तों की भीड़, जयकारों से गूंजा शक्तिपीठ

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। मंदिर न्यास द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत दर्शन किए गए। चिंतपूर्णी में शारदीय नवरात्र मेले में 10 लंगर संस्थाओं ने लंगर लगाने के लिए मंदिर न्यास से अनुमति ली है।

इसके लिए उनके द्वारा 10,000 प्रति लंगर फीस और 10,000 प्रति लंगर धरोहर राशि यानी कुल एक लाख लंगर फीस और एक लाख धरोहर राशि जमा कराई गई है, जो कि सफाई व्यवस्था चुस्त रखने के बाद रिफंड होगी। मंदिर न्यास द्वारा नवरात्र को लेकर कई पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्य बाजार में टेंट लगाए गए हैं और निशुल्क पीने के पानी की व्यवस्था के साथ-साथ दवाइयां का भी इंतजाम किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई असुविधा न हो।

मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि 10 लंगर संस्थाओं ने लंगर लगाने की अनुमति ली है। मंदिर को 24 घंटे खुला रखने का फैसला लिया गया है, लेकिन अगर भीड़ नहीं होती है, तो रात को 10:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और सुबह चार बजे मंदिर दोबारा खोल दिया जाएगा।

## दिव्यांग बच्चों की जानी जरूरतें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर्स व रेंजर्स शाखा ने प्रेम आश्रम का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विश्व शांति दिवस मनाना था। इस भ्रमण में रोवर लीडर डॉक्टर श्याम सिंह बैंस तथा रेंजर लीडर डॉक्टर श्रेयसी सिंह शामिल रहे। इस भ्रमण में कॉलेज के छात्रों ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, संस्कार और उनकी जरूरतों को करीब से समझा। उन्होंने ये भी समझा कि ये दिव्यांग बच्चे अयोग्य नहीं हैं, इनमें अलग तरह की क्षमता होती है, जिन्हें समय के साथ-साथ विकसित करना होता है। कॉलेज के छात्रों ने दिव्यांग बच्चों के साथ म्यूजिकल गेम खेला तथा और कई तरह की गतिविधियों के द्वारा उनका मनोरंजन किया।

**मंथन**

## अतिरिक्त उपायुक्त ने जातीय भेदभाव और दिव्यांग संरक्षण पर गठित समितियों की ली बैठकें

# पीड़ितों को राहत और विधिक संरक्षण सुनिश्चित करने पर जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने वीरवार को जिला स्तर पर जातीय भेदभाव और दिव्यांग संरक्षण पर गठित दो महत्वपूर्ण समितियों की बैठकें लीं। उन्होंने एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई और परस्पर समन्वय के निर्देश दिए। पहली बैठक अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की थी।



अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित सदस्य।

बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य जातिगत भेदभाव को रोकना और पीड़ितों को न्याय व राहत उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में 31 अगस्त 2025 तक 67 मामले दर्ज हैं। इनमें से 52 मामले न्यायालय में हैं। इसके अलावा 4 मामलों में न्यायालय का फैसला आ चुका है और 4 मामलों में अन्वेषण के बाद एससी एसटी एक्ट की धारा खारिज की गई है,जबकि 7 मामलों में पुलिस अन्वेषण जारी है।

उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत सजा दिलाने के साथ-साथ पीड़ित लोगों को कानूनी संरक्षण और पुनर्वास राहत राशि विभिन्न धाराओं के तहत एक लाख रुपये से 8 लाख 25 हजार रुपए तक की धनराशि देने का प्रावधान है। इस राशि की प्रथम किस्त एफआईआर दर्ज होने पर, दूसरी किस्त मामला न्यायालय में प्रस्तुत होने पर और शेष राशि का भुगतान फैसला आने पर किया जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे मामलों की प्रगति पर सतत निगरानी रखें ताकि पीड़ितों को समय पर राहत और न्याय मिल सके।

दूसरी बैठक, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय स्थानीय समिति की थी, जिसमें ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-दिव्यंगता से पीड़ित व्यक्तियों के विधिक संरक्षण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि इस अधिनियम के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद संबंधित व्यक्तियों के लिए स्थायी या सीमित अवधि के विधिक संरक्षक नियुक्त किए जाते हैं। अब तक जिले में 113 स्थायी विधिक संरक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे दोनों अधिनियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों का गंभीरता से पालन करें और पीड़ितों व दिव्यांगजनों को त्वरित राहत और विधिक संरक्षण उपलब्ध कराने में कोई ढिलाई न बरतें। बैठकों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, उप-पुलिस अधीक्षक डॉ. वसुधा सूद, जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लकड़ी की कारीगरी को अलग पहचान दिलाना एक्शन टेसा का उद्देश्य : विपिन



कारपेंटर्स की बैठक में कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई गई।

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के एक निजी होटल में कारपेंटर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एक वुड कंपनी के आरएम विपिन कुमार ने की। बैठक में लगभग 125 कारपेंटर्स ने भाग लिया। इस मौके पर कंपनी के सेल्समैन साहिल सिंह सहित सभी सेल्समैन और डिस्ट्रीब्यूटर अजय कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

विपिन कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर, बोर्ड लो तथा पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी है। लकड़ी पैनल उद्योग में अग्रणी इस कंपनी का मुख्य उद्देश्य कारीगरों की कला को सम्मान दिलाना और नई तकनीक व डिजाइनों से उन्हें जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने देशभर में उत्सवों की श्रृंखला और मेगा मीट कार्यक्रमों का आयोजन कर कारीगरों को मंच प्रदान किया है। इसके माध्यम से कारपेंटर्स को न केवल अपनी कारीगरी को निखारने का अवसर मिल रहा है, बल्कि उभरती तकनीकों और नवीन डिजाइनों की जानकारी भी प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक अजय अग्रवाल ने वीडियो संदेश भेजकर सभी कारीगरों को बधाई दी और राष्ट्रीय बढ़ई दिवस मनाने का आह्वान किया।

# लाहौल सरकार की नाकामी का दंश झेल रहा : जयराम

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**केलांग।** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लाहौल में इतनी बड़ी तबाही के बाद भी सरकार को यहां के लोगों की फिक्र ही नहीं है।

यहां के लोग प्राकृतिक आपदा के साथ-साथ सरकार की नाकामी का भी दंश झेल रहे हैं। तबाही से ज्यादा नुकसान सरकार की उपेक्षा की वजह से लोगों को उठाना पड़ा है। आपदा से सड़कें बंद हुई तो उन्हें खोलने का काम सरकार का था, लेकिन वह नहीं खोली गई, जिससे कृषि और बागवानी के उत्पाद बाजार तक नहीं पहुंच पाए और हर किसान को लाखों का नुकसान हुआ। सबसे हैरानी की बात यह है कि लाहौल के लोगों को सरकार ने उनके हाल पर छोड़ दिया, जैसे लाहौल हिमाचल का हिस्सा ही नहीं है। इतना नुकसान होने के बाद भी ज्यादातर जगहों पर कोई बड़ा अधिकारी तक नहीं पहुंचा। कुछ जगहों पर पटवारी पहुंचे, लेकिन बात उसके आगे नहीं बढ़ी। लोगों को इतने दिनों के बाद भी फौरी राहत नहीं मिली। क्या इसी तरह से आपदा में सरकार को काम करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह हाल सिर्फ केलांग और लाहौल का ही नहीं पूरे प्रदेश का है। सरकार ने मानसून के पहले इस तरह की आपदा से निपटने की कोई तैयारी ही नहीं की थी। आपदा आने के बाद भी सरकार ने कोई मुस्तैदी नहीं दिखाई। आपदा के समय में लोगों को आपदा से राहत देने की बजाय सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री गैर जरूरी काम में ही लगे रहे, जब सदन में आपदा पर चर्चा करनी थी, तो सीएम बिहार में चुनावी रैली कर रहे थे और जब पुनर्वास के कार्यों को गति देनी थी तो भी सरकार के ज्यादातर जिम्मेदार लोग नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते कल शाशिन, कोकसर, सीसू, तेलिंग, ट्रिलिंग, यांगला, गोंदला, तांदी संगम घाट, लिंडूर, जालमा, हालिंग, जसराट, जोबरांग, मयार वैली, टिंगरेट, और उदयपुर वैली में प्रभावित लोगों से मिला था और सभी ने वहां भी सरकार द्वारा कोई सहयोग न करने के आरोप लगाए थे। आज भी जो लोग मिल रहे हैं वह भी सरकार के सहयोग न मिलने की बात कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि तांदी गांव लगातर दोनों तरफ से नदी के कारण होने वाले कटाव की वजह से धंसता जा रहा है। वहां पर लोगों की कई बीघा जमीन चली गई है और आगे की गांव भी असुरक्षित हो गया है।

इसी तरह और भी गांव हैं, जो धंस रहे हैं। साल दर साल वह धंसते जा रहे हैं, जिससे वह जगहें अब रहने लायक बची नहीं हैं। ऐसी असुरक्षित जगह पर रहना अब खतरे से खाली नहीं है। इसलिए सरकार उन जगहों को खलाई करवाकर सभी प्रभावितों को सुरक्षित जगह बसाए। कुछ जगहों पर लोग अपना घर छोड़ कर रह रहे हैं। ऐसे न जाने कितने लोगों ने हमें रिप्रेजेंशन दी है। सरकार को उन लोगों की मदद करनी पड़ेगी। ज्यादतर जगहों पर हाल ख़राब हैं और सरकार की तरफ़ से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जयराम ठाकुर ने केलांग में आयोजित कार्यकम में जनसंघ से संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका जीवन व विचार सदैव प्रेरणा के स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। कार्यक्रम में उनके साथ प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व विधायक रवि ठाकुर, अखिलेश कपूर, सुरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### केलांग में सफाई अभियान में हुए शामिल

**जयराम** ठाकुर ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केलांग बस अड्डा परिसर में सफाई अभियान में सहभागिता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ मिलकर परिसर के सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। गांधी जी ने कहा था जहां सफाई होती है, वहां ईश्वर का वास होता है। सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ व सुंदर भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने सभी प्रदेश वासियों से से इस जनआंदोलन को और गति देने का आह्वान किया।

# शौरी ने कोटला व चकुरठा पंचायतों का किया दौरा

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीरवार को ग्राम पंचायत कोटला व चकुरठा के खराल, फगवाना, नाहुली, कोटला, धाराखरी और जनेड़ा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को जाना और क्षेत्र में हुई क्षति का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि क्षेत्र की सड़क व्यवस्था बेहद खस्ता हालत में है, जिससे राहत कार्यों में भारी कठिनाइयां आ रही हैं। इसके अलावा लगभग 20 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और लगभग उतने ही घर आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। विधायक ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा और राहत व पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता से अंजाम दिया जाएगा। आपदा प्रभावित चकुरठा पंचायत के दौरे के दौरान विधायक ने प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला फगवाना का भी निरीक्षण कर वर्तमान शिक्षण अधोसंरचना की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी कोटला व चकुरठा पंचायतों का दौरा करते हुए।

### अग्रणी प्रयासों से जनता का विश्वास जीत रहे विधायक

**अनंत ज्ञान, बंजार।** आपदा की विभीषिका से जूझ रहे बंजार विधानसभा क्षेत्र के कठिन हालातों में विधायक सुरेंद्र शौरी लगातार लोगों की उम्मीदों का सहारा बने हुए हैं। जुलाई माह में आयोजित विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा व सत्र की समाप्ति होते ही विधायक शौरी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे और राहत व पुनर्वास कार्यों का बीड़ा उठाया। पूरे अगस्त माह में बंजार विधानसभा क्षेत्र की मुख्य व ग्रामीण सड़कें हर तरह के वाहनों के लिए बंद रहीं, ऐसे में विधायक शौरी ने पैदल यात्राएं कर दुर्गम क्षेत्रों में आपदा से जूझ रहे परिवारों का हौंसला बढ़ाया और प्रभावी राहत व पुनर्वास व्यवस्था सुनिश्चित की। उन्होंने विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से राहत सामग्री जुटाकर प्राथमिकता के आधार पर प्रभावितों तक पहुंचाई और क्षेत्र की भयावह स्थिति को मीडिया में उजागर किया, ताकि व्यापक स्तर पर लोगों की समस्याएं सामने आ सकें। लगभग दो माह से पूरे विधानसभा क्षेत्र में बसों और बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है और अभी भी अधिकतर सड़कें अवरुद्ध हैं। विधायक शौरी का प्रतिदिन पैदल सफर प्रभावित जनता को नया हौंसला और विश्वास प्रदान कर रहा है। विधायक शौरी केंद्र सरकार तक क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों से अवगत करा चुके हैं तथा केंद्र से मदद के लिए आश्वस्त हैं। विधानसभा क्षेत्र का दो केंद्रीय मंत्री भी दौरा कर चुके हैं।

# 65 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण व 3373 का एनीमिया जांचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

सशक्त नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत जिला लाहौल-स्पीति में स्वास्थ्य परीक्षण अभियान 17 से 2 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी लाहौल डॉ. रोशन लाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इनमें महिलाओं एवं किशोरियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

शिविरों में मधुमेह, एनीमिया, रक्तचाप, थैलेसीमिया, सिकल सेल, सोबाकुल, हेपेटाइटिस, एचआईवी/एड्स आदि के लिए विशेष जांच सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत एएनसी सेवाएं तथा टीकाकरण की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 185 स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 12 शिविरों का संचालन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया है। इन शिविरों में कुल 6086 मरीजों की ओपीडी की गई है, जिनमें 1593 पुरुष और 4493 महिलाएं सम्मिलित हैं। उच्च रक्तचाप के 1396 व मधुमेह के 4277 मरीजों की जांच की गई है। 65 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण व 3373 महिलाओं का एनीमिया जांच हुआ है। शिविरों में 1245 पुरुषों तथा 4131 महिलाओं के धन्य रोग की जांच की गई है। 15 मरीजों का निक्षय पंजीकरण व 30 महिलाओं के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड बनाए गए हैं। अभियान के तहत 148 शिशुओं का टीकाकरण व 17 बुजुर्गों समेत 70 वर्ष से ऊपर के लोगों की जांच की गई है। इस अभियान के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायतों के सहयोग से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

# 25 वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला

## पूर्व छात्र संघ कटराईं का रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संघ कटराईं ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया।

इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी ने मुख्यातिथि तथा अन्य मेहमानों का कार्यक्रम में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया तथा संघ के अध्यक्ष हीरा लाल ठाु र ने पूर्व छात्र संघ के 25 वर्षों के गौरव पूर्ण इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, कुल्लवी नाटी, लाहौली नृत्य तथा गीत संगीत के मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अपने अध्यक्षीय भाषण में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पूर्व छात्र संघ के सदस्यों को बधाई देते हुए पूर्व छात्र संघ की कार्यशैली और विद्यालय को दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि पाठशाला कटराईं के पूर्व छात्र संघ ने अपने गठन के 25 साल पूरे करते हुए अपनी तरह का अलग इतिहास रचा है। वहीं, पूर्व छात्र संघ कटराईं का यह प्रयास प्रशंसनीय तथा अनुकरणीय है। विधायक भुवनेश्वर ने पूर्व छात्र संघ द्वारा हाल ही के दिनों में आयोजित करवाई गई विभिन्न खेलकूद तथा सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान पूर्व छात्र संघ द्वारा प्रकाशित रजत जयंति स्मारिका का विमोचन भी विधायक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ और लंबी आयु के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व छात्र संघ ने रा व मा पाठशाला के जरुरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की भी घोषणा की। इस दौरान सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए पूर्व छात्र संघ ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भी 51000 का चेक विधायक भुवनेश्वर गौड़ को सौंपा। इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ट नेता देवेंद्र नेगी जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके लगभग 300 पूर्व छात्रों सहित, ग्राम पंचायत कटराईं के प्रधान तथा सदस्य, स्थानीय विद्यालय के प्रिंसिपल तथा समस्त स्टाफ स्थानीय महिला मंडल, युवक मंडल के सदस्य,एस एम सी मेंबर्स अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रजत जयंती समारोह में मुख्यातिथि विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित अन्य गणमान्य।

# पुलगा में बिना प्रशासनिक अनुमति के रेव पार्टी का आयोजन, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले के पुलगा गांव में बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के एक रेव पार्टी का आयोजन किया गया। देर रात तक चले तेज संगीत और शोर-शराबे से परेशान होकर स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आयोजक रूम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और साऊंड सिस्टम समेत अन्य उपकरण जब्त कर लिए हैं।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी आयोजक रूम सिंह ने बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि 22 सितंबर से इजराइल का नववर्ष शुरू होता है। पार्वती घाटी में बड़ी संख्या में इजराइली नागरिक और पर्यटक रहते हैं, उन्हीं के लिए यह पार्टी आयोजित की गई थी। इस पार्टी में बड़ी संख्या में इजराइली नागरिकों के साथ-साथ अन्य पर्यटक भी शामिल हुए थे। उसने यह भी स्वीकार किया कि इस जश्न के लिए उसने किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अनुमति नहीं ली थी। इस मामले पर मणिकर्ण थाना प्रभारी संजीव वालिया ने कहा कि आरोपी ने इजराइली नववर्ष के लिए पार्टी आयोजित करने की बात कही है, लेकिन इसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी, जो कि गैर-कानूनी है। आरोपी रूम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सनद रहे कि कुल्लू जिले की प्रसिद्ध पार्वती घाटी रेव पार्टी को लेकर हमेशा से ही सुर्खियों में रही है। बड़े स्तर पर यहां पर कई रेव पार्टी का आयोजन होता है। हालांकि, रेव पार्टी जिला में प्रतिबंधित है बावजूद इसके मणिकर्ण व कसोल में समय समय पर पार्टियों का आयोजन किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मनाया फार्मेसी-डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में फार्मेसी-डे मनाया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, एमएस डॉक्टर तारा चंद विशेषातिथि उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अस्पताल के फार्मेसी कर्मचारियों ने मुख्यातिथि एवं विशेषातिथि का पुष्प गुच्छ व मफलर पहना कर स्वागत किया। मुख्यातिथि डॉक्टर नागराज पवार ने सभी का आभार जताया और समस्त फार्मेसी कर्मचारियों के सराहनीय कार्यों की खूब सराहना की और कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग के रीड की हड्डी की तरह है। इनके बेशकीमती सहयोग से और आपसी तालमेल के कारण स्वास्थ्य विभाग अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर पा रहा है।

### दीप लाल को यंग कम्युनिटी चैंपियन अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** निफा के रजत जयंती स्थापना समारोह का आयोजन 21 से 24 सितंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस के रूप में किया गया। इसका शुभारंभ भारत मंडपम दिल्ली में किया गया। इसमें देश विदेश से आए प्रत्येक प्रतिनिधियों ने शिरकत की तथा 22-24 सितंबर का आयोजन करनाल में किया गया। 22 सितंबर को सुबह सभी राज्य से आए लोगों द्वारा राष्ट्रीय एकता रैली का आयोजन करनाल में किया गया । इसमें सभी लोगों ने अपने-अपने राज्यों की संस्कृति का प्रदर्शन किया। इसमें दीप लाल भारद्वाज हिमाचल प्रदेश की टोली का हिस्सा रहे। इस स्थापना समारोह कार्यक्रम में पूरे देश भर से समाज सेवी व कलाकारों को अवाड्र्स के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के अवाड्र्स का आयोजन किया गया। जिला कुल्लू कटराई के दीप लाल भारद्वाज को विभिन्न प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यों के लिए यंग कम्युनिटी चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दीप लाल भारद्वाज पिछले 26 वर्षों से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सामाजिक सेवा के कार्य कर रहे हैं।

# भूख व खान-पान के प्रति रहें सचेत : गजेंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

संतुलित व नियोजित आहार स्वस्थ जीवन का आधार है क्योंकि इनमें कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनिरल्स, कैल्शियम, आयरन आदि अपेक्षित मात्रा में होते हैं।

यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने बजौरा वृत्त के राउलबेहड़ में पोषण माह के दौरान आयोजित जागरूकता शिविर में दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने पोषण माह के 9वें दिन की गतिविधियों स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाना व स्वस्थ खान-पान की आदतों पर जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सर्वप्रथम समय पर सुबह का नाश्ता करें, अपनी खाने-पीने की आदतों में बदलाव लाकर संतुलित आहार लें, पर्याप्त पानी पियें, भोजन को चबाकर खाएं व फास्ट-जंक फूड का सेवन अधिक न करें। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान महिला के खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी भूख व खान-पान के प्रति सचेत रहना चाहिए। इस दौरान वृत पर्यवेक्षक ओम प्रकाश शर्मा ने विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शगुन योजना, सुख शिक्षा व सुख आश्रय योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

इस दौरान बजौरा वृत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण आहार पर आधारित प्रदशर्नी भी लगाई गई। कार्यक्रम में खंड समन्वयक पोषण अभियान नैनिता शर्मा व जिला परियोजना सहायक प्रियंका राजपूत भी उपस्थित रही।



बजौरा में पोषण माह के दौरान आयोजित शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाई गई पोषण आहार प्रदर्शनी को देखते जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर व अन्य।

# छात्र संघ चुनाव बहाल कर लोकतांत्रिक अधिकार लौटाए जाएं : अभिनव कश्यप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला कुल्लू ने वीरवार को प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर प्रदेश सरकार की नीतियों के प्रति अपना तीव्र रोष प्रकट किया और छात्रों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की जोरदार अपील की।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश स्तर पर कई अहम मांगें उठाईं, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदेश में छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल करना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू करना। शैक्षणिक संस्थानों में लंबित रिक्त पदों को तुरंत भरना। एसपीयू मंडी विश्वविद्यालय के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए और इसे मजबूत किया जाए। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना व छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कराना। आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान करना। जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा कि छात्र संघ चुनाव बहाल करना हमारी सबसे प्रमुख मांग है। साथ ही, एसपीयू मंडी विश्वविद्यालय के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को जल्द लागू करना समय की मांग है।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

# क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान की छात्राएं इंटर्नशिप के लिए जाएंगी गुड़गांव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान कुल्लू की 52 नर्सिंग छात्राएं इंटर्नशिप के लिए मल्टी स्पेशलिटी मेट्रो अस्पताल गुडगांव जाएगी। यह छात्राएं फाइनल वर्ष की जीएनएम व बीएसई नर्सिंग की छात्राएं हैं, जिनको मेट्रो मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल गुड़गांव से स्कालरशिप मिल गई है। बीएसई नर्सिंग उम्मीदवार को 15000 प्रति माह और जीएनएम को प्रतिमाह 12 हजार स्कालरशिप दी जाएगी। स्कालरशिप चार माह पूर्ण करने के पश्चात इस सेवाकाल में अच्छा प्रदर्शन कर उन्हें रेगुलर जॉव मिल जाएगी। क्रिश्चियन इंस्च्यूट के एमडी सुख देव मसीह व निदेशक ज्योति मसीह ने सभी छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह संस्थान की बहुत बड़ी उपलब्धी है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि वित्त वर्ष जीएनएम नर्सिंग ट्रेनिंग में एसटी एवं एससी श्रेणी के लगभग 10 छात्राओं को निशुल्क ट्रेनिंग करवाने का प्रावधान भी रखा है।

# कांग्रेस के पास संगठन के नाम पर केवल एक अध्यक्ष

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन संगठन के नाम पर केवल एक अध्यक्ष बचा है। पिछले दस महीने से कांग्रेस संगठन की सभी इकाइयां हैं।

इन दिनों कांग्रेस का न ब्लॉक स्तर पर और न ही जिला स्तर पर कोई पदाधिकारी बचा है। प्रदेश में पंचायत चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस का हर कार्यकर्ता असमंजस में है कि आखिर चुनाव लड़ें भी तो किस के नेतृत्व में। अब ये सिर्फ राजनीति चर्चा ही नहीं रही, बल्कि कांग्रेस के अंदर से भी आवाजें उठने लगी हैं। मनाली विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक तो हैं, लेकिन संगठन के नाम पर उनके पास कोई भी पदाधिकारी नहीं है। यही कारण है कि पिछले दस महीने में देखें तो कांग्रेस की तरफ से मनाली विधानसभा में पार्टी का कोई भी कार्यक्रम नहीं हुआ। इन दस महीनों में मुख्यमंत्री को छोड़ कर कोई भी मंत्री प्रवास पर मनाली विधानसभा क्षेत्र में नहीं आया है । मनाली में आई भयंकर आपदा के बाद भी हिमाचल प्रदेश सरकार का कोई भी मंत्री का मनाली नहीं आना भी चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि केंद्र से दो मंत्री मनाली-कुल्लू में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने विशेष तौर पर पहुंचे। हालांकि, विधायक भुवनेश्वर गौड़ लगातार बाढ से प्रभावित इलाकों में जाकर प्रभावितों से मिल रहे हैं और सरकार की तरफ से उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन भी दे रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा को देखें तो लगातार पार्टी का कोई न कोई कार्यक्रम चल रहा है और संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। भाजपा संगठन के बड़े नेताओं का प्रवास चल रहा है। पंचायत चुनावों की तैयारी पर चर्चा भी हो रही है। प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर ने भी मनाली और लाहौल का दौरा कर वहां हुए नुकसान का जायजा लिया है। पूर्व विधायक एवं मंत्री गोविंद ठाकुर पूरी तरह से सक्रिय हैं और लगातार बैठकें कर कार्यकर्ताओं को एक जुट करने में जुटे हैं। आपदा के बाद से वह लगातार उन इलाकों में सक्रिय हैं, जहां बाढ़ ने नुकसान पहुंचाया है। वह केंद्र से मिले 1500 करोड़ की आर्थिक मदद को भी भाजपा की उपलब्धी बता रहें हैं और प्रदेश सरकार पर बाढ़ प्रभावितों को सहायता नहीं पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं।

**कार्यक्रम** काजा में आवारा कुत्तों की नसबंदी व रेबीज नियंत्रण के लिए शिविर का आयोजन

# 201 आवारा कुत्तों का एंटी रेबीज टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति के काजा उपमंडल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें नसबंदी कार्यक्रम के साथ-साथ रेबीज उन्मूलन अभियान भी संचालित किया गया। यह जानकारी देते हुए डॉ. अनुराधा चौहान पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन विभाग काजा ने बताया कि इस विशेष अभियान का शुभारंभ कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा की अध्यक्षता में उपमंडलीय पशु चिकित्सालय काजा में किया गया और उनके नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 22 दिनों तक काजा कस्बे में पूरे उत्साह से स्थानीय प्रशासन के अतुलनीय पर्यवेक्षण में किया गया। डॉ. अनुराधा चौहान ने बताया कि 4 सितंबर से शुरू हुए इस नसबंदी व रेबीज रोधी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालन विभाग ने 201 आवारा कुत्तों (75 नर व 126 मादा) की नसबंदी व एंटी रेबीज टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण किया है, इसके अतिरिक्त 29 अन्य कुत्तों को भी एंटी रेबीज टीकाकरण किया गया, जो किसी अन्य बीमारी के इलाज के लिए चिकित्सालय में दाखिल किए गए थे।

डॉ. अनुराधा चौहान पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के नियमित आयोजन से न केवल आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोका जा सकता है, बल्कि अन्य कई सुधार भी समाज में देखे जा सकते हैं, जैसे कि आक्रामकता घटने से कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी, रेबीज व अन्य बीमारियों के संक्रमण पर नियंत्रण, प्रजनन कम होने से सड़कों पर बेघर कुत्तों की संख्या में कमी, मनुष्य के साथ संघर्ष पर नियंत्रण, कुत्तों के स्वास्थ्य में सुधार और आवारा कुत्तों में प्रजनन अंगों में कैंसर के मामलों में कमी आदि। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. डाकपा तेंजिन और डॉ. सचिन पशु चिकित्सा अधिकारियों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है और इसके साथ-साथ वेटरनरी फार्मासिस्ट व पशुपालन परिचारिकों ने लगातार अपनी सेवाएं देकर एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है। शिविर के दौरान सुरक्षित तरीके से कुत्तों को पकड़ने व इससे जुड़े अन्य प्रबंधन के कार्य को मनाली स्ट्रे संस्था द्वारा किया गया, जिनका योगदान इस पूरे शिविर के दौरान विभाग को मिला। स्पीति से संबंध रखने वाली संस्था नेचर कंजरवेशन फाउंडेशन किब्बर का भी पूर्ण सहयोग इस शिविर के दौरान रहा।

डॉ. अनुराधा चौहान ने बताया कि इस तरह के शिविर का आयोजन पशु पालन विभाग द्वारा स्पीति उपमंडल में हर वर्ष किया जाता है, जिसमें स्थानीय प्रशासन का पूर्ण सहयोग विभाग को मिलता है। भविष्य में भी स्थानीय प्रशासन के नेतृत्व में इस तरह के शिविर का आयोजन विभाग द्वारा किया जाएगा, ताकि स्पीति में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर काबू पाया जा सके। रेबीज उन्मूलन के लिए एंटी रेबीज टीकाकरण नियमित तौर पर किया जाएगा, ताकि स्पीति में लोगों को सड़कों पर सुरक्षा का अनुभव हो तथा क्षेत्र में इंसानों व कुत्तों के लिए संतुलित व सुरक्षित वातावरण हो, जिससे मानवीय सह अस्तित्व को बढ़ावा मिले और एक ऐसा सुरक्षित वातावरण बने, जहां दोनों प्रजाति के सदस्य शांति पूर्वक रह सकें।



# रांगडी गांव पर बीते दिनों आई प्राकृतिक आपदा से गहराया संकट



ब्यास नदी का बढ़ा जलस्तर। (फाइल फोटो)।

अनंत ज्ञान मनाली

मनाली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसेई के अंतर्गत आने वाले रांगडी गांव पर बीते दिनों आई प्राकृतिक आपदा से संकट गहरा गया है। पिछले दिनों लगातार हुई भारी वर्षा के कारण ब्यास नदी में बाढ़ आ गई थी, जिससे रांगडी गांव के ठीक पीछे भारी भूस्खलन हुआ और गांव को खतरा उत्पन्न हो गया।

ग्राम पंचायत सरसेई की प्रधान सरला देवी ने बताया कि गांव वासियों की सुरक्षा की मांग को देखते हुए, विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, गांव को बचाने के लिए तुरंत नदी के बहाव को मोड़ने के लिए एलएनटी की टीम को मौके पर भेजा है। उन्होंने कहा कि दरिया के बहाव को मोड़ने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है। विधायक की इस तत्परता व संवेदनशीलता के लिए ग्राम पंचायत सरसेई की प्रधान सरला देवी ने उनका तह दिल से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि रांगडी गांव की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी नग्गर के आदेशानुसार, ग्राम पंचायत सरसेई ने क्रेट वॉल निर्माण कार्य की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली है। प्रधान ने बताया कि यह सुरक्षा कार्य भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। प्रधान सरला देवी ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति और सहयोग के लिए खंड विकास अधिकारी, नग्गर, मुकेश कुमार का भी हार्दिक धन्यवाद किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जूनियर रेडक्रॉस ग्रुप के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस एवं ज़िला रेडक्रॉस शाखा सोलन के संयुक्त तत्वाधान में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छावशा में जूनियर रेडक्रॉस ग्रुप के 81 छात्रों के लिए एक दिवसीय 'प्राथमिक उपचार' प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह जानकारी राज्य रेडक्रॉस जूनियर के समन्वयक वीरेन्द्र सिंह बिष्ट ने दी। वीरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस ग्रुप, रेडक्रॉस की एक छात्र शाखा है जो 12 से 16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के लिए बनाई गई है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में सेवा, स्वास्थ्य, और मैत्री की भावना को जगाना है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़े और लोगों की सेवा जैसे पुनित कार्यों में सहभागी बनें। राज्य रेडक्रॉस की मास्टर ट्रेनर डॉ. किमी सूद ने छात्रों व शिक्षकों को हड्डी टूटने पर प्रथम उपचार, पट्टी बांधने व सी.पी.आर. इत्यादि पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छावशा की प्रधानाचार्य रितु, राज्य रेडक्रॉस पैटर्न लेख राज कौशिश, शिक्षक व छात्र इस अवसर पर उपस्थित थे।

### विक्रमादित्य सिंह 26 को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 26 सितंबर, 2025 को सोलन जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। विक्रमादित्य 26 सितंबर, 2025 को दोपहर 12.00 बजे सोलन के कुमारहट्टी में तृतीय राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल ऑपन ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### जौणाजी में मनाया विश्व सर्पदंश दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से आज ग्राम पंचायत जौणाजी में विश्व सर्पदंश दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी स्वास्थ्य शिक्षिका पदमनी नेगी ने दी। उन्होंने सभी को सर्पदंश से बचाव, लक्षणों की पहचान और समय पर चिकित्सा उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सांप द्वारा काटे गए व्यक्ति को चलने न दे तथा पीड़ित व्यक्ति के महत्वपूर्ण लक्षण जैसे बुखार, सांस की गति व रक्तचाप की निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि सांप के काटने के तुरंत बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाए ताकि उनका सही उपचार हो सके। बीसीसी समन्वयक राधा ने कहा कि सांप द्वारा काटे गए पीड़ित के घाव पर किसी प्रकार की पारम्परिक दवा न लगाएं। उन्होंने कहा कि काटे के स्थान पर पट्टी बांधे ताकि जहर न फैलें।

### तीन माह से बस नहीं चलने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बगथन से राजगढ़ वाया लाना बाका चरपड़ी रोड पर पिछले 3 माह से अधिक समय से बस नहीं चल रही हैं।सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार एवं हिमाचल भवन एवं सड़क निर्माण मजदूर यूनियन के पंचायत कमेटी के अध्यक्ष हरिंद्र सिंह, पूर्व वार्ड मेंबर सुरेश कुमार ने बताया की लाना बाका पंचायत के लोग पिछले कई महीनों से बस की सुविधा ओर रोड की बहाली के लिए तरस रहे हैं। आशीष ने कहा की क्षेत्र के सैकड़ों लोग रोड बंद होने से बस सुविधा के साथ-साथ दिनचर्या के कामो के लिए भी परेशान हो रहे हैं। बाहरी बरसात के कारण ओर इस रोड पर जगह जगह मलबा गिर गया हैं जिसको अभी तक विभाग की ओर से साफ नहीं किया गया। आशीष ने बताया की इससे किसानों को खेतिबाड़ी का सामान ओर नगदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा हैं जिस वजह से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### रासायनिक-मुक्त कृषि बेहद जरूरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, शारबो तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किन्नौर ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के तत्वावधान में हाल ही में स्ट्रॉबेरी दिवस आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्राकृतिक खेती पद्धतियों के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों में स्ट्रॉबेरी की खेती को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण करती है बल्कि छोटे किसानों की आर्थिक मजबूती भी बढ़ाती है। केवीके किन्नौर के प्रमुख एवं क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र सह निदेशक डॉ. प्रमोद शर्मा ने रासायनिक-मुक्त कृषि की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किन्नौर जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती आवश्यकता है, न कि विकल्प।

### बैंक के नए भवन परिसर का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने बैंक की चंडी शाखा के नए भवन परिसर का लोकार्पण किया। यह शाखा लंबे समय से सन 1978 से पुराने भवन में संचालित हो रही थी, जिसे अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आकर्षक नए भवन में शिफ्ट किया गया है। इस शाखा को नए भवन में तब्दील करने के लिए बीते 18 से 19 सालों से प्रयास हो रहे थे जिसे इस कार्यकाल में पूरा कर लोगों की आज समर्पित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि बैंक सदैव अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक की सभी शाखाओं को न केवल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है बल्कि उन्हें आकर्षक रूप भी दिया जा रहा है, ताकि ग्राहकों और बैंक कर्मचारियों को एक सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण मिल सके।

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जिला सोलन भारतीय जनता पार्टी ने वीरवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के मौके पर विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल, साधुपुल कल्होग में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता भाजपा ज़िलाध्यक्ष रतन सिंह पाल ने की। मुख्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन व उनके अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं जीएसटी के विषय में जानकारी दी। भाजपा मंडल कंडाघाट अध्यक्ष मदन ठाकुर, ज़िला उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और 150 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में महाविद्यालय सभागार में केंद्रीय छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के नव-निर्वाचित और नामित सदस्यों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने नवनिर्वाचित मुख्य चार पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ऋषिता ने अध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष की निशिता ठाकुर ने उपाध्यक्ष, बीकॉम द्वितीय वर्ष की मुस्कान खान ने महासचिव और बीए प्रथम वर्ष की कोमल ने संयुक्त सचिव के रूप में शपथ ग्रहण की। प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने कालेज केंद्रीय छात्र संघ के सदस्यों को बधाई देते हुए कालेज प्रशासन के साथ मिलकर महाविद्यालय के विकास के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

### एनएसएस दिवस पर विद्यार्थियों ने बखेरे रंग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** डिग्री कॉलेज राजगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में एनएसएस के मूल उद्देश्यों और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें जास्कर ग्रुप ने प्रथम, शिवालिक ग्रुप ने द्वितीय और धौलाधार ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा संचिता ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की अंजना ने द्वितीय और बीएससी फाइनल ईयर की संजना ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सुहानी ने प्रथम, सपना ने द्वितीय और महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब रंग जमाया।

### विद्यार्थियों को कानून की महत्ता पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** 'मेरा गांव, मेरा देश- एक सहारा संस्था' के तत्वावधान में शहीद कमलकांत मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटड़ी ब्यास में कानून की पाठशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रघुवीर सिंह तोमर, अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माजरा पुलिस थाना प्रभारी जगत जी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में कानून की उपयोगिता और महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी ने छात्रों को बताया कि भारत का संविधान हर नागरिक को अधिकार प्रदान करता है, लेकिन उन्हीं अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े होते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे तो समाज और देश की प्रगति निश्चित है। उन्होंने बच्चों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना है।

# सोलन की सड़कों पर 25 टन कूड़ा

## सफाई निरीक्षक ने देरी से आने पर रोका तो कूड़ा उठाने वाले वाहन चालकों ने कर दी हड़ताल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** नगर निगम सोलन की कार्यप्रणाली से शहर में वीरवार को कूड़ा उठाने की व्यवस्था ठप पड़ गई। इससे शहर से रोज उठने वाला 25 टन कूड़ा सड़कों पर पड़ा रहा। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के चालकों ने निगम के सफाई निरीक्षक पर गाली-गलोच करने का आरोप लगाया है।

**नगर निगम ने कूड़ा उठाने की व्यवस्था को ठेके पर दे रखा**

चालकों ने कार्रवाई नहीं होने तक कूड़ा न उठाने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब शहर से कूड़ा नहीं उठ रहा है। इससे जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। दरअसर नगर निगम ने कूड़ा उठाने की व्यवस्था को ठेके पर दे रखा है।

इसके तहत करीब आधा दर्जन छोटी बड़ी गाड़ियों से शहर से कूड़ा उठाया जा रहा है। कुछ वाहन नगर निगम के भी कूड़ा उठा रहे हैं। कूड़ा उठाने की व्यवस्था का जिम्मा निगम के सफाई निरीक्षक पर रहता है। ऐसे में आउटसोर्स कर लगे चालकों की मनमानी पर सफाई निरीक्षक सख्ती उठाते है तो यह वर्ग हड़ताल पर उतर जाता है। जबकि टेंडर में इस तरह की व्यवस्था नहीं है।



शहर में लक्कड़ बाजार और राजगढ़ रोड में लगे कूड़े के ढेर।

### हॉट स्पॉट चिन्हित स्थानों पर कार्रवाई नहीं

**शहर** के 17 वार्डों में खुले में कूड़ा फेंकने से गंदगी के हॉट स्पॉट बन गए हैं। इससे आसपास के क्षेत्र गंदे और बदबूदार बने हुए हैं। संबंधित कर्मचारियों को इन हॉट स्पॉट का चयन कर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए हैं। नगर निगम अब इन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने के दावे कर रहे हैं पर अभी तक कैमरे नहीं लगे हैं। यदि कैमरे लग जाते तो आम लोगों ही नहीं, सफाई कर्मचारियों की गतिविधियों की भी निगरानी की जाएगी। देखा जाएगा कि कर्मचारी किस समय कूड़ा उठा रहे हैं और कहां लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगने से ऐसे लोगों की पहचान आसान हो जाएगी जो घर-घर से कूड़ा उठने के बावजूद खुले में गंदगी फैला रहे हैं। इन पर अब सख्त कार्रवाई होगी।

### लोगों में खासी नाराजगी

**कूड़ा** न उठने से शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर गंदगी का जमाव हो गया। नवरात्रि के दौरान फैली इस अव्यवस्था से लोग नाराज है। हालांकि सफाई निरीक्षक पर बदतमीजी के आरोप लगे हैं पर कूड़ा उठाने वाले चालकों पर मनमानी भी कम नहीं है। इन पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलाने और समय पर कूड़ा नहीं उठाने की शिकायतें निगम में दर्ज है। निगम के मुताबिक चालकों की मनमानी और हड़ताल टेंडर के प्रावधानों में शामिल नहीं है। वहीं कूड़ा न उठने की समस्या से निपटने के लिए निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है और कूड़ा उठाया जा रहा है।

> कूड़ा उठाने का जिम्मा देख रहे ठेकेदार का एक चालक समय पर ड्यूटी नहीं आ रहा था। इस पर इसकी शिकायत की गई थी। इससे नाराज चालक ने पहले बदतमीजी की और मारपीट की थमकी भी दी। साथ ही अन्य चालकों के साथ मिलकर कूड़ा न उठाने की हड़ताल कर दी। इसकी शिकायत पुलिस में की गई है। नगर निगम ने कूड़ा उठाने के लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था की है।
>
> -राजेश कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर निगम सोलन।

# सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार सृजन पर दे रही बल : धनीराम शांडिल



स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल।

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। यह बात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने वीरवार को कंडाघाट उपमंडल के स्वास्थ्य केंद्र सायरी में बहु विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। सरकार के यह प्रयास लोगों को बेहतर उपचार प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

सस्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए मंत्रिमंडल ने प्रदेश के 9 जिलों के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 28 डायलिसिस केंद्र स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की है ताकि रोगियों को उनके घर के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित मानव संसाधन की संख्या में वृद्धि लाने के दृष्टिगत 300 जॉब ट्रेनियों की नियुक्ति स्वीकृत की गई है। इन्हें प्रशिक्षण, अनुभव और सहायता के साथ निर्धारित मासिक वेतन दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने इससे पूर्व ने मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर और विभाग के कार्यों की जानकारी दी ।

# शूलिनी ने बाढ़ प्रभावितों को भेजी 3,500 किग्रा राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश के मंडी और कुल्लू जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 3,500 किलोग्राम राहत सामग्री सफलतापूर्वक पहुंचाई।

यह मानवीय पहल शूलिनी के संकाय और कर्मचारियों के योगदान से संभव हुई, जिन्होंने अपने वेतन का एक प्रतिशत देने का संकल्प लिया।

विश्वविद्यालय ने भी इस योगदान में बराबर की राशि दी, जिससे 300 राहत किट तैयार की जा सकीं। जमीनी स्तर पर वितरण अभियान का नेतृत्व युवा स्वयंसेवक निखिल सैनी और उनकी टीम कर रही है, जो यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राहत सामग्री सबसे ज़्यादा जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय की ट्रस्टी और मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशु खोसला ने कहा, 'हालांकि ये सामग्री खोए हुए घरों और आजीविका के दर्द को कम नहीं कर सकी, लेकिन ये एकजुटता और करुणा का संदेश लेकर आई। यह हिमाचल के लोगों को यह बताने का हमारा तरीका था कि हम इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

# अघोरेश्वर नाथ मंदिर में हर कष्ट से मिलती है मुक्ति

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन की तलहटी में नौणी का बाग से ठीक पहले नाहन -पांवटा साहिब -कालाअम्ब रोड़ पर अतिप्राचीन श्री अघोरेश्वर महादेव मंदिर स्थित है।

बिल्व वृक्ष के नीचे स्थित होने के कारण इस मंदिर तथा शिव लिंग का महत्व बहुत अधिक है। शिव महापुराण में इसका विशेष उल्लेख किया गया है। मंदिर परिसर में श्री संकटमोचन मंदिर तथा भगवान दत्तात्रेय जी का मन्दिर भी स्थापित किया गया है जो भक्तजनों को हर कष्ट से मुक्ति दिलाते हैं। यहां पर प्राय: हर सोमवार को भक्तों द्वारा शिव लिंग को जलाभिषेक कराया जाता है परन्तु श्रावण मास तथा शिवरात्रि व्रत पर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। समय-समय पर इस मन्दिर में श्री मद्भागवत सप्ताह तथा श्री रामचरित मानस कथा का आयोजन भी किया जाता है जिसमें स्थानीय तथा दूर-दूर के श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। इतिहासकार बताते हैं कि इस मंदिर का इतिहास लगभग सौ वर्ष पुराना है।

इस मंदिर में पहले सिद्ध श्री लाल गिरि जी महाराज हुए हैं जो श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा के शैवमार्गी शाखा से जुड़े थे। उन्होंने यहां बिल्व वृक्ष के नीचे अखंड चेतन धूना लगाकर शिव के अघोर रूप की सिद्धियां प्राप्त की तथा उनकी तपस्या के फलस्वरूप भोलेनाथ यहां अघोरेश्वर रूप में स्थित हैं। उनका तपस्या काल 1940-1964 तक रहा। उन्होंने स्वयं यहां माता महाकाली तथा बाबा बालक नाथ जी की मूर्तियां निर्मित की। 1964 में ब्रह्मलीन होने पर यहीं उन्हें समाधि दी गई। उनके आठवें उत्तराधिकारी स्वामी शिवदत्त गिरि जी वर्तमान में यहां का व्यवस्था संचालन देख रहे हैं।

उनके शिष्य नागा संत स्वामी हरि ओम गिरी जी बताते हैं कि यह उत्तर भारत का एक मात्र अघोरी स्थान है।

# 11 को होगा कॉलेज की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में शिक्षक अभिभावक संघ की आम सभा की वीरवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2025- 26 के लिए नई कार्यकारिणी गठन किया जाना प्रस्तावित था ताकि शैक्षणिक स्तर को संचालित किया जा सके।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आम सभा में कोरम पूरा न होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन स्थगित कर दिया गया है। तिथि 11 अक्तूबर सुनिश्चित की गई है। अभिभावकों से आग्रह किया कि आमसभा की बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें ताकि नई कार्यकारिणी का गठन किया जा सके ।

# नाहन कॉलेज में 'सृजन' का हुआ सफल समापन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन में 'सृजन अनलीश क्रिएटिविटी' बैनर तले आयोजित रचनात्मक गतिविधियों का सफल समापन हुआ। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप वन समिति द्वारा 15 से 23 सितंबर तक इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। भाषण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज, क्ले मॉडलिंग, चित्रकला और फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और मेहनत से निर्णायकों को प्रभावित किया। हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में वाद-विवाद व भाषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने 'सृजन' टीम और आयोजन समिति की सराहना की।

# शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ ने किया देवी दुर्गा के 9 स्वरूपों का गुणगान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

श्री जवाला माता मंदिर ओच्छघाट सोलन में देवी भागवत का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का सुंदर गुणगान किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने भक्ति और श्रद्धा से इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। श्री जवाला माता मंदिर, जो हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित है, एक प्राचीन शक्तिपीठ है जहां मां ज्वाला की ज्योति स्वरूप पूजा होती है। यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां हर वर्ष भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या में आती है।



**श्री जवाला माता मंदिर ओच्छघाट सोलन में देवी भगवत का आयोजन**

जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ द्वारा देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की स्तुति और देवी भागवत की कथा से भक्तजन अत्यंत प्रभावित हुए। इस प्रकार के आयोजन से न केवल धार्मिक भावना प्रबल होती है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता भी बढ़ती है। इस आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर के गर्भगृह में मां देवी की ज्योति का दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं।

यह आयोजन शारदीय नवरात्रि जैसे पावन अवसरों पर किया जाता है ताकि मां दुर्गा की कृपा से सभी को सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त हो सके। इस प्रकार, श्री जवाला माता मंदिर, ओच्छघाट सोलन में देवी भागवत का आयोजन एक धार्मिक एवं सामाजिक उत्सव के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ का मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं की भागीदारी महत्वपूर्ण रही।

# सरकार गुणात्मक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध : हर्षवर्द्धन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सरकारी एवं निजी संस्थानों को और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करना होगा।



उद्योग मंत्री शूलिनी विश्वविद्यालय में बने एआई फ्यूचर सेंटर का अवलोकन करते हुए।

**शूलिनी विश्वविद्यालय में 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025' आयोजित**

चौहान आज सोलन के शूलिनी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसिस द्वारा 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में सरकारी संस्थानों के साथ अनेक निजी संस्थान युवा पीढ़ी के भविष्य को संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार इस दिशा में सभी के सहयोग के साथ युवा पीढ़ी को बेहतर अवसर देने के लिए कार्य करने के लिए प्रयासरत है। चौहान ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय को देश-विदेश में अनुसंधान और नवाचार के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय भविष्य में इस दिशा में और बेहतर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ हैं और इनके सहयोग से सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव है।

स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्र में लोगों को उनके घर-द्वार पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। फार्मासिस्ट न केवल समय पर दवा उपलब्ध करवाते हैं अपितु सुरक्षित देखभाल और जन स्वास्थ्य अभियानों में सहयोग प्रदान कर जन अभियान की सफलता भी सुनिश्चित बनाते हैं। समग्र स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जन-जन तक बनाने में फार्मासिस्ट अहम कड़ी हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर 'थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट' विषय रखा है जो बहुत ही सार्थक है। यह विषय हमें स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की विश्वसनियता का ध्यान दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच बनाने के लिए कार्यरत है।

उद्योग मंत्री शूलिनी विश्वविद्यालय में बने ए.आई. फ्यूचर सेंटर का अवलोकन भी किया। उन्होंने खाद्य कैफेटेरिया नवाचार केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण केंद्र का शुभारंभ भी किया।इस खाद्य प्रसंस्करण केंद्र में ड्राई खाद्य व जूस, सॉस, जैम आदि उत्पाद तैयार किए जाएंगे यह केंद्र विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 75 लाख रुपए से निर्मित किया गया है।

**बदलाव** प्री प्राइमरी स्कूल की शिक्षा नीति शुरू

# आंगनबाड़ियों में घटी बच्चों की संख्या

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश के प्रारंभिक स्कूलों में प्री प्राइमरी शिक्षा नीति शुरू करने के साथ प्रदेश की सैकड़ों आंगनबाड़ियों में स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए आने वाले बच्चों की संख्या शून्य हो गई है।

सरकार की इस नीति ने आंगनबाड़ियों के आंगन सुने कर दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत प्रदेश में 1993 के बाद बाल विकास परियोजना कारगर रूप से लागू हुई। जिला और खंड बाल विकास परियोजना कार्यालयों के माध्यम से आंगनबाड़ियों को चरणबद्ध खोला गया। इन आंगनबाड़ियों ने महिलाओं और शिशुओं को पोषण, स्वास्थ्य और अन्य कई कल्याणकारी सरकारी योजनाएं पात्र लोगों को पहुंचाने का काम किया। इसके साथ निजी स्कूलों में यूकेजी, एलकेजी स्तर की बेहतर शिक्षा के मुकाबले सरकारी स्तर पर तीन से छह साल के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा का काम किया। सरकार ने स्कूल पूर्व शिक्षा के साथ पोषण, स्वास्थ्य और खान-पान की व्यवस्था सहित इन्हें कई सुविधाओं से लैस किया है। हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने प्रारम्भिक स्कूलों में प्री प्राइमरी शिक्षा नीति शुरू की। इसमें आंगनबाड़ियों की तर्ज पर तीन से छह साल के तक के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है।

जहां प्री प्राइमरी वाले स्कूल के साथ या आस पास आंगनबाड़ी है वहां से स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए आने वाले बच्चों की संख्या शून्य हो गई। आज की स्थिति में प्री प्राइमरी में आंगनबाड़ियों के मुकाबले सुविधाएं 20 फीसदी भी नहीं। सरकारों ने नीति बनाते समय अनेक विसगतियों को नजरन्दाज किया है जिसमें स्कूल के साथ की आंगनवाड़ी को प्री प्राइमरी बनाया जाता तो यह नीति कारगर होती।

### सरकार को इस नीति पर विचार करने की जरूरत

**अब** आंगनबाड़ी में सुविधाएं है और स्कूल पूर्व शिक्षा के बच्चे शून्य हो गए। स्कूलों में जहां प्री प्राइमरी है वहां सुविधाएं नहीं है। प्रदेश के एक ब्लॉक कंडाघाट में 27 आंगनबाड़ियों ऐसी है जहां आज स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए एक भी बच्चा नहीं। इसकी पुष्टि बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. आभा ने की है। इसी तर्ज पर प्रदेश की सैकड़ों आंगनबाड़ियां ऐसी है जिसमें अब स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए एक भी बच्चा नहीं आता। सरकार को इस नीति का पुनः अवलोकन करके स्कूल के साथ की आंगनबाड़ियों को ही प्री प्राइमरी में बदलने की मांग प्रदेश की कई जगहों से उठाई जा रही है उसे कोई सुनने वाला नहीं। मांग को नजरअंदाज करने से सरकारी धन और कर्मचारियों के सदुपयोग पर सवाल लग रहा है।

# योजनाओं से लोगों को किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों व नशा निवारण के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां विभागीय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत पूजा कला मंच बाड़ीधार (सरयांज) के कलाकारों द्वारा 26 सितंबर को नालागढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत बारियां व रेडू उपरला तथा शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा 26 व 27 सितंबर को कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत पारनु, बनोह खरड़हट्टी तथा दाड़ला में अवगत करवाया जाएगा।

27 सितंबर, 2025 को हिम सांस्कृतिक दल ममलीग के कलाकारों द्वारा कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत ममलीग व सायरी तथा सुनीता सांस्कृतिक दल सोलन के कलाकारों द्वारा धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत कसौली गड़खल तथा धर्मपुर में सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# आईटीआई राजगढ़ में रेड रिबन क्लब ने करवाई मैराथन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ के रेड रिबन क्लब की ओर से बुधवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फ्लैश मॉब एवं दौड़ मैराथन/रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को एच आई वी एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सजग और जागरूक बनाना था। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आरती वोहरा व उनकी टीम ने विशेष रूप से भाग लिया। उपस्थित लोगों को एड्स के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

आरती वोहरा ने कहा कि समाज में इस बीमारी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना और जागरूकता फैलाना ही इसके नियंत्रण का सबसे सशक्त साधन है। संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी कर्मचारी तथा प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत फ्लैश मॉब ने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और एड्स जैसी संवेदनशील समस्या के प्रति समाज को सोचने पर विवश किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक बनाते हैं बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने की भावना भी जगाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गैंबूसिया मछली बीमारियों का प्रसार रोकने में सहायक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया विंग ने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के सहयोग से कैम्बवाला स्थित बर्ड पार्क के चार तालाबों में तथा अन्य स्थानों पर लार्विवोरस (मच्छरभक्षी) गैंबूसिया मछली छोड़ी। इस अवसर पर नवीन, निदेशक, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, डॉ. अश्विनी कुमार, संयुक्त निदेशक, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग तथा डॉ. उपेंद्रजीत सिंह गिल, सहायक निदेशक, मलेरिया उपस्थित रहे। गैंबूसिया मछली प्रतिदिन लगभग 300 मच्छरों के लार्वा खा सकती है। इस प्रकार यह मच्छरों की संख्या को नियंत्रित कर मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने में सहायक है।

### 14 नवंबर से मैकमा एक्सपो का 12वां संस्करण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी पर भारत की प्रमुख प्रदर्शनियों में से एक, मैकमा एक्सपो, अपने 12वें संस्करण के साथ 14 से 17 नवंबर तक चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में लौट रहा है। फॉर्च्यून एग्जिबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस मेगा इवेंट में 400 से ज्यादा प्रदर्शक एक साथ आएंगे, 10,000 से ज्यादा उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। फार्च्यून एग्जिबिटर्स के करमजीत सिंह ने कहा, 'मशीन टूल्स और ऑटोमेशन क्षेत्र के विकास के लिए मचमा एक्सपो एक प्रेरक शक्ति बना हुआ है। हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान, नवाचार और व्यावसायिक विस्तार के लिए एक उच्च-प्रभावी मंच प्रदान करना है।'

### सीआरपीएफ 13वीं बटालियन ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 13वीं बटालियन द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में चंडीगढ़ सेक्टर-44 डी मार्केट में म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्वच्छता का यह कार्यक्रम कमांडेंट कमल सिसोदिया के मार्गदर्शन और द्वितीय कमान अधिकारी कैलाश चंद्र अहलावत के नेतृत्व में सम्पूर्ण किया गया।

### शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टिट्यूट फॉर इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज, चंडीगढ़ ने सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शिक्षकों के लिए एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम में 30 से अधिक शिक्षक शामिल हुए और 'पॉजिटिव बिहेवियर इंटरवेंशंस एंड सपोर्ट्स (PBIS)' पर जानकारी प्राप्त की। डॉ. बिभाकर विश्वकर्मा ने विषय पर प्रस्तुति दी। एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों ने समावेशी और सकारात्मक कक्षा परिवेश बनाने की रणनीतियां साझा कीं। कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल वंदना सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### अंत्योदय से राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई। पुष्पांजलि अर्पण के बाद वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, मुख्य प्रवक्ता डॉ. धीरेंद्र तायल और शक्ति प्रकाश देवशाली ने उपाध्याय के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### एसबीआई चंडीगढ़ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक स्थानीय प्रधान कार्यालय चंडीगढ़ ने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के अंतर्गत सेक्टर 17 में स्वच्छता अभियान चलाया। 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम पर आधारित इस अभियान में मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और स्टाफ ने भाग लिया।

### एमसीएम में आयुर्वेदिक जीवनशैली पर विशेषज्ञ सत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़, 24 सितंबर: एमसीएम डीएवी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने आयुर्वेद दिवस की 10वीं वर्षगांठ पर 'मोटापे के लिए आयुर्वेद आहार' और 'त्वचा की प्राकृतिक देखभाल' विषयों पर सत्र आयोजित किया। वक्ता दिलीप सिंह व डॉ. सृष्टि ने समग्र जीवनशैली, आहार और प्राकृतिक उपचार पर बल दिया। प्राचार्या नीना शर्मा ने आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

पं. दीनदयाल जयंती पर 'स्वच्छता ही सेवा-एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान' अभियान आयोजित

# चंडीगढ़ में सामूहिक स्वच्छता संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री (MoHUA) मनोहर लाल खट्टर ने आज सेक्टर-22 मार्केट, चंडीगढ़ से 'स्वच्छता ही सेवा-एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर अधिकारियों, नागरिकों, बाजार वेलफेयर एसोसिएशन, स्वयंसेवकों, सिविल डिफेंस और सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छ भारत के संकल्प को पुनः दृढ़ किया। एक बड़े स्तर पर श्रमदान किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पूरे मनोयोग से आसपास के क्षेत्र की सफाई की।

यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। शुरुआत एक प्रतीकात्मक gesture से हुई, जिसमें सफाई कर्मचारी की पुत्री को फल भेंट किए गए और उसके बाद मुख्य अतिथि को सिग्नेचर वॉल तक ले जाया गया। कपड़े के थैले भी वितरित किए गए ताकि इको-फ्रेंडली आदतें अपनाई जा सकें और सिंगल-यूज प्लास्टिक



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित करते मनोहर लाल खट्टर।

**स्वच्छता अभियान में सभी ने किया श्रमदान**

का उपयोग हतोत्साहित हो। इस अवसर पर MoHUA ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें स्वच्छता एवं सतत जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में मनोहर लाल खट्टर ने जनभागीदारी की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक इसकी जिम्मेदारी उठाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक जन आंदोलन है। उन्होंने रेखांकित किया कि पहले सफाई कार्य को लोग तुच्छ समझते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब यह एक संपूर्ण देश का आंदोलन बन गया है। MoHUA ने कहा कि स्वच्छता हमारा श्रृंगार, हमारी संस्कृति, हमारा स्वभाव, हमारा कर्म और हमारा धर्म है। स्वच्छता के बिना कोई भी उपलब्धि या प्रतिभा उजागर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जैसे हम स्वाभाविक रूप से स्वच्छता की ओर आकर्षित होते हैं, उसी प्रकार घर, दुकान, पूजा स्थल, विद्यालय, अस्पताल, सामुदायिक केंद्र और सार्वजनिक स्थलों पर भी स्वच्छता को समान रूप से अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी को यह संदेश दिया कि स्वच्छता को एक दैनिक आदत बनाना चाहिए, न कि केवल एक दिन की गतिविधि। श्री खट्टर ने नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मीडिया प्रतिनिधियों सहित समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और कहा कि सच्चा परिवर्तन तभी संभव है जब हर व्यक्ति पूरे मन से योगदान दे।

इस अवसर पर उपायुक्त चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव, आईएएस; विशेष आयुक्त नगर निगम प्रदीप कुमार, आईएएस; एसडीएम साउथ ईशा कंबोज, एचसीएस सहित नगर निगम एवं चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बठिंडा मैक्स अस्पताल में अल्जाइमर रोग पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बठिंडा**

विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बठिंडा में अल्जाइमर रोग पर आयोजित अवेयरनेस सेशन में मेडिकल प्रोफेशनल सहित 80 से अधिक लोगों ने भाग लिया। सेशन के दौरान, मैक्स अस्पताल, बठिंडा के वरिष्ठ न्यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. पल्लव जैन ने अल्जाइमर रोग के लक्षणों, उपलब्ध उपचार विकल्पों और इसके शीघ्र उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला।



डॉ. जैन ने कहा कि अल्जाइमर एक प्रगतिशील मस्तिष्क विकार है जो स्मृति, सोच और व्यवहार को प्रभावित करता है। समय के साथ, यह व्यक्ति की साधारण दैनिक कार्य करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। हालांकि अधिकांश मामलों में इसका सटीक कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जाता है कि उम्र से संबंधित, आनुवंशिक और जीवनशैली संबंधी कारकों का संयोजन इसके विकास में योगदान देता है। उन्होंने इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों, जैसे बार-बार भूलने की बीमारी, समय और स्थान का भ्रम, और परिचित कार्यों को पूरा करने में कठिनाई को पहचानने के बारे में भी जानकारी दी। सेशन में रोगियों की भावनात्मक और शारीरिक, दोनों जरूरतों को पूरा करने में परिवार के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया।

डॉ. जैन ने कहा, नियमित शारीरिक गतिविधि, मानसिक जुड़ाव और संतुलित आहार जैसे जीवनशैली में साधारण बदलाव मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। अल्जाइमर से पीड़ित लोगों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाना जरूरी है। मैक्स अस्पताल, बठिंडा की यह पहल जन जागरूकता को बढ़ावा देने और शिक्षा, विशेषज्ञ देखभाल और सामुदायिक पहुंच के माध्यम से परिवारों का समर्थन करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पोषण माह 2025 : चंडीगढ़ में पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पोषण माह 2025 के अंतर्गत, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूटी. चंडीगढ़ द्वारा पूरे शहर में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं तथा परिवारों के पोषण स्तर को सामुदायिक स्तर पर बेहतर बनाना है।

विशेष गोद भराई एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लाभार्थियों के लिए आभा आईडी (ABHA ID) एवं अपार आईडी (APAAR ID) बनाई गई। बच्चों ने प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) सत्रों में कठपुतली शो के माध्यम से भाग लिया, वहीं आरसी धनास-I में एनीमिया पर प्रश्नोत्तरी आयोजित हुआ। स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। इनमें घर पर योग अभ्यास, स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज (मिलेट्स) के सेवन को बढ़ावा, मिलेट्स पर नारा लेखन प्रतियोगिता, टीकाकरण पर व्याख्यान शामिल थे। घर पर ओआरएस बनाने का प्रदर्शन, घरेलू अपशिष्ट से ईसीसीई सामग्री तैयार करना, तथा स्तनपान और बच्चों के टीकाकरण की महत्ता पर जागरूकता कार्यक्रम भी किए गए।

इन पहलों से यूटी चंडीगढ़ प्रशासन की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संवर्धन, घर-घर स्वस्थ्य आदतों को प्रोत्साहित करने तथा पोषण, स्वच्छता और टीकाकरण पर व्यापक जन-जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता झलकती है।

## स्वच्छता में ही भगवान का वास होता है : राज्यपाल गुलाब चंद

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अपनी मंडी, सेक्टर 15 में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' 2025 अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर अभियान में भागीदारी की और नागरिकों से आह्वान किया कि स्वच्छता केवल एक अभियान न रहे बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बने।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन है और जहां स्वच्छता है, वहीं ईश्वर का वास है। जैसे हम दिवाली पर अपने घर और बाजार साफ करते हैं, वैसे ही हमें प्रतिदिन अपने आसपास को स्वच्छ रखना चाहिए। स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है, चाहे वह अमीर हो या गरीब, व्यापारी हो या मजदूर। यह कार्यक्रम पंडित



दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि उपाध्याय के 'अंत्योदय' सिद्धांत की तरह स्वच्छता भी समाज के हर वर्ग को जोड़ने और सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी के आदर्शों का अनुसरण करें और स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को याद करते हुए कटारिया ने कहा कि जब उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाई, तो पूरे देश ने स्वच्छता का महत्व समझा। उन्होंने यह भी कहा, "देश को केवल प्रधानमंत्री अकेले साफ नहीं कर सकते; हर नागरिक को खुद से शुरुआत करनी होगी।

राज्यपाल ने चंडीगढ़ की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग में चंडीगढ़ 11वें स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण में भी शहर ने महत्वपूर्ण सुधार किया है और 27वें स्थान से बढ़कर 8वें स्थान पर पहुंचा है। इसे नागरिकों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताते हुए उन्होंने सभी से इस उपलब्धि को और आगे बढ़ाने की अपील की। स्वयंसेवी कार्य में बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थियों, दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी वालों और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी से मंडी क्षेत्र की सफाई स्पष्ट रूप से नजर आ रही थी।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, गृह सचिव मंदीप सिंह ब्रार, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, क्षेत्रीय पार्षद सौरभ जोशी, स्थानीय आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के पदाधिकारी तथा चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## देश-विदेश

# भारत को अब किसी पर निर्भर रहना मंजूर नहीं : पीएम मोदी

### नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नोएडा**

पीएम नरेंद्र मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में वीरवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं, इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए, जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है, इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले।

ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। शो में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल का लाइव डेमो होगा। यूपी के 40 जिलों के उत्पाद ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां 2400 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। हर दिन सुबह से रात तक सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

मोदी ने कहा- 2014 से पहले जब हमारी सरकार नहीं थी तो सिर्फ दो लाख रुपए तक की इनकम टैक्स माफ था। आज हमने 12 लाख रुपए तक टैक्स फ्री किया है। नए

### कांग्रेस राज में लूट ही लूट थी



**बांसवाड़ा** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस राज में लूट ही लूट थी। भाजपा सरकार में बचत ही बचत है। तभी देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में राजस्थान पेपरलीक का सेंटर बन गया था। जल जीवन मिशन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। महिलाओं पर अत्याचार चरम पर था। बलात्कारियों को संरक्षण दिया जा रहा था। बांसवाड़ा में अवैध शराब का कारोबार खूब पनपा था। कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को लूटकर जो जख्म दिए उन्हें भरने का काम हमारी सरकार कर रही है।

जीएसटी रिफार्म से इस साल देश के लोगों को ढाई लाख करोड़ रुपए बचने जा रहे हैं। देश आज गर्व के साथ जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। 2017 में हम जीएसटी लाए, आर्थिक मजबूती की। 2025 में फिर से जीएसटी लाए, फिर आर्थिक मजबूती करेंगे। जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती होगी, टैक्स का भार कम होता जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को बनाया प्रभारी

**एजेंसी, पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में वीरवार को पार्टी ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का एलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। भाजपा ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सहकारिता और उड्डयन मंत्रालय में राज्यमंत्री का पद संभाल रहे मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा कितना भी झूठ फैलाए, हम पिछड़ों के लिए संकल्पबद्ध : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीरवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे कितना भी झूठ और भ्रम फैलाए, महागठबंधन अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समुदायों को पूरा अधिकार दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है, जब एक दिन पहले बिहार में विपक्षी गठबंधन ने 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' पत्र जारी किया है। राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार के प्रभावशाली अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) से वादा किया था कि अगर इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की तर्ज पर एक नया कानून बनाकर अत्याचारों से सुरक्षा दी जाएगी। यह ईबीसी आउटरीच पहल ऐसे समय में शुरू की गई है, जब कुछ ही दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



### फिलिस्तीन मुद्दा हल करने को भारत आगे बढ़े : सोनिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वीरवार को इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने के लिए भारत को नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है। सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है। यह भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है। विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए।

## भारत और बांग्लादेश के बीच अभी कई दिक्कतें: यूनुस

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस वीरवार को न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में माना कि बांग्लादेश और भारत के बीच दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि शेख हसीना का भारत में होना दोनों देशों के संबंधों को मुश्किल बना रहा है, क्योंकि वे उनकी मेजबानी कर रहे हैं, जिन्होंने यह सारी दिक्कतें पैदा कीं। यूनुस ने आरोप लगाया कि भारत को छात्र नेताओं का काम पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि भारत हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैला रहा है। तरह-तरह का प्रचार किया जा रहा है कि जैसे कि यह एक इस्लामी आंदोलन है, जिसने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। वे कहते हैं कि मैं भी तालिबानी हूं। उन्होंने कहा कि यह एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता। इसके लिए मुझे बुरा लगता है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर किसी देश का नाम नहीं लिया।

**कहा- भारत हमारे खिलाफ फैला रहा झूठी अफवाहें**

### पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया। पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। (अनंत ज्ञान)

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को एक मुकदमे में साजिश रचने का दोषी ठहराया गया है। उन पर और उनके सहयोगियों पर 2007 के फ्रांसीसी राष्ट्रपति चुनाव अभियान में फंडिंग करने के लिए दिवंगत लीबियाई तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के शासन के साथ भ्रष्टाचार समझौता करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, उन्हें भ्रष्टाचार और अवैध फंडिंग से जुड़े तीन दूसरे मामलों से बरी कर दिया गया। सजा अभी तय नहीं हुई है। वहीं, सरकोजी ने सभी आरोपों से इनकार किया है और वे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि 2005 में सरकोजी और उनके सहयोगियों ने गद्दाफी के साथ मिलकर 2007 के चुनाव के लिए गैरकानूनी तरीके से पैसा लिया। इसके बदले गद्दाफी ने सरकोजी से कूटनीतिक और व्यापारिक मदद मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

### सूडान में ड्रोन हमले में 15 लोगों की मौत

**एजेंसी, सूडान।** उत्तरी अफ्रीकी देश सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के ड्रोन हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हुए। यह हमला व्यस्त बाजार में हुआ। कुछ दिन पहले ही आरएसएफ ने शहर की एक मस्जिद पर हमला किया था, जिसमें 70 से अधिक लोग मारे गए थे। स्थानीय प्रतिरोध समितियों ने इसे नृशंस हमला और लगातार हो रहे नरसंहार की कड़ी बताया। आरएसएफ ने घटना पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की, लेकिन शहर में बढ़त और नागरिकों की निकासी का दावा किया। (अनंत ज्ञान)

### चांदी 1.37 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चांदी की कीमत 25 सितंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 2,951 रुपए बढ़कर 1,37,040 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,34,089 रुपए पर थी। वहीं, सोने के दाम में वीरवार को गिरावट रही। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 235 रुपए गिरकर 1,13,349 रुपए पर आ गया है। इससे पहले यह 1,13,584 रुपए पर था। गौर रहे कि इसी महीने 23 सितंबर को सोने ने 1,14,314 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# रूस के साथ युद्ध खत्म होने के बाद छोड़ दूंगा कुर्सी : जेलेंस्की

**एजेंसी, कीव**

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। दरअसल, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक्सियोस समाचार वेबसाइट से बात करते हुए बताया कि रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद वह पद छोड़ने के लिए तैयार होंगे। इस बातचीत के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि मेरा लक्ष्य युद्ध समाप्त करना है, न कि पद के लिए दौड़ना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में कहा कि रूस को रोका जाना चाहिए। जेलेंस्की ने विश्व नेताओं से कहा कि दुनिया में 'मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्र दौड़' चल रही है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को रूस के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूरोप में अपने युद्ध का विस्तार करना चाहते हैं। यूक्रेनी नेता ने कहा, 'सिर्फ हथियार और दोस्त ही सुरक्षा की गारंटी देते हैं।' (अनंत ज्ञान)



**फैसला** शादी के बाद महिला का बदल जाता है गोत्र, ऐसे में मायके का हक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

# विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर ससुरालवालों का हक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र (कुल या वंश) भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि हमारे हिंदू समाज की जो संरचना पहले से है, उसे नीचा मत दिखाइए। महिलाओं के अधिकार जरूरी हैं, लेकिन सामाजिक संरचना और महिलाओं को अधिकार देने के बीच बैलेंस होना चाहिए।

### महिला अपने मायके से भरण-पोषण नहीं मांग सकती

**जस्टिस** बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि जब एक महिला की शादी होती है, तो अधिनियम के तहत उसकी जिम्मेदारी उसके पति, ससुराल वाले, बच्चे, पति के परिवार की होती है। अगर किसी महिला के बच्चे नहीं हैं, तो वह हमेशा वसीयत बना सकती है। महिला अपने माता-पिता या भाई-बहनों से भरण-पोषण नहीं मांग सकती। विवाह की रस्मों में बताया जाता है कि वह एक गोत्र से दूसरे गोत्र में जा रही है। वह अपने भाई के खिलाफ भी भरण-पोषण याचिका दायर नहीं करेंगी।



सुप्रीम कोर्ट को दो मामलों के बारे में बताया गया। पहले केस में एक युवा दंपती की कोविड-19 के कारण मौत हो गई। इसके बाद, पति और पत्नी दोनों की मां ने उनकी संपत्ति पर दावा कर दिया। एक ओर, पुरुष की मां का दावा है कि दंपती की पूरी संपत्ति पर उसका अधिकार है, जबकि महिला की मां अपनी बेटी की संचित संपत्ति और प्रॉपर्टी पर अधिकार चाहती है। वहीं, दूसरे मामले में एक दंपति की मौत के बाद पुरुष की बहन उनकी छोड़ी हुई संपत्ति पर दावा कर रही है। वकील ने कहा यह जनहित का मामला है और इसमें सुप्रीम कोर्ट के दखल की जरूरत है।

एक याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील दी कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के कुछ प्रावधान महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण हैं। सिब्बल ने कहा कि केवल परंपराओं के कारण महिलाओं को समान उत्तराधिकार के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

### लगातार पांचवें दिन फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार वीरवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा पर शुल्क लगने की चिंता के बीच सेंसेक्स वीरवार को 555.95 अंक टूट गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 555.95 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,159.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 622.74 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166.05 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक प्रतिस्पर्धियों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वहीं, रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से संभलकर डॉलर के मुकाबले 88.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 7 पैसे अधिक है।



## स्पोर्ट्स विंडो

### पाकिस्तान के दो खिलाड़ियों पर लग सकता है बैन!

**एजेंसी, दुबई।** यूएई में जारी एशिया कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अनुशासन और खेल से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। टीम इंडिया ने एशिया कप में अब तक खेले गए सभी मुकाबले जीते है। भारत ने अपने चित प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को भी दो अलग-अलग मुकाबले में धूल चटाई है। पहलगाम हमले और फिर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाक के बीच तनाव अपने चरम पर हैं तो यह टेंशन मैदान पर भी महसूस किया जा रहा है। भारत ने दोनों ही मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसे लेकर पिछले दिनों पाक टीम प्रबंधन ने मैच रेफरी की आईसीसी से शिकायत भी की थी। वहीं, पिछले मुकाबले में दो पाकिस्तानी प्लेयर्स ने भारत के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक इशारा किया था, जिसे लेकर अब भारत ने भी आईसीसी के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल 21 सितंबर को खेले गए मुकाबकले के दौरान पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अर्द्धशतक लगाने के बाद गन चलाने वाला सेलिब्रेशन किया था। इसके अलावा हारिस रऊफ ने फील्डिंग के दौरान कुछ ऐसी हरकत की जिसके बाद वे ट्रोल होने लगे हैं। वहीं, अब बीसीसीआई ने आईसीसी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। बीसीसीआई ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट से की है। साथ ही रऊफ और साहिबजादा के वीडियो भी मेल में अटैच करके भेजे गए हैं। अगर इस मामले पर सुनवाई होती है तो इन दोनों खिलाड़ियों को कड़ी सजा मिल सकती है। (अनंत ज्ञान)

### मेजर लीग सॉकर: मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** सिटी फील्ड स्टेडियम में वीरवार (भारतीय समयानुसार) को खेले गए मेजर लीग सॉकर मुकाबले में इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 4-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का जलवा देखने को मिला। उन्होंने दो गोल दागे और एक असिस्ट किया। मैच की शुरुआत से ही मेसी ने लय पकड़ ली और मैच के 43वें मिनट में बाल्तासर रोड्रिगेज़ को शानदार थ्रू बॉल देकर गोल का मौका बनाया और रोड्रिगेज ने बिना कोई गलती किए इसे गोल में बदलकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में 74वें मिनट में सर्जियो बुस्केट्स के पास पर मेसी ने गोलकीपर के ऊपर से बेहतरीन चिप शॉट मारकर अपना पहला गोल दागा और टीम की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल के 12 मिनट बाद मेसी ने फिर कमाल दिखाया। डिफेंस को चकमा देते हुए वह बॉक्स में घुसे और सटीक शॉट मारकर गेंद को निचले बाएं कोने में डाल दिया और अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। मैच के 83वें मिनट में लुईस सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम को 4-0 से आसान जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

### डेब्यू मैच में चोटिल हुए लियोनी, लंबे समय तक बाहर रहने की आशंका

**एजेंसी, लंदन।** लिवरपूल के 18 वर्षीय डिफेंडर जियोवानी लियोनी अपने डेब्यू मैच में ही गंभीर चोट का शिकार हो गए हैं। काराबाओ कप में साउथैम्पटन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में लियोनी को घुटने में चोट लगी। मेडिकल जांच में उनके बाएं घुटने में एसीएल (एंटीरियर क्रूशिएट लिगामेंट) की चोट की आशंका जताई गई है, जिससे उनका पूरा सीजन खतरे में पड़ गया है। इटालियन सेंटर-बैक लियोनी को लिवरपूल ने अगस्त में पार्मा से 26 मिलियन पाउंड में साइन किया था। उनके बाहर होने से लिवरपूल की डिफेंस कमजोर हुई है। क्लब अब फेडरिको कियेसा को स्क्वॉड में शामिल करने पर विचार कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया का दिलकश अंदाज

**क्रोएशिया।** एना मारिया मार्कोविक को अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है। वह क्रोएशिया की एक पेशेवर फुटबॉलर हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं, रिपोर्ट है कि उनके 10 लाख से ज्यादा फोलोअर्स हैं।



**एशिया कप** भारत के पास श्रीलंका के खिलाफ जितेश को फिनिशर के तौर पर आजमाने का आखिरी मौका

# फाइनल की तैयारी करने उतरेगी 'सूर्य सेना'

**एजेंसी, दुबई**

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर-4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है।

भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर-4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा,''इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाये जा सकते।'' वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का



बचाव किया, क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा,''वैसे 'रिंग आफ फायर' (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी।'' बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं।

चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है, क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां-दायां संयोजन रखने के लिए यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बायें हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया।

फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था,''संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है।'' ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाए। समझा जाता है कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज के तौर पर सैमसन के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें बाहर नहीं किया जा रहा लेकिन इस प्रारूप में हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका है। जितेश शर्मा मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ फिनिशर भी हैं।

**मैच : रात 8.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका:** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

जितेश ने आईपीएल में पांचवें नंबर पर 18 पारियों में 374 रन बनाये जबकि छठे नंबर पर 15 पारियों में 384 रन जोड़े। सातवें नंबर पर उन्होंने सात पारियों में 178 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया जा सकता है अगर वह इसके इच्छुक हैं। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेशी गेंदबाजों ने पाकिस्तान पर ढाया कहर



**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच एशिया कप का 17वां मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो उनके लिए सही साबित हुआ।

पहले बल्लेबाजी करने आए पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज साहिबजादा फरहान और फखर जमान की शुरुआत खराब रही। पाकिस्तान को पहले ओवर में झटका लगा। सलामी बल्लेबाज फरहान मात्र 4 गेंदों में 4 रन बनाकर जल्दी की चलते बने। उन्हें तस्कीन अहमद ने रिशाद हुसैन के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए सईम अयूब भी कुछ खास नहीं कर पाए और 4 गेंदें खेलकर बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इस तरह पाकिस्तान की टीम को दूसरे ओवर में दूसरा झटका लगा। अयूब को मेहदी हसन ने भी रिशाद हुसैन के हाथों ही कैच करवाया। सईम अयूब एशिया कप में चार बार जीरो पर आउट हुए हैं। फखर जमान भी ज्यादा देर कर क्रीज पर नहीं टिक पाए और 20 गेंदों में 13 रन बनाकर चलते बने। जमान को रिशाद हुसैन ने तंजीम हसन साकिब के हाथों कैच करवाया। हुसैन तलत भी 3 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक पाकिस्तान ने 10 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ वनडे सीरीज में श्रेयस अय्यर भारत-ए के कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत-ए का कप्तान बनाया गया है, जिससे 50 ओवरों की सीनियर टीम में उन्हें कमान सौंपे जाने की संभावना बन रही है। हालांकि, वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे।

अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत-ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। भारतीय टीम के साथ यूएई में एशिया कप खेल रहे हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्तूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्तूबर) के लिए भारत-ए टीम से जुड़ेंगे। रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ नागपुर में एक अक्तूबर से होने वाले ईरानी कप मैच के लिए शेष भारत का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा,''श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की जानकारी दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और जकड़न का अनुभव हुआ है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत ने एशिया कप में जीते सबसे ज्यादा मैच

**एजेंसी, दुबई**




**फाइनल में भारत की पाकिस्तान या बांग्लादेश से हो सकती भिड़ंत**

एशिया कप 2025 में भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में खेलते हुए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ हुए मुकाबले को 41 रनों से जीतने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। टीम इंडिया को अभी सुपर-4 में एक मुकाबला खेलना बाकी है, जो श्रीलंका की टीम के खिलाफ 26 सितंबर को होगा। भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत के साथ उन्होंने एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने के मामले में श्रीलंकाई टीम के रिकॉर्ड को चकनाचूर करने के साथ उनसे अब लिस्ट में आगे निकल गई है।

टीम इंडिया का एशिया कप के पिछले कई संस्करण से लगातार शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, जिसमें इस बार भी उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है।

भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत के साथ ही वह अब एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने वाली टीम बन गई है। टीम इंडिया ने अब तक एशिया कप में कुल 70 मैच खेले हैं, जिसमें से वह 48 मैचों को जीतने में कामयाब रही है। वहीं, दूसरे नंबर पर अब श्रीलंका की टीम है, जिन्होंने कुल 71 मुकाबले खेलने के बाद 47 में जीत दर्ज की, जबकि पाकिस्तान की टीम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर 36 जीत के साथ है।

भारतीय टीम ने जहां एशिया कप 2025 में सुपर-4 के अपने शुरुआती दोनों ही मुकाबलों में एकतरफा जीत हासिल करने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है, तो वहीं दूसरी टीम का फैसला 25 सितंबर को दुबई के मैदान पर होने वाले पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मुकाबले से होगा, जिसमें इस मैच को जीतने वाली टीम खिताब मैच में भारतीय टीम का सामना 28 सितंबर को करेगी। बता दें कि अभी तक के एशिया कप के इतिहास में कभी भी भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला नहीं खेला गया है। (अनंत ज्ञान)

**महिला विश्व कप**

## श्रीलंका को हराकर भारत घरेलू हालात में खेलने का हटा सकता है दबाव : लैनिंग

**एजेंसी, दुबई**

आस्ट्रेलिया की दिग्गज क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए, ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए।

**भारत का गुवाहाटी में 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ पहला मुकाबजा**

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आईसीसी रिव्यू में कहा,''श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा, क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।''

भारत को गुवाहाटी में 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ पहला मैच खेलना है। भारतीय टीम कभी विश्व कप नहीं जीत सकी है। लैनिंग ने कहा,''अगर वे अच्छा खेलकर जीत दर्ज कर सके तो दबाव कम हो जाएगा। घरेलू विश्व कप में काफी दबाव होता है और अपेक्षाएं बहुत ज्यादा होती है। ऐसे में टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत बहुत जरूरी है।'' (अनंत ज्ञान)

## मुंबई इंडियंस ने केइटली को महिला टीम का बनाया कोच

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने वीरवार को आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं।



मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने एक बयान में कहा,''हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।'' नाइटली ने कहा,''मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नये मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं।'' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आज से कैनबरा में खेलेगी 5 मैचों की सीरीज

**एजेंसी, कैनबरा**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पांच मैचों के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्तूबर के बीच कैनबरा मं पांच मैचों की सीरीज खेलेगी।



फाइल फोटो

पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे, जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा।

भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे। इसमें भारत ने लगातार तीन मैच में बेल्जियम को हराया जबकि आस्ट्रेलिया पर भी जीत दर्ज की। नीदरलैंड ने हालांकि उसे शूटआउट में हराया। कोच तुषार खांडेकर ने कहा,''पिछले दौरे के बाद हमने कुछ पहलुओं पर काम किया है और एक टीम के रूप में प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। उम्मीद है कि आगामी पांच मैचों में हम दिखा सकेंगे कि हमने क्या सीखा है और कितनी मेहनत की है।' (अनंत ज्ञान)

## इन पिचों पर पावरप्ले या उसके ठीक बाद स्पिनरों को नहीं मिल रही मदद : चक्रवर्ती

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है एशिया कप में पावरप्ले के दौरान गेंद कठोर रहने से स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही इसके बाद गेंद नरम हो जाती है और क्षेत्ररक्षण की पाबंदियां नहीं रहने से मदद मिलती है।

एशिया कप में चार मैचों में छह से कम की प्रभावी इकोनॉमी रेट से चार विकेट लेने वाले चक्रवर्ती का किस्मत ने साथ नहीं दिया, क्योंकि टूर्नामेंट में उनकी गेंदों पर काफी कैच छूटे। यह पूछे पर कि क्या इस टूर्नामेंट में आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने ज्यादा सहज महसूस किया, तमिलनाडु के इस रहस्यमयी स्पिनर ने कहा कि गेंद नरम होने और फील्ड फैल जाने से मदद मिलती है।

चक्रवर्ती ने कहा,''गेंद जब कठोर होती है तो स्पिनरों को मदद नहीं मिलती। स्पिनर के नजरिए से कहूं तो पावरप्ले या उसके ठीक बाद गेंदबाजी में इन पिचों पर मदद नहीं मिलती, लेकिन मैच आगे बढने और फील्ड के फैल जाने से हालात बेहतर हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा कि पावरप्ले में रनों की गति रोकने का विकल्प नहीं होता बल्कि आपको विकेट लेने होते हैं।

उन्होंने कहा,''पावरप्ले में मेरा लक्ष्य विकेट लेना ही होता है। मैं उस एक गेंद की तलाश करता हूं जो सही जगह पर पड़े और थोड़ा टर्न ले, ताकि विकेट मिल सके।'' चक्रवर्ती ने कहा,''ऐसे में थोड़े रन भी चले जायें तो भी मैं आक्रामक गेंदबाजी करके विकेट लेने की ही कोशिश करता हूं।'' उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ भी गेंद पुरानी होने के बाद वह अधिक प्रभावी गेंदबाजी कर सके। उन्होंने कहा,''गेंद पुरानी होने के बाद मुझे विकेट से मदद मिलने लगी।'' भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराया और रविवार को फाइनल में टक्कर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** करुण नायर का कटा पत्ता, शुभमन गिल कप्तान और रविंद्र जडेजा को बनाया उपकप्तान

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम इस वक्त एशिया कप के लिए दुबई में मौजूद है। जहां टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। इसी बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। स्क्वाड में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं करुण नायर को भी टीम के बाहर कर दिया गया है। बता दें कि रविंद्र जडेजा को टीम का नया उपकप्तान बनाया गया है।

टीम इंडिया में लंबे समय के बाद वापसी करने वाले करुण नायर को इस सीरीज के लिए स्क्वाड से बाहर कर दिया गया है। दरअसल करुण नायर ने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन किया था। जिसके बाद इंग्लैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें टीम इंडिया में चुना गया। वहां उनके पास खुद को साबित करने का शानदार मौका था, लेकिन वह ऐसा कर पाना में सफल नहीं हो सके और टीम सेलेक्टर्स ने उन्हें इस बार मौका नहीं दिया। इन प्लेयर्स को मिला मौका करुण नायर की जगह इस सीरीज में देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया गया है। देवदत्त पडिक्कल ने हाल के समय में घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। देवदत्त पडिक्कल के अलावा एन जगदीशन भी स्क्वाड में शामिल किए गए हैं। एन जगदीशन को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दौरान टीम में मौका तब मिला था, जब पंत बीच सीरीज में घायल हो गए थे। इस बार उन्हें पहले से ही स्क्वाड में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड

**शुभमन** गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, एन जगदीशन, साई सुदर्शन।

### बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेंगे दोनों टेस्ट: अगरकर

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पुष्टि की है कि जसप्रीत बुमराह दोनों वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट और उपलब्ध हैं। टीम में बुमराह की उपलब्धता पर पहले कुछ सवाल उठे थे, क्योंकि इंग्लैंड दौरे के दौरान उन्होंने सभी मैच नहीं खेले थे और वर्कलोड मैनेजमेंट पर चर्चा हो रही थी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर ने कहा कि बुमराह मैदान में उतरने के लिए तैयार और उत्साहित हैं। अगरकर ने बताया कि बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पाचवें टेस्ट में हिस्सा नहीं लिया और एशिया कप के मैच भी उचित अंतराल पर खेले गए इसलिए उन्हें पर्याप्त आराम मिला और वह पूरी तरह फिट हैं। अगरकर ने कहा कि यह टीम दोनों टेस्ट मैचों के लिए है।